दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 132 | जयपुर | मंगलवार , 18 मार्च, 2025 | चैत्र, कृष्ण पक्ष चतुर्थी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

■ मौसम जयपुर

29.0⁰ अधिकतम तापमान | 18.0⁰ न्यूनतम तापमान

■ बाजार शेयर बाजार

सेंसेंक्स | 74,169.95 +341.05 (0.46%)

निफ्टी | 22,509.65 +112.45 (0.50%)

■ सर्राफा सोना/चांदी

सोना | 90,520 /10g

चांदी | 1,02,900 /Kg





# रायसीना डायलॉग में शामिल हुए पीएम मोदी

## न्यूजीलैंड पीएम ने समिट को संबोधित किया, कहा- भारत को इंडो-पैसिफिक में जरूरी रोल निभाना है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नई दिल्ली में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10वें रायसीना डायलॉग के उद्घाटन में शामिल हुए। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने बतौर चीफ गेस्ट समिट को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। न्यूजीलैंड हिंद-प्रशांत में अपने हितों के लिए भारत जैसे साझेदारों की ओर देख रहा है।

इस साल के सम्मेलन में अमेरिका की सीक्रेट एजेंसी डायरेक्टर तुलसी गबार्ड, यूक्रेनी विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा और कई अन्य सीनियर डिप्लोमैट्स शामिल हो रहे हैं।

ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन और विदेश मंत्रालय की तरफ से किए जाने वाला यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रही उथल-पुथल, खासकर रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर हो रहा है।

3 दिन का यह सम्मेलन 19 मार्च तक चलेगा। इस बार के रायसीना डायलॉग की थीम- कालचक्र- पीपुल, प्लेस एंड प्लेनेट है। इसमें करीब 125 देशों के 3500 से ज्यादा लोग शामिल होंगे।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन ने समिट को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नमस्कार, सत श्री अकाल! बोलकर लोगों को संबोधित किया। लक्सन ने चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के लिए भारत को बधाई दी।





### संबोधन की प्रमुख बातें...

- मोदी के कार्यकाल में भारत में 25 करोड़ लोग घोर गरीबी से बाहर निकले। हमें भारत के साथ मजबूत संबंध और बेहतर सैन्य साझेदारी की जरूरत है।
- भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। न्यूजीलैंड हिंद-प्रशांत में अपने हितों के लिए भारत जैसे साझेदारों की ओर देख रहा है।
- हम एक ऐसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रहना चाहते हैं, जहां देश मुक्त होकर अपना रास्ता चुनने के लिए आजाद हों, जहां कोई भी देश हावी न हो।
- भारत जैसे देश विश्व को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, उन्हें ग्लोबल पॉलिसी निर्माताओं की बैठक में जगह मिलना चाहिए।
- हम भारत के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर विचार कर रहे हैं।
- जल्द ही खेल बदलने वाला है क्योंकि हम टेक्नोलॉजी की दुनिया में एआई के उभार से बदलाव की कगार पर हैं।
- हाल ही में दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत हासिल की। जिससे मेरा भी दिल टूटा, लेकिन मैं आपको बधाई देना चाहूंगा।
- रायसीना डायलॉग हर साल दुनिया भर के नेताओं को हिंद महासागर में रणनीतिक चुनौतियों पर मिलकर बात करने का मौका देता है।
- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने न्यूजीलैंड के पीएम उनके भाषण के लिए शुक्रिया कहा। जयशंकर ने कहा कि आज के ग्लोबल ऑर्डर में अलग ढंग से सोचने और क्रिएटिव हव निकालने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीबीआई पर आरोप-कोलकाता रेप-मर्डर केस की सही जांच नहीं की

#### सुप्रीम कोर्ट ने पेरेंट्स को कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की परमिशन दी

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने स्वत: संज्ञान लेते हुए पीड़ित के पेरेंट्स को कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की अनुमति दे दी। परिवार की मांग है कि, इस मामले में सीबीआई ने सही से जांच नहीं की। याचिका में मुख्य आरोपी संजय रॉय के अलावा अन्य आरोपियों के शामिल होने का पता लगाने के लिए आगे की जांच की मांग की गई।

पीड़ित के पिता ने कहा, हमने हाईकोर्ट में याचिका दायर करके 54 सवाल पूछे हैं। अदालत को उन सवालों के जवाब देने हैं ताकि मेरी बेटी को न्याय मिले। मेरी बेटी के रेप और मर्डर में कई लोग शामिल हैं। और सबूतों से छेड़छाड़ में कई लोग शामिल हैं। पुलिस ने जांच के लिए डॉग स्क्वॉड को बुलाया था, लेकिन हमें अभी तक इसकी कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों से जनता को लूट रही है सरकार: खरगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पेट्रोल एवं डीजल की कीमतें न घटाकर जनता को लूट रही है।

खरगे ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में लगातार गिरावट आ रही है, लेकिन सरकार पेट्रोल और डीजल की कीमतों कम नहीं कर रही है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''कच्चे तेल की क़ीमत रही है लगातार लुढ़क, पेट्रोल-डीज़ल की क़ीमतों को न घटाज मोदी सरकार जनता को लूट रही बेधड़क। लंबे-लंबे एकतरफ़ा पॉडकास्ट कर मोदी जी जनता को केवल मन की बात सुनाते हैंज तेल के खेल में उलझा कर महंगाई के आंसू रुलाते हैं।'' उन्होंने कहा, ''मई 2014 से अब तक 34 प्रतिशत गिरा कच्चा तेल, 10 साल में 36 लाख़ करोड़ रुपये का कर वसूली खेल।

## राजस्थान मंडपम के संबंध में उच्चस्तरीय बैठक

# राजस्थान मंडपम से मिलेगी प्रदेश को नई पहचान, प्रदेश में बढ़ेगा 'कॉन्फ्रेंस टूरिज्म' : मुख्यमंत्री शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर बनाने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए राज्य सरकार औद्योगिक, पर्यटन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान मंडपम के माध्यम से व्यापारिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवायी जाएगी, ताकि प्रदेश बड़े-बड़े आयोजनों के लिए पहली पसंद बनने के साथ ही यहां कॉन्फ्रेंस टूरिज्म को बढ़ावा मिल सके। श्री शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जयपुर में प्रस्तावित राजस्थान मण्डपम की कार्ययोजना के संबंध में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राजस्थान मंडपम में हॉलिस्टिक अप्रोच के साथ आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की पुख्ता कार्ययोजना बनाई जाए ताकि यहां पर छोटे से लेकर बड़े प्रकार के आयोजन सुगमता से हो सके।

### हैरिटेज के साथ हाईटेक सुविधाओं से लैस हो राजस्थान मंडपम, हॉलिस्टिक अप्रोच के साथ विकसित की जाएं सुविधाएं

### प्रदेश के लिए हो गर्व का विषय

श्री शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'विकास के साथ विरासत भी' के संकल्प को ही आधार मानते हुए राजस्थान मण्डपम में प्रदेश के हैरिटेज के साथ हाईटेक सुविधाएं विकसित की जाए, जिससे यह स्थल सांस्तिक और व्यावसायिक आयोजनों के साथ ही स्थानीय कला, संस्ति और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख आकर्षण केन्द्र भी हो एवं यह प्रदेश के लिए गर्व का विषय भी बन सके। बैठक में उन्होंने विकसित होने वाले कन्वेंशन सेन्टर, एक्जीबिशन सेन्टर, मीटिंग हॉल एवं आगन्तुकों के लिए पार्किंग सुविधाओं को विकसित किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में राजस्थान मंडपम के निर्माण की प्रस्तावित कार्ययोजना के बारे में प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त श्री अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) श्री शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग श्री अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) श्री आलोक गुप्ता व रीको के वरिष्ठ अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर मोदी का पॉडकास्ट शेयर किया




### मोदी ने इंटरव्यू में कहा था- ट्रम्प ने मेरे लिए प्रोटोकॉल तोड़े, हमारे बीच अटूट भरोसा

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर भारत के पीएम नरेंद्र मोदी का पॉडकास्ट इंटरव्यू शेयर किया है। इसके साथ ट्रम्प ने कोई कैप्शन नहीं दिया। ये इंटरव्यू अमेरिकन यूट्यूबर लेक्स फ्रिडमैन ने लिया था। इसे रविवार को लाइव किया गया।

इस इंटरव्यू में पीएम मोदी ने ट्रम्प की तारीफ की थी। उनसे पूछा गया आपने हाल ही में अमेरिका का दौरा किया और ट्रम्प के साथ अपनी दोस्ती को एक बार फिर मजबूत किया। एक दोस्त और एक नेता के तौर पर आपको डोनाल्ड ट्रम्प की क्या बात अच्छी लगती है? इस पर मोदी ने कहा, ट्रम्प और मेरे बीच विश्वास का अटूट रिश्ता है। हम आमने-सामने भले ही न मिलें, पर हमारा डायरेक्ट और इनडायरेक्ट कनेक्शन होता रहता है।

इस पॉडकास्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-चीन संबंधों पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए। टकराव के बजाय भारत और चीन को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में शामिल होना चाहिए।





# सोना 1,258 बढ़कर 88,101 के ऑल टाइम हाई पर

## 76 दिन में 11,939 दाम बढ़े; चांदी 1,445 बढ़कर 99,767 प्रति किलो हुई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमत 17 मार्च को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,258 बढ़कर 88,101 हो गया है। इससे पहले गोल्ड ने 13 मार्च को 86,843 का हाई बनाया था। वहीं, एक किलो चांदी आज 1,445 महंगी होकर 99,767 प्रति किलो पर पहुंच गई है। बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन गुरुवार को चांदी का भाव 98,322 रुपए प्रति किलो था। चांदी ने इससे पहले 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 प्रति किलो का हाई बनाया था।



**कैरेट के हिसाब से सोने की कीमत**

| कैरेट | भाव ( रु/10 ग्रा ) |
|---|---|
| 24 | 88,101 |
| 22 | 80,701 |
| 18 | 66,076 |

**4 महानगरों में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 82,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,710 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 82,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,560 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 82,100 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 89,560 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 82,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,560 रुपए है।

**सोने में तेजी के 3 कारण**

- ट्रम्प के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने से जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ गई हैं।
- डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने से सोना महंगा हो रहा है।
- शेयर बाजार में गिरावट से लोग गोल्ड में निवेश बढ़ा रहे हैं।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# तुमको मेरी कसम के प्रीमियर में स्टारकास्ट, राज्यपाल एवं जनप्रतिनिधियों ने की भागीदारी, फिल्म को मिली प्रंशसा

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** आईवीएफ मैन डॉ. अजय मुर्डिया की जीवनी पर बनी उनकी बायोपिक फिल्म तुमको मेरी कसम का उदयपुर के पीवीआर सिनेमाघर में प्रीमियर आयोजित किया गया। जिसमें फिल्म की स्टारकास्ट,पंजाब के राज्यपाल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। फिल्म का प्रीमियर देखनें के बाद उसे जबरदस्त प्रंशसा मिली।

प्रेरणादायक जिंदगी पर बनी फिल्म ''तुमको मेरी कसम'' के प्रीमियर का, और शहर का पीवीआर सिनेमा सितारों की जगमगाहट से रोशन हो उठा। प्रीमियर के दौरान बॉलीवुड सितारों से सजी फिल्म की स्टारकास्ट अनुपम खेर, अदा शर्मा, ईशा देओल, इश्वाक सिंह, मेहरजान मज्दा और सुशांत सिंह रेड कार्पेट पर उतरें, तो दर्शकों का जोश सातवें आसमान पंहुच गया था। उनके साथ डॉ. अजय मुर्डिया'' और ''पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया' मौजूद थे। ईशा देओल की धमाकेदार वापसी-लंबे समय बाद सिल्वर स्क्रीन पर वापसी कर रही ''ईशा देओल'' की एन्ट्री भी फैंस के लिए एक सरप्राइज रहीं। 2015 के बाद अब वह बड़े पर्दे पर लौट रही हैं, और उनके लुक्स से लेकर परफॉर्मेंस तक चर्चा में रहा। सोशल मीडिया पर छाया फिल्म का ट्रेलर-फिल्म का ट्रेलर पहले ही सोशल मीडिया पर धूम मचा चुका है। फैंस ने इसे खूब सराहा है और अब सबकी नजरें ''21 मार्च'' पर टिकी हैं, जब यह फिल्म ''वर्ल्डवाइड रिलीज'' होगी। विक्रम भट्ट की मास्टरपीस-फिल्म को ख्यातनाम निर्देशक विक्रम भट्ट ने निर्देशित किया है। विक्रम भट्ट'' ने, जो अपने थ्रिलर और इमोशनल ड्रामा के लिए मशहूर हैं। उन्होंने इस फिल्म की कहानी भी खुद लिखी है, जो समाज को एक नई दिशा दिखाने वाली है। डॉ. अजय मुर्डिया ने समाजसेवी मनोज आंचलिया को एक भेंट में बताया कि इन्दिरा मुर्डिया के देहान्त के बाद कुछ अलग करने की सोची। जिस पर उन पर फिल्म बनानें का ख्याल आया। तुमको मेरी कसम फिल्म में देश की जनता को कुछ अलग कहानी देखने को मिलेगी। उदयपुर के कुछ कलाकारों को इसमें मौका दिया है,जो उनके भविष्य को नया मार्ग दिखायेगा।

## पांच दिवसीय राजस्थान इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो में होंगे एमएसएमई उद्यमियों के लिये तकनीकी सेशन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** उदयपुर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री और पीएचडी चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स ऑफ़ इंडस्ट्री' द्वारा यूसीसीआई में 19 मार्च से प्रारम्भ हो रहे पांच दिवसीय राजस्थान ट्रेड एक्सपो में एमएसएमई कारोबारियों के लिये विशेष दो तकनीकी सत्र आयोजित किये जायेंगे। पीएचडीसीसीआई के राजस्थान प्रमुख एवं अध्यक्ष आर.के.गुप्ता ने बताया कि जीएसटी पर आयोजित होने वाले तकनीकी सत्र में कारोबारियों को दिल्ली से आने वाले विषय विशेषज्ञ यह बतायेंगें कि जीएसटी से डरने की आवश्यकता नहीं है। जीएसटी एमएसएमई कारोबारियों के लिये काफी लाभप्रद है। यूसीसीआई के अध्यक्ष मांगीलाल लुणावत ने बताया कि 19 मार्च को प्रात: जिला कलेक्टर नमित मेहता उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन सत्र में ही पीएचडीसीसीआई के इन डायरेक्ट टेक्स कमेटी के को-चेयरमैन पवन अरोड़ा नेविगेटिंग जीएसटी कम्पालायसेंस एण्ड अर्पोच्युनिटी फॉर एमएसएमई इन उदयपुर विषय पर अपने विचार रखेंगे। यूसीसीआई के सचिव डॉ. पवन तलेसरा ने बताया कि कार्यक्रम में हिजिंलि के सीईओ अरूण मिश्रा अपना संबोधन देंगे। पीएचडीसीसीआई के उप महासचिव नवीन सेठ व ट्रेड फेयर कन्सलटेन्ट हरदीपसिंह ने बताया कि 20 मार्च को तथास्तु रिसोर्ट में राजस्थान टूरिज्म सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। जिसमें राज्य के पर्यटन से जुड़े उद्यमियों को सम्मानित किया जायेगा। पीएचडीसीसीआई उदयपुर के कन्वीनर मुकेश माधवानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रतिदिन सांयकाल स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। राइटेक्स-2025 में अलग-अलग राज्यों के विभिन्न व्यंजनों के फूड कोर्ट भी लगाये जाऐंगे। जिसमें लगभग 50000-60000 व्यापारिक एवं अन्य आगंतुकों के आने की सम्भावना है। उद्घाटन समारोह 19 मार्च को प्रात:11 बजे से प्रारम्भ होगा।

## फोर्टी विंग वूमेन उदयपुर द्वारा महिलाओं के लिए सकारात्मक और स्पोर्टिव वातावरण बनाने पर परिचर्चा आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** फोर्टी विंग विमेन द्वारा महिलाओं के लिए एक सकारात्मक और स्पोर्टिव वातावरण बनाने के उद्देश्य को लेकर एक परिचर्चा की गई। इस चर्चा में महिलाओं को लिंग समानता, मानसिक तनाव, कार्य दबाव, पालन-पोषण और कैरियर से संबंधित चुनौतियों का सामना करने पर चर्चा की गई। मुख्य पैनलिस्ट लीना शर्मा ने कहा कि अगर समाज में कुछ बदलना है तो महिलाओं को लोगों की राय पर ध्यान नहीं देना चाहिए और सिर्फ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहना चाहिए। आरजे अंशुमान ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे पालन-पोषण में ही बच्चों को महिला और पुरुष के प्रति एक बराबरी की नज़रिया के बारे में समझाया जाए। डॉ. शालिनी भार्गव ने कहा कि महिलाएं अपने लुक्स के साथ-साथ अपने संपूर्ण स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए, जिससे वे ज्यादा खुश रह सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को एक दूसरे का समर्थन करना चाहिए और प्रतिस्पर्धा की जगह सहयोग पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम की मॉडरेटर फोर्टी की जनरल सेक्रेटरी डॉ. हर्षा कुमावत रहीं। प्रेसिडेंट शिखा सिंघल ने उपर्णा पहनाकर और स्मृति चिन देकर आए हुए पैनलिस्ट का स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन निवेदिता त्रिवेदी ने किया।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने नायक शहीद कमांडो कुलदीप सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** तिघरिया में नायक शहीद कमांडो कुलदीप सिंह के प्रतिमा अनावरण समारोह में प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव सचिन पायलेट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोपहर करीब 1.30 बजे सचिन पायलट पहुंचे ।2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। शहीद की वीरांगना का सम्मान किया ।माता व पिता का भी मंच पर सम्मान किया। विधायक ने वीरांगना मनोज देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। ब्लैक कमांडो टीम में चयन हुआ ।विजय बेंसला ने कहा - हमारा क्षेत्र में देशभक्ति की भावना कूट कूट कर भरी है। 9 वीं अनुसूची पर उद्बोधन दिया प्रतिमा देख गर्व हुआ। पार्टी कोई भी हो, देश, जिला व गांव आगे बढ़ना दौसा विधायक .. बी सी बैरवा ने कहा शहीद कुलदीप से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। युवाओं को देशहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। पूर्व विधायक लाखन सिंह कटकड़, मेरठ से सपा विधायक अतुल प्रधान- परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त किया। देश मजबूत बनता है हल चलाने वाले किसान और जवान से। उन्होंने प्रदेश के भावी मुख्यमंत्री के रूप में सचिन पायलट के संघर्ष में एकजुट होने की बात कही। 36 कोमो के लिए पायलट के साथ है।

उन्होंने समाज को आव्हान किया सभी जातियों व धर्म का सम्मान करे। विधायक अनीता जाटव - राम राम सा व देवनारायण भगवान के जयकारों से उद्बोधन किया।

उन्होंने कहा कि देवलेन - तिघरिया क्षेत्र वीर जवानों का क्षेत्र है। सांसद भजन लाल जाटव - 9 वीं अनुसूची को लेकर मेने व दौसा सांसद ने लोकसभा में प्रस्ताव रख दिया। सांसद कुलदीप सिंह की स्मारक व पार्क के लिए दस लाख रुपए देने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर करौली सांसद भजनलाल जाटव, राज्यसभा सांसद मूलचंद मीणा,हिंडौन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवराज बेनीवाल, हिंडौन विधायक अनीता जाटव, पूर्व विधायक ओम प्रकाश हुडला, दौसा विधायक डीसी बैरवा, करौली पूर्व विधायक लाखन सिंह, टोड़ाभीम विधायक घनश्याम महर, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष शरदो गुर्जर अलका मीना, विशाल मीणा, नरोत्तम गुर्जर, काफी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## जगन फाउंडेशन ने 14 गांव में 1500 महिलाओं तक स्वास्थ्य, वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पहुँचाये

बढ़ता राजस्थान

**राजाखेड़ा (राजू शर्मा)।** जगन संकल्प इनोवेशन फाउंडेशन ने मार्च महीने को "woman's month" बनाकर महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं का गिफ्ट धौलपुर जिले को दिया है। फाउंडेशन के डायरेक्टर मालविका मुदगल और दुश्यंत अशोक शर्मा ने मासिक धर्म कार्यक्रम के साथ एक नये प्रोजेक्ट लक्ष्मी का उद्घाटन किया हैं। प्रोजेक्ट लक्ष्मी ग्रामीण महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम है जो कि महिलाओं के लिए पैसे की बचत और बढ़त से अवगत कराता है केन्द्र और राज्यस्तर पर चल रही सरकारी योजनाओं की जागरूकता बढ़ाता है ।इंडिया पोस्ट ऑफिस बैंक के साथ जगन फाउंडेशन महिलाओं के बैंक में खाते,बीमा,सुकन्या समृद्धि योजना,चिरंजीवी योजना,इत्यादि के बारे में जानकारी देता हैं ।संस्था पिछले साल से मासिक धर्म कार्यक्रम चला रही हैं ।साथ ही इस पहल से ग्रामीण बच्चियों और महिलाओं को किशोरी अवस्था संबंधित जानकारी देकर , रियूजेबल सैनिटरी पैड्स का फ्री वितरण कर रही है ।इस महीने जगन फाउंडेशन की संस्थापक मालविका मुद्ग़ल और दुष्यंत अशोक शर्मा ने 14 गांव में कैंप लगाकर 1500 महिलाओं तक दोनों योजनाएं पहुंचाई हैं।

जिन गांवों में धौलपुर के डोंगरपुर, बेहरावती,गुन्ना का पूरा ,बद्रिका, गुर्जा,बरखेड़ा राजाखेड़ा के सामौर, बीलपुर,दुवाटी, चौहानपुरा बसेड़ी के चोरपुरा, तिलऊआ बाड़ी के अलीगढ़, सहरौली,सैंपऊ अन्य शामिल हैं। मालविका मुद्ग़ल ने कहा कि हमारी संस्था का यह उद्देश्य है कि हम धौलपुर जिले की हर महिला का पूर्ण रूप से विकास हो हर महिला को जब अच्छा स्वास्थ्य,शिक्षा,रोजगार और वित्तीय साक्षरता मिलेगी तभी उसका विकास होगा ।दुष्यंत अशोक शर्मा ने कहा कि जगन संकल्प फाउंडेशन द्वारा हम धौलपुर जिले भर में विकास कार्य की पहल कर रहे हैं । हमारा ध्यान महिलाओं और युवाओं पर खास केंद्रित है क्योंकि इन वर्ग में काम करने से पूरे समाज की वृद्धि होगी।

# होली जलने के साथ ही मेवाड़ में शुरू हुआ ढूंढोत्सव

### 1 वर्ष में जन्मे नवजात बालकों के लिए निभाई जाती है परंपरा, नवजात के चारों तरफ लाठियां से शोर और लगाए जाते हैं जयकारे, कांकरोली में पालीवाल समाज ने किया सामूहिक ढूंढोत्सव का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** कांकरोली,मेवाड़ में होली जलने के साथ ही विभिन्न सामाजिक परंपराओं के उत्सव शुरू हो जाते हैं। इन्हीं परंपराओं में से एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है ढूंढोत्सव। जो होली जलने के बाद धुलण्डी से दशामाता के बीच यह आयोजन किया जाता है। पिछले 1 वर्ष में जन्मे नवजात बालक को सुंदर सजाकर तैयार किया जाता है और एक छोटे बच्चे की गोद में साजे संवरे चौक मे बिठाया जाता है। इसके चारों ओर समाज के लोग डंडे का शोर करते हैं और मंत्र उच्चारण कर बालक के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इसके बाद जोरदार जयकारे लगाए जाते हैं। मान्यता यह है कि बालक जन्म से पूर्व 9 माह तक मां के गर्भ में रहा है। दुनिया के शोरगुल से अनजान रहने के बाद अब दुनिया में उसे इन सभी शोरगुल का सामना करना है। इसी लिहाज से लाठियां और जयकारों के शोर से उसे रूबरू कराया जाता है ताकि उसकी चमक मिट सके। वह कहीं भी इस तरह की तेज ध्वनि सुनकर डर नहीं जाए। यही डर निकालने के लिए ढूंढोत्सव मनाया जाता है। इस उत्सव के माध्यम से लोगों में आपसी सौहार्द बढे और सामाजिक भावना पनपे इसी के चलते पालीवाल समाज के 16 घर विकास समिति ने सामूहिक आयोजन शुरू किया है। पालीवाल समाज 16 घर व्यवस्था कमेटी द्वारा कार्यक्रम के बाद सामूहिक भोज भी आयोजित किया गया।

## राजसमंद में ट्रेफिक सेफ्टी पार्क बदहाल हालत में,2023 मे परिवहन विभाग ने 24 लाख की लागत से बनाया था पार्क



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजस्थान सरकार ने आमजन को यातायात की जानकारी देने और नए बच्चों को खेल खेल मे यातायात नियमों से रूबरू करने के उद्देश्य से हर जिला मुख्यालय पर एक ट्रैफिक सेफ्टी पार्क डेवलप किया है। राजसमंद में यह पार्क सिद्धार्थ नगर के पास करीब 5 बीघा जमीन में 24 लाख रुपए की लागत से बनाया गया था। लेकिन इसकी देखरेख और रखरखाव की जिम्मेदारी किसी को नहीं दी गई। जिसके चलते आज या पार्क बदहाल हालत में है। परिवहन विभाग के अधिकारियों को तो यह भी पता नहीं है कि यह पार्क बना कहां है। जबकि असामाजिक तत्वों का अड्डा बने इस पार्क में केवल कांटिया और आंकड़ों के पेड़ के अलावा कुछ नहीं है ।आवारा मवेशियों का यहां आतंक मचा रहता है और इस कॉलोनी में सड़क,पानी,रोड लाइट जैसी मूलभूत सुविधाएं भी अब तक नहीं मिल पाई। कॉलोनी वासियों का आरोप है कि नगर परिषद भी उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है जबकि कॉलोनी बनने के दौरान उनसे पर्याप्त राजस्व वसूल किया गया था लेकिन जिम्मेदारी के नाम पर नगर परिषद ने कुछ नहीं किया।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एआईसीसी महासचिव पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट , करौली धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव , टोडाभीम विधायक घनश्याम मेहर का स्वागत किया



बढ़ता राजस्थान

**मेहन्दीपुर बालाजी (भरत सिंह)।** सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं नेएआईसीसी महासचिव पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट करौली धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव टोडाभीम विधायक घनश्याम मेहर का तिगरिया शहीद की मूर्ति अनावरण व किसान सम्मेलन को संबोधित करने जाते समय करौली जिला की सीमा अतरहैड़ापर माला साफा पहनकर स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव सत्येंद्र शर्मा बालाजी टोडाभीम ब्लॉक अध्यक्ष रामचरण जी मीणा जिला परिषद सदस्य सुग्रीव बैरवा पाटोली सरपंच सुमेर गुर्जर टोडाभीमनगर अध्यक्ष शकील अहमद पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सूरजभान मीणा जिला उपाध्यक्ष भंवर मीणा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महासचिव हरगुन मीणा फतेह गुर्जर वेदराम सैनी सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 20 अप्रैल तक भर सकेंगे केंद्रीय खेल कूद प्रशिक्षण शिविर के आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** खेल विभाग एवं राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के तत्वावधान में 65वा केंद्रीय आवासीय खेल कूद प्रशिक्षण शिविर आबू पर्वत में दिनांक 21 मई से 10 जून 2025 तक हैंडबॉल, वॉलीबॉल, बॉस्केटबॉल, एथलेटिक्स व तीरंदाजी खेलों में बालक व बालिका वर्ग में आयोजित किया जाएगा।

## मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन सक्षम नेत्र महाकुंभ की अनूठी पहल

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** सक्षम संस्था द्वारा आयोजित नेत्र महाकुंभ प्रयागराज में देश के कोने कोने से आने वाले तीन लाख श्रद्धालुओं, साधु संतों की नेत्र जाँच कर लगभग दो लाख मरीजों को निशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया गया। लगभग पचास हजार मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिंहित किये गये उनका ऑपरेशन भी किया जा रहा है ।जयपुर प्रांत के नेत्र कुंभ संयोजक सुनील सिंघल ने बताया कि कुंभ प्रयागराज से लौटे मंडरायल के समीप पाचौली गांव निवासी पूरन कश्यप को सक्षम नेत्र महाकुंभ प्रयागराज में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिंहित किया गया। उनका निशुल्क ऑपरेशन नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवीण कांत शर्मा द्वारा देव दृष्टि आई हास्पिटल हिंडौन सिटी में किया गया। सक्षम जिला अध्यक्ष गजानंद शर्मा, संपर्क प्रमुख योगेश बंसल ने बताया कि कुंभ में जो लोग अपना ऑपरेशन नहीं करा पायें उनके अपने निवास क्षेत्र में ही सक्षम की स्थानीय टीम उनसे सम्पर्क कर उनके निवास जिले के नजदीकी अस्पताल में फ्री ऑपरेशन करवाने में मदद कर रहीं हैं ।इस अवसर पर सक्षम जिला करौली द्वारा सामाजिक सरोकार के कार्यों में तत्पर रहने वाले वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ देव दृष्टि आई हास्पिटल निदेशक डॉ प्रवीण कांत शर्मा का नेत्र महाकुंभ का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।

## महिलाओं की सामूहिक 16 दिन की गणगौर की पूजा

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** चैत्र मास की शुरुआत के साथ राजस्थान में गणगौर पर्व की शुरुआत हो गई है। हिंडौन सिटी में सोमवार को महिलाओं ने सामूहिक रूप से गणगौर की पूजा-अर्चना की भालपुरा हनुमान मंदिर के पास महिलाएं सिर पर जल से भरे कलश और दूब लेकर पूजन स्थल पर पहुंचीं। उन्होंने भंवर पूजन और गण गौर के भजन गाते हुए विधिवत पूजा कीपूजन में शामिल मोना ऐरण ने बताया कि गणगौर पर 16 दिनों तक चलता है इस दौरान महिलाएं सज-धजकर पूजा करती है यह पूजा घर और बगीचों में सामूहिक रूप से की जाती हैपूजा में शामिल रेखा गुप्ता, वर्षा गुप्ता, मंजू गुप्ता, सुनीता गुप्ता, ऊषा आर्य, मधु गुप्ता, शशी गुप्ता, नीरू गुप्ता, रेखा गुप्ता सुनीता सैन, सहित अनेक महिलाएं मौजूद रही ।

## वृक्षम अमृतम ने किया वृक्षारोपण



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** वृक्षम अमृतम सेवा संस्थान और राजस्थान महिला टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान मे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लखावली में 51 पेड़ लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया स वृक्षारोपण में 51 आम, नीम, केले, मालेश्री और चीकू के पेड़ लगाए गए कार्यक्रम में सरपंच मोहन डांगी, वृक्षम अमृतम सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोपेश शर्मा, उपाध्यक्ष अनिल पारिख, सचिव यशवंत त्रिवेदी, शिव शंकर पालीवाल, महेश उपाध्याय, उपस्थित थे ।अध्यक्ष गोपेश शर्मा ने विधार्थियों को वृक्षो के महत्व के बारे में बताते हुए , संरक्षण की शपथ दिलाई स विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मंजुलता परिहार ने सभी अतिथियों का ऊपरना ओढ़ाकर स्वागत किया ।लखावली गांव में प्लास्टिक मुक्त भारत विषय पर सामुदायिक जागरूकता के उद्देश्य से रेली निकाली गई ।रेली में विद्यार्थियों द्वारा प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को संदेश के माध्यम से बताया गया ।

कार्यक्रम में डॉ शैलजा भारद्वाज, डॉ निरुपमा शर्मा, चंद्रावती जोशी और दिव्या राजावत उपस्थित थे स कार्यक्रम समन्वयक डॉ निरुपमा शर्मा ने धन्यवाद दिया।

## टीबी उन्मूलन में पोषण का महत्व जरूरी टीबी-अलर्ट इंडिया की पहल..

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** संजीवनी परियोजना के तहत टीबी अलर्ट इंडिया ने राजस्थान राज्य जयपुर प्रथम में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के सहयोग से राजकीय चिकित्सालय आमेर में 40 टीबी के मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया। यह पहल टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान कर उनके उपचार को बनाए रखने और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। टीबी अलर्ट इंडिया के राजस्थान प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. अभिषेक सुरोलिया ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संतुलित पोषण टीबी मरीजों की रिकवरी को तेज करने दवाओं के प्रभाव को बेहतर बनाने और पुन: संक्रमण के खतरे को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है कुपोषण टीबी मरीजों के लिए एक बड़ी चुनौती है और इस तरह की पहल उनके उपचार को अधिक प्रभावी बनाने में मददगार साबित होती है इसलिए टीबी अलर्ट इंडिया हमेशा मरीजों की सहायता और स्वास्थ्य की देखभाल के लिए अग्रसर रहा है और आगे भविष्य में भी रहेगा। इस अवसर पर डॉ. अभिषेक सुरोलिया, डॉ आशीष सक्सेना(अस्पताल अधीक्षक,आमेर), डॉ. अशोक वर्मा, डॉ. अल्पना, डॉ. लोकेंद्र धाबी, विनय पवार (एसटीएस), किरण यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई आयोजित

# आमजन तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाया जाना हो सुनिश्चित

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने चिकित्सा अधिकारियों को दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर,( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने चिकित्सा अधिकारियों को जिले के प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के निर्देश दिये हैं। सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर ने विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिले में चल रहे टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को तम्बाकू का सेवन करने वाले लोगों की स्क्रीनिंग करने एवं आधिकारिक निक्षय मित्र बनाकर अभियान को गति दिए जाने हेतु निर्देशित किया। गैर संचारी रोग कार्यक्रम पर चर्चा के दौरान उन्होंने कार्यक्रम के प्रति गंभीरता बरतते हुए आमजन की मधुमेह, रक्तचाप और कैंसर की स्क्रीनिंग किए जाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने राजश्री योजना एवं लाडो योजना के तहत लंबित भुगतान जल्द से जल्द जारी करने के निर्देश दिये।

उन्होंने मां योजना के अंतर्गत चिकित्सा संस्थानों में आईपीडी बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। पीसीपीएनडी कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने सेंटर विजिट एवं डिकोय किए जाने हेतु निर्देशित किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने वंचित बच्चों के शीघ्र उपचार के निर्देश दिए। आभा आईडी, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना, एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी), मां वाउचर योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम, परिवार कल्याण, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण कार्यक्रम, आईएचआईपी पोर्टल सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। बैठक में एएनसी, पीएनसी एवं प्रसव की रिपोर्ट और लाइनलिस्ट की समीक्षा की गई। साथ ही बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) श्री देवेन्द्र कुमार जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प्रथम) डॉ. रवि शेखावत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (द्वितीय) डॉ. हंसराज भदालिया सहित ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी, सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र एवं प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र अधिकारियों सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# 32 बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी को किया पूर्णत: ध्वस्त

## अन्य स्थानों से हटाए अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन पीआरएन-साउथ में नारायण सरोवर में 60 फीट रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-10 में निजी खातेदारी की करीब 32 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को पूर्णत: ध्वस्त किया गया। साथ ही जोन-6 में चरण नदी, मुरलीपुरा के भूखण्ड संख्या 28 में अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के क्षेत्राधिकार में अवस्थित नारायण सरोवर के खसरा नं. 371 व 375 में 60 फीट रोड़ सीमा पर कब्जा-अतिक्रमण कर पिल्लर, तारबंदी कर झाडियां एवं मिट्टी मेड बनाकर अतिक्रमण कर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था जिससे स्थानीय लोगो आमजन को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड रहा था जिसकी सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर 60 फीट रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।जेडीए द्वारा जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित जयसिंहपुरा खोर, जिला जयपुर में करीब 32 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''नन्देष्वर महादेव'' के नाम से बनाई गई सीमेन्ट की सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन, लोखण्डा मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। इसी प्रकार जोन-06 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित चरण नदी के मुरलीपुरा, जिला जयपुर के खसरा नं. 390 व 391 भूखण्ड संख्या 28 में अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-06 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा लोखण्डा मषीन व मजदूरों की सहायता से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय व तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन- पी.आर. एन. (साउथ), 10, 06 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 91 आज तक कुल 474 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

# लोगों का अमन चैन छीन कर कोई उन्नति नहीं कर सकता : डॉ. सुनीलम

### अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना 829 वें दिन भी रहा जारी




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति द्वारा दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को लगातार 829 वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। धरने को पूर्व विधायक डॉ. सुनीलम संयुक्त किसान मोर्चा कोर कमेटी सदस्य व किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समर्थन दिया। धरना कमेटी सदस्यों समेत ग्रामीणों ने कुजोता मोड़ पर डॉ. सुनीलम व सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मीना का स्वागत किया। वहीं अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ नारे लगाते हुये धरना स्थल तक पैदल मार्च निकाला। जहाँ जनसभा को सम्बोधित करते हुये डॉ. सुनीलम ने कहा कि लोगों का अमन चैन छीन कर कोई उन्नति नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आबादी के नजदीक क्रेशर बन्द नहीं किया गया तो शीघ्र ही संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी व किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत जोधपुरा संघर्ष समिति के समर्थन में आने का ऐलान किया। जिससे धरनार्थियों में उत्साह बढ़ गया। सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मीना ने कहा कि खनन माफिया हमेशा किसान, मजदूर व भोले भाले ग्रामीणों का दमन करता है ओर प्रशासन, पुलिस, माइनिंग विभाग खनन माफिया के कवच का काम करते हैं। जिससे आमजन को दौहरी लड़ाई लडनी पड़ती है। जोधपुरा संघर्ष समिति के अध्यक्ष सत्यम सुरेलिया ने विस्तार से गांव कीसमस्याओं एवं अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट की कारगुजारियों के बारे में बताया। धरने को जोधपुरा संघर्ष समिति सहित शुक्लावास, पवाना अहीर, कूजोता, बुचारा व आसपास के अनेक गांवों के ग्रामीणों व किसानों ने समर्थन दिया। संचालन सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने किया। इस दौरान समिति उपाध्यक्ष सतपाल यादव, सचिव कैलाश यादव, प्रभुदयाल वर्मा, हरभगत नारवाल, दिनेश यादव, विजय यादव, भूपसिंह धानका, लीलाराम यादव, संकेश योगी, रामनिवास योगी, मदन योगी, हंसराज योगी, सुबेसिंह मीणा, रामनिवास अध्यापक, ओमप्रकाश यादव, रामस्वरूप सैन, सुरेश कुमार शर्मा, श्रीपाल यादव, राकेश कुमार खोल, गौरव सुरेलिया, राजेंद्र प्रसाद यादव, ओमप्रकाश, महिपाल यादव, रामस्वरूप मीणा, सुनील योगी, सियाराम यादव, सचिन यादव, जेपी कोटिया, पूर्व सरपंच नरेंद्र समेत बड़ी संख्या में महिलायें व ग्रामीण मौजूद रहे।

# वोल्यूमेट्रिक आकलन और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीकों के उपयोग पर 19 मार्च को विशेषज्ञ व लीज धारकों के बीच संवाद

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा माइनिंग सेक्टर में लगातार सुधार और सरलीकरण
- ड्रोन सर्वे क्षेत्र के विशेषज्ञ लीजधारकों को देंगे प्रस्तुतिकरण, नियम कायदों से भी कराएंगे रुबरु

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( का.स. )।** माइनिंग सेक्टर में वोल्यूमेट्रिक आकलन और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीकों के उपयोग पर 19 मार्च को जयपुर में तकनीकी विशेषज्ञ प्रदेश के खनिज लीज धारकों से सीधा संवाद कायम करेंगे। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर आयोजन खान विभाग व राजस्थान माइंस एवं मिनरल्स लि. द्वारा आयोजित किया गया है। प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम श्री टी. रविकान्त ने बताया कि राज्य में आधुनिकतम तकनीक के उपयोग और पारदर्शी व्यवस्था के तहत 1 अप्रेल, 2025 से सभी अप्रधान खनिज लीज धारकों को लीज क्षेत्र और उसके पास के 100 मीटर क्षेत्र का ड्रोन/एरियल सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने पिछले दिनों नई व्यवस्था के तहत ड्रोन/एरियल सर्वे में प्राप्त खनन रिपोर्ट और संबंधित लीजधारक द्वारा पूर्व में प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में अंतर आने की स्थिति में राहत देने के लिए एकबारीय समाधान योजना घोषित की है। मुख्यमंत्री एवं खान मंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश के खनिज लीज धारकों को नई व्यवस्था के संबंध में विशेषज्ञों व ड्रोन निर्माता कंपनियों से प्रजेटेंशन के माध्यम से अवेयरनेस की आवश्यकता प्रतिपादित की है।

प्रमुख सचिव माइंस श्री टी. रविकान्त ने बताया कि वोल्यूमेट्र्कि एसेसमेंट से खनन लीज क्षेत्र में धारक द्वारा किये गए वैध खनन, अवैध खनन या अन्य क्षेत्र के रवन्ना जारी होने की स्थिति साफ हो जाएगी। इस व्यवस्था की सबसे खास बात यह है कि खनिज लीज धारक द्वारा वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट कराकर प्रस्तुत करने से भविष्य के लिए विवाद नहीं रहेंगे। रविकान्त ने बताया कि वोल्यूमेट्रिक आकलन और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीकों के उपयोग पर आयोजित कार्यक्रम के लिए अतिरिक्त निदेशक माइंस जयपुर श्री महावीर प्रसाद मीणा को नोडल अधिकारी व अधीक्षण भूवैज्ञानिक श्री संजय सक्सेना को सहप्रभारी बनाया गया है। लीज धारकों से सीधे संवाद में राजस्थान अप्रधान खनिज रियायती नियमों में ड्रोन सर्वे प्रावधानों की जानकारी देने के साथ ही आइडिया फोर्ज द्वारा खनन में ड्रोन सर्वे का अनुप्रयोग, गरुड सर्वे द्वारा ड्रोन सर्वे के माध्यम से खनन में उत्खनन का वोल्यूमेट्रिक आकलन, एमपीआरएसएस माइनिंग सोल्यूशन द्वारा खदानों में ड्रोन का अनुप्रयोग, वीएस सेफ्टी द्वारा खदानों के लिए सेवा के रुप में ड्रोन और एपीएसएल साल्यूशन द्वारा उत्खनन में ड्रोन सर्वे तकनीक और स्फेयर द्वारा डीजीसीए द्वारा ड्रोन सर्वे लाइसेंस के दिशा-निर्देश और प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

## डॉ. टांक, घनश्याम व शिवपाल ने बताया रंगोत्सव का महत्व

### एसएस पब्लिक सी.सै. स्कूल में फाग उत्सव समारोहपूर्वक मनाया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (बाबू अंसारी)।** सांगानेर स्थित गोविंदपुरा के एसएस पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में फाग उत्सव समारोहपूर्वक मनाया गया। इसमें शाला के बालक-बालिकाओं एवं स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। फाग उत्सव के अंतर्गत बालकों ने राधा कृष्ण बनकर भगवान के गानों पर प्रस्तुतियां दी। वहीं पुष्प वर्षा कर एक-दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर स्कूल निदेशक डॉ. ओपी टांक ने बालकों को होली के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। वहीं प्रबंध निदेशक एडवोकेट घनश्याम टेलर ने बालकों को होली की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही स्कूल प्रधानाचार्य शिवपाल प्रजापत ने बालकों को उनके कॅरियर के बारे में बताते हुए रंगोत्सव पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में सभी आगंतुकों का एडवोकेट घनश्याम टेलर ने आभार व्यक्त किया।


**कार्यालय नगर पालिका वाटिका (जयपुर)**

email-nagarpalikavatika@gmail.com phone no-0141-2941623

क्रमांक :- न.पा.व. / 2024-25 / 420 दिनांक :-12.03.2025

**निविदा सूचना -NIB 12/2024-25**

नगर पालिका वाटिका द्वारा संवेदकों / संस्थाओं को सूचित किया जाता हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये विभिन्न कार्यो हेतु वार्षिक दर अनुबन्ध हेतू निविदा मोहरबन्द निविदायें क्रमांक 417 दिनांक 12.03.2025 आमन्त्रित की जाती है।निविदा से संबधित सभी विवरण व शर्तें कार्यालय समय एवं वेबसाईट http:www.sppp.rajasthan.gov.in देखी जा सकती है।

NIB:- DLB2425A6467

| | | |
|---|---|---|
| DLB2425GSRC20534 | DLB2425GSRC20509 | DLB2425GSRC20513 |
| DLB2425GSRC20523 | DLB2425GSRC20528 | DLB2425GSRC20540 |
| DLB2425GSRC20542 | DLB2425GSRC20544 | |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका वाटिका

राज.संवाद / सी / 24 / 13306


### राज्यपाल से राजस्थान प्रशासनिक और लेखा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की मुलाकात

# राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए पारदर्शिता से जुड़ी कार्य संस्कृति का हो विकास : राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि प्रशासनिक और लेखा सेवा में राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए अधिकारी पूर्ण पारदर्शिता की कार्य की संस्कृति का विकास करें। उन्होंने समय के साथ जीवन प्रबंधन को जोड़ते हुए नैतिक मूल्यों के लिए कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजकीय सेवा में आने के बाद अधिकारियों को यह चाहिए कि वे जन कल्याण से जुड़े कार्यों और विकास योजनाओं का प्रभावी रूप में क्रियान्वयन करें। बागडे सोमवार को राजभवन में राजस्थान प्रशासनिक और लेखा सेवा के वर्ष 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। राजभवन में अतिरिक्त मुख्य सचिव और हरिश्चन्द्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान की महानिदेशक श्रीमती श्रेया गुहा की पहल पर इन अधिकारियों की राज्यपाल से मुलाकात हुई। इस दौरान राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों के कार्य और प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि राज्य और देश के विकास में वे भविष्य में सार्थक भूमिका निभाएं। उन्होंने लोकसभा के पहले अध्यक्ष रहे श्री गणेश वासुदेव मावलंकर का उदाहरण देते हुए कहा कि संसदीय परम्पराओं और मर्यादाओं के साथ लोक प्रशासन की देश में उन्होंने नींव रखी। उन्होंने आचार्य चाणक्य और अन्य महापुरुषों का संदर्भ देते हुए कहा कि राजकीय सेवा में ईमानदारी और राजकीय हित को प्रमुखता देते हुए कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि जीवन में भोजन के साथ हर स्तर पर व्यवस्थित नियोजन और प्रबंधन यदि आप करते हैं, तभी पदस्थापित पद पर अपने आपको प्रभावी रूप में साबित कर पाएंगे। राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वीराज ने अधिकारियों से पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच जरूरी है। अधिकारी राजकीय हित में अपनी पूर्ण क्षमता के साथ काम करें। आरंभ में हरिश्चन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान की अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती शैली कृष्णा ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा और लेखा सेवा के प्रशिक्षु 107 अधिकारियों के प्रशिक्षण और ओटीएस की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि. वि विधुत खण्ड- सचिवालय जयपुर**

**निविदा सूचना संख्या सं. 48/2024-2025**

| | |
|---|---|
| मुख्यालय का नाम | कार्यालय का नाम अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विधुत खण्ड सचिवालय जयपुर |
| निविदा का कार्य | निविदा सूचना सं. 48/2024-2025 |
| निविदा की कुल लागत (लाख रू. में) | 7.59 |
| धरोहर राशि रूपये (0.50%) एवं (2%) | 3795 एवं 15180 |
| निविदा फार्म मिलने की अन्तिम तारीख | 18.03.25 |
| निविदा फार्म जमा कराने की तारीख | 19.03.25 |
| निविदा खोलने की तारीख | 19.03.25 |

निविदा से सम्बन्धित अन्य आवश्यक विवरण डी आई पी आर की वेब साइट www.dipr.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देखे जा सकते हैं।

UBN NO. 1. PWD2425WSOB16777, 2. PWD2425WSOB16778, 3. PWD2425WSOB16780

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. विधुत खण्ड-सचिवालय, जयपुर।

DIPR/C/3802/2025


# अग्रवाल समाज समिति की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** स्थानीय अग्रसेन भवन में सोमवार को अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष एड. योगेश शरण बंसल की अध्यक्षता में समिति की बैठक आयोजित हुई। मीडिया प्रभारी हेमन्त मोरीजावाला ने बताया की दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का दिल्ली जाकर सम्मान करना एवं नये अग्रसेन भवन के लिये कोटपूतली के आसपास दो-तीन किलोमीटर क्षेत्र में दो बीघा जमीन खरीदी जाये उसके लिये समाज के लोगों से धन संग्रह किये जाने को लेकर 11 सदस्यों की कमेटी का गठन किया गया व भवन में रंगरोगन करवाने एवं नगर परिषद में छात्रावास के लिये प्रार्थना पत्र लगाये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में कोषाध्यक्ष नृसिंहदास अग्रवाल द्वारा अग्रसेन जयंती का आय-व्यय का ब्यौरा सदन के पटल पर रखा गया। बैठक में उपाध्यक्ष कुलदीप बंसल, महामंत्री नितेश बंसल, मंत्री प्रमोद गोयल, आजीवन सदस्य हरिनारायण मोरीजावाला, रामविलास सिंघल, अमरनाथ बंसल, राजेश सवाईका, सुभाष बंसल, अशोक बंसल, नरेश गुप्ता, दिनेश सिंघल, संगम गुप्ता, ताराचंद मित्तल आदि मौजूद रहे।



## सम्पादकीय

# क्या महिला किसानों तक पहुँच रही है तकनीक

डिजिटल तकनीक और छोटे-मोटे हस्तक्षेपों ने भारतीय कृषि में महिलाओं के लिए परिदृश्य को काफ़ी हद तक बदल दिया है। इन नवाचारों ने महिला किसानों को भूमि स्वामित्व, बाज़ार तक पहुँच, वित्तीय समावेशन और ज्ञान के आदान-प्रदान से सम्बंधित पारंपरिक बाधाओं को तोड़ने में सक्षम बनाया है। डिजिटल उपकरण कृषि में महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं। एप्लिकेशन और हेल्पलाइन वास्तविक समय के मौसम पूर्वानुमान, इष्टतम कृषि तकनीक और वर्तमान बाज़ार मूल्य प्रदान करते हैं। किसान सुविधा, पूसा कृषि और इफको किसान ऐप जैसे संसाधन महिला किसानों को अच्छी तरह से सूचित विकल्प बनाने में सहायता करते हैं। व्हाट्सएप ग्रुप और यूट्यूब ट्यूटोरियल सहकर्मी सीखने और ज्ञान के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करते हैं। यूपीआई, डिजिटल वॉलेट और ऑनलाइन बैंकिंग सहित डिजिटल भुगतान प्रणाली महिलाओं को सीधे ऋण और सब्सिडी सुरक्षित करने में सक्षम बनाती है। किसान क्रेडिट कार्ड और डिजिटल माइक्रोफाइनेंस प्लेटफ़ॉर्म जैसे कि पेटीएम और नाबार्ड के ई-शक्ति, महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। ई-एनएएम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) और एग्रीबाज़ार जैसे प्लेटफ़ॉर्म महिला किसानों को अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को बेचने की अनुमति देते हैं, जिससे बिचौलियों की ज़रूरत नहीं पड़ती।

महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियाँ अपने जैविक कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम का उपयोग कर रही हैं। एआई तकनीकें मिट्टी के स्वास्थ्य, कीटों का पता लगाने और सटीक खेती की तकनीकों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करती हैं। उन्नत सिंचाई प्रणाली और सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप पानी के उपयोग को कम करने और महिला किसानों के शारीरिक कार्यभार को कम करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को समूह ऋण, प्रशिक्षण और कृषि संसाधनों तक पहुँच से लाभ होता है। तेलंगाना में डेक्कन डेवलपमेंट सोसाइटी इन महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों के माध्यम से बाजरा की खेती का समर्थन करती है। महिलाओं पर बोझ कम करने में मदद करने के लिए बीज बोने वाले, हाथ से चलने वाले ट्रैक्टर और सोलर ड्रायर जैसे सरल कृषि उपकरण उपलब्ध हैं। सरकारी पहल मशीनीकृत उपकरणों के लिए सब्सिडी प्रदान करती है, जो महिलाओं के लिए फायदेमंद है। महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना जैसे एनजीओ और सरकारी कार्यक्रम आवश्यक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। डिजिटल साक्षरता पहल महिला किसानों को नए तकनीकी समाधानों को अपनाने के लिए सशक्त बनाती है। महिलाएँ जैविक खेती, पर्माकल्चर और जलवायु-स्मार्ट कृषि पद्धतियों में तेज़ी से शामिल हो रही हैं। वर्मीकम्पोस्टिंग पिट, छत पर बगीचे और कृषि वानिकी जैसे छोटे पैमाने के हस्तक्षेप स्थायी आय में योगदान करते हैं। टाटा ट्रस्ट्स द्वारा लखपति किसान पहल ने झारखंड में आदिवासी महिलाओं को कृषि प्रौद्योगिकी और ई-कॉमर्स में प्रशिक्षित किया है। डिजिटल ग्रीन पहल ग्रामीण महिलाओं को बेहतर खेती के तरीकों के बारे में शिक्षित करने के लिए वीडियो का उपयोग करती है। वाग्धारा जैसे किसान उत्पादन संगठन (एफपीओ) महिलाओं को सामूहिक रूप से बेहतर कीमतों पर बातचीत करने में सहायता करते हैं। आज की दुनिया में, डिजिटल तकनीक और छोटे-छोटे हस्तक्षेप कृषि में महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। परंपरागत रूप से, महिलाओं को निराई, थ्रेसिंग और डी-हल्किंग जैसे श्रम-गहन और समय लेने वाले काम सौंपे जाते रहे हैं। हालाँकि, मशीनीकरण उनके कार्यभार को हल्का करने में मदद करता है, जिससे उन्हें अधिक मूल्यवान कृषि गतिविधियों में संलग्न होने की अनुमति मिलती है।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 18 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अनिवार्य और मुफ्त प्राथमिक शिक्षा प्रावधान के लिए गोपाल कृष्ण गोखले ने सन 1910 में ब्रिटिश विधान परिषद के सामने अपना प्रस्ताव रखा था।
- ब्रितानी अदालत ने सविनय अवज्ञा आंदोलन के बाद सन 1922 में राजद्रोह मामले में महात्मा गांधी को छह साल की सजा सुनाई थी।
- मुसोलिनी और अडोल्फ़ हिटलर के बीच 1940 में हुए मीटिंग में मुसोलिनी ने ब्रिटेन और फ्रांस के खिलाफ़ युद्ध में जर्मनी का साथ देने पर अपनी सहमती जताई।
- नेताजी सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिंद फौज ने सन 1944 में बर्मा की सीमा पार की।
- सोवियत संघ के वायुसेना पायलट एलेक्सी लियोनोव ने सन 1965 में पहली बार स्पेसवॉक किया था।
- सन 1990 में अमरीकी संग्रहालय से लगभग 500 मिलियन डॉलर की कलाकृतियों की चोरी हो गई।
- उगांडा में प्रलय दिवस सम्प्रदाय के 230 सदस्यों ने सन 2000 में आत्मदाह किया।
- संयुक्त राष्ट्र ने 2006 में 'मानवाधिकार परिषद' के गठन का प्रस्ताव मंज़ूर किया।
- उत्तर कोरिया ने 2007 में परमाणु कार्यक्रम बन्द करने का कार्य प्रारम्भ किया।
- केन्द्रीय मंत्री मण्डल ने 2009 में मेघालय में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफ़ारिश की।

### 18 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1914 में आज़ाद हिन्द फ़ौज के अधिकारी गुरबख्श सिंह ढिल्लों का जन्म।
- 1914 में अन्तरराष्ट्रीय न्यायालय के पूर्व अध्यक्ष एवं भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त रह चुके नागेन्द्र सिंह का जन्म।
- 1938 में हिन्दी सिनेमा जगत के प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक शशि कपूर का जन्म।

### 18 मार्च को हुए निधन

- प्रसिद्ध मराठी विद्वान नारायण शास्त्री मराठे का 1956 में निधन।
- हिन्दी सिनेमा की जानीमानी गायिका राजकुमारी दुबे का 2000 में निधन।
- पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच बॉब वूल्मर का 2007 में निधन।

# विदेशी महिलाओं से दुष्कर्म से शर्मसार होता देश

**अतिथि देवो भवः भारतीय संस्कार में मेहमान को भगवान का दर्जा दिया गया है, लेकिन आए दिन विदेशी मेहमानों के साथ हो रहे अपराध, यौन-दुराचार एवं व्यभिचार इसे धता बता रहे हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद विदेशियों के साथ होने वाले अपराध कम नहीं हो रहे, ऐसी ही दो विदेशी महिलाओं संग हुई दरिंदगी की घटनाओं को सुन भारतीय लोगों का दिल दहल गया।**



ललित गर्ग

सिकर्नाटक के हंपी में इस्राइली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप की घटना का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि दिल्ली में एक ब्रिटिश पर्यटक से दुराचार का घृणित मामला सामने आया है। थोड़े-थोड़े अन्तराल के बाद होने वाली ऐसी घटनाएं न केवल शर्मसार कर रही है बल्कि भारत के संस्कारों एवं अस्मिता पर भी दाग लगा रही है। हाल के दिनों में भारत में यौन अपराधों की बाढ़-सी आई हुई है। न केवल विदेशी बल्कि भारतीय महिलाओं के साथ घृणित यौन अपराधों की इन तमाम घटनाओं को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस नैतिक पराभव का कारण क्या है? कहीं न कहीं ये जीवन मूल्यों में क्षरण एवं विकृत होती मानसिकता का भी परिचायक है। दरअसल, इंटरनेट और कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री की बाढ़-सी आई हुई है। देश का युवा उसकी चपेट में आकर भटकाव की राह में बढ़ रहा है, जिसे नियंत्रित करना सरकार एवं प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए एवं सामाजिक जागृति का माहौल भी बनाया जाना चाहिए। निश्चय ही विदेशी महिलाओं के साथ होने वाले ऐसे घिनौने एवं दुराचारी कृत्य देश की छवि को धूमिल करने वाले है। हंपी की घटना तो भयावह थी, जिसमें रात में कैंपिंग कर रहे तीन पर्यटकों को नहर में फेंक दिया गया और तीन अपराधियों ने इस्राइली महिला व एक भारतीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं नदी में फेंके गए एक पर्यटक की मौत हो गई, जिसका शव बरामद कर लिया गया। पर्यटकों में एक अमेरिकी व दो भारतीय थे। बदमाशों ने न केवल दुष्कर्म किया बल्कि मारपीट व लूटपाट भी की। हालांकि, तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन देश की प्रतिष्ठा को जो आंच आई है, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं। इसने न सिर्फ समाज की छवि को धूमिल किया, बल्कि देश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर भी प्रभाव डाला है। यह भारतीय पर्यटन को आहत कर सकता है, बहुत संभव है कि विदेशी सरकारें भारत आने वाले पर्यटकों को लेकर कोई नकारात्मक एडवाइजरी जारी करें। समाज विज्ञानियों को आत्ममंथन करना होगा कि यौन अपराधों को लेकर सख्त कानून बनने के बावजूद इस आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? विदेशों में भारत की छवि यौन अपराधियों के चलते लगातार क्षत-विक्षत हो रही है। गाहे-बगाहे सुनसान पर्यटक स्थलों पर यौन दुर्व्यवहार की घटनाएं अक्सर सुनने को मिलती हैं। लेकिन दिल्ली के एक होटल में एक ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म का मामला अधिक चिन्ताजनक है। एक युवक ने सोशल मीडिया पर दोस्ती करके भारत घूमने आई ब्रिटिश महिला को दिल्ली बुलाया और एक होटल में दुष्कर्म किया। इस मामले में ब्रिटिश दूतावास ने संज्ञान लिया है। सवाल है कि जब ऐसी कोई आपराधिक घटना हो जाती है और जनाक्रोश उभरता तथा मामला तूल पकड़ लेता है, तभी सरकार, प्रशासन एवं पुलिस की नींद क्यों खुलती है? यही सक्रियता अगर सामान्य स्थितियों में भी कायम रहे, तो शायद आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति के भीतर कानूनी कार्रवाई का डर बन सकता है और इस तरह ऐसे अपराधों को पहले ही रोका जा सकता है। विदेशी महिलाओं के प्रति यह संवेदनहीनता एवं बर्बरता कब तक चलती रहेगी? भारत विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी कई हिस्सों में विदेशी महिलाओं को लेकर गलत धारणा एवं विकृत सोच कायम है जो भारत की गौरवपूर्ण संस्कृति को धुंधलाती है। देश की राजधानी दिल्ली में ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म की घटना ने एक बार फिर हमें शर्मसार किया है, झकझोर दिया है। बड़ा सवाल यह है कि नारी अस्मिता को कुचलने की हिंसक मानसिकता का तोड़ हम अब भी क्यों नहीं तलाश पा रहे हैं? क्यों नये-नये एवं सख्त कानून बन जाने के बावजूद नारी की अस्मिता एवं अस्तित्व असुरक्षित है? क्यों हमारे शहरों को 'रेप सिटी ऑफ द वर्ल्ड' कहा जाने लगा है। आखिर कब तक महिलाओं के साथ ये दरिन्दगीभरी एवं त्रासद घटनाएं होती रहेंगी? नारी की अस्मत का सरेआम लूटा जाना एवं उन पर हिंसा - एक घिनौना और त्रासद कालापृष्ठ है और उसने आम भारतीय को भीतर तक झकझोर दिया। कौन मानेगा कि यह वही दिल्ली है, जो करीब तीन दशक पहले निर्भया के साथ हुई निर्ममता पर इस कदर आन्दोलित हो गई थी कि उसे इंसाफ दिलाने सड़कों पर निकल आई थी। जाहिर है, समाज की विकृत सोच को बदलना ज्यादा जरूरी है।

रेप, यौन-दुष्कर्म, व्यभिचार जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए रेपिस्टों एवं दुष्कर्मियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने और पुलिस व्यवस्था को और चाक-चौबंद करने की मांग के साथ समाज के मन-मिजाज को दुरुस्त करने का कठिन काम भी हाथ में लेना होगा।

# ट्रम्प 2.0- विश्व राजनीति में तूफान या परिवर्तन की आहट?



प्रो. आरके जैन

**डोनाल्ड ट्रम्प ने 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी, और अब उनके शपथ ग्रहण को दो महीने पूरे हो चुके हैं। इस छोटे से समय में उनकी नीतियों, बयानबाजी और विवादास्पद निर्णयों ने न केवल अमेरिका, बल्कि वैश्विक मंच पर भी उथल-पुथल मचा दी है। ट्रम्प का पहला कार्यकाल (2017-2021) अपने आप में एक अनोखा अध्याय था, और अब उनकी दूसरी पारी ने राजनीति, अर्थव्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को एक नई दिशा में मोड़ दिया है। दो महीनों में ही उनके फैसलों ने दुनिया भर में चर्चा और चिंता को जन्म दिया है।**

ट्रम्प के शपथ ग्रहण के बाद से अमेरिकी राजनीति में अस्थिरता बढ़ी है। पिछले दो महीनों में उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और अप्रवासन पर सख्त रुख ने समाज को और ध्रुवीकृत कर दिया है। शपथ लेते ही उन्होंने 6 जनवरी 2021 के कैपिटल हिल हमले के दोषियों को माफी देने का फैसला किया, जिसने उनके विरोधियों को भड़का दिया। डेमोक्रेटिक पार्टी और मुख्यधारा का मीडिया इसे लोकतंत्र पर हमला बता रहा है, जबकि उनके समर्थक इसे ट्रम्प की निष्ठा का सबूत मानते हैं। पिछले दो महीनों में रिपब्लिकन पार्टी भी उनके प्रभाव से अछूती नहीं रही। कुछ नेता उनके फैसलों का समर्थन कर रहे हैं, तो कुछ इसे पार्टी के भविष्य के लिए खतरा बता रहे हैं। ट्रम्प की आक्रामक शैली ने अमेरिकी राजनीति को एक बार फिर अनिश्चितता की ओर धकेल दिया है। ट्रम्प के शपथ (20 जनवरी, 2025) लेने के दो महीनों में ही अर्थव्यवस्था पर उनके फैसलों का असर दिखने लगा है। उन्होंने चीन और अन्य देशों पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा की, जिसकी नींव उनके पहले कार्यकाल में ही पड़ चुकी थी। इन टैरिफ्स ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है और कई देशों के साथ व्यापारिक तनाव बढ़ा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की कोशिश है, लेकिन इससे सहयोगी देशों में आर्थिक अनिश्चितता भी पैदा हुई है। पिछले दो महीनों में ट्रम्प ने पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका को फिर से बाहर करने का आदेश दिया, जिससे पर्यावरण नीतियों पर बहस तेज हो गई है। यह फैसला जहां उनके समर्थकों को घरेलू उद्योगों के लिए फायदेमंद लगता है, वहीं वैश्विक स्तर पर इसे आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। ट्रम्प के शपथ ग्रहण के बाद बीते दो महीनों में उनकी विदेश नीति ने वैश्विक मंच को हतप्रभ कर दिया है। नाटो पर बढ़ते दबाव और यूक्रेन को सैन्य सहायता रोकने की उनकी घोषणा ने रूस की आक्रामकता को बढ़ावा देने का खतरा पैदा कर दिया है। अपने पहले भाषण में तीसरे विश्व युद्ध को टालने का दम्भरस वादा करने वाले ट्रम्प की नीतियां अब यूरोप और अमेरिका के बीच दरार डाल रही हैं। दूसरी ओर, चीन के साथ टकराव ने भी इस अवधि में जोर पकड़ा है। ताइवान को लेकर उनका सख्त रुख एशिया में अस्थिरता का नया सबब बन सकता है। महज दो महीनों में ट्रम्प की नीतियों ने वैश्विक भू-राजनीति को एक अनिश्चित और तनावपूर्ण मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है।

पिछले दो महीनों में ट्रम्प की वापसी ने सोशल मीडिया और अमेरिकी समाज में ध्रुवीकरण को और गहरा किया है। शपथ लेने के बाद उन्होंने बोलने की आजादी बहाल करने और सरकारी सेंसरशिप पर रोक लगाने का आदेश दिया, जिसे उनके समर्थकों ने स्वागत किया। हालांकि, उनके विवादास्पद बयानों ने विरोधियों के साथ टकराव को बढ़ाया है। इन दो महीनों में फेक न्यूज़ और दुष्प्रचार की समस्या भी बढ़ी है। ट्रम्प का मुख्यधारा के मीडिया को 'फेक न्यूज़' कहकर खारिज करना पिछले दो महीनों में और तेज हुआ है, जिससे सूचना की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान



नरेन्द्र शर्मा
( वरिष्ठ रंगकर्मी )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं अलवर के शाहरूख खान, जी हां शाहरूख खान के छोटे भाई से नजर आने वाले रंग कर्मी नरेन्द्र शर्मा हमारी आज के स्टार हैं। नरेन्द्र राज. उच्च.माध्यमिक विद्यालय शहदका लक्ष्मणगढ़ अलवर में अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। इनका जन्म कामा,भरतपुर मे हुआ है। इनकी समस्त शिक्षा अलवर के विभिन्न विद्यालय में हुई हैं,जैसे अग्रवाल विद्यालय, मॉडर्न विद्यालय, राजकीय नवीन विद्यालय, बीए और एमए बाबू शोभाराम महाविद्यालय से किया है और इनकी बीएड़ की शिक्षा कुरुक्षेत्र महाविद्यालय से हुई है। 12 कक्षा के बाद इनका रूझान अभिनय करने का हुआ,तो अरावली आर्टिस्ट अकादमी अलवर के संस्थापक श्री गिर्राज जैमिनी जी से अभिनय की बारीकी सीखी और उन्होंने ही पहला ब्रेक डी.डी चैनल पर आया नाटक संकल्प में मुख्य भूमिका का रोल दिया। उस समय इनके 3 सीरियल डी.डी चैनल पर आए। नशा ओर इंसान,विष घट। जैसे इनकी जिन्दगी बदल गई। कई काम आ रहे थे घरवालों की सहमति नहीं मिलने पर मुझे अभिनय को छोड़ना पड़ा और जॉब करना पड़ा। इन्होंने प्राइवेट जॉब किया, दवाई की कंपनी मे काम किया। बैद्यनाथ कंपनी, हिमालय ड्रग कंपनी के बाद जयंती कोल्ड्रिंक्स में मार्केटिंग मैनेजर के पद पर काम किया । और इनके ही निर्देशन मे जंयती कोल्ड्रिंक्स लॉन्च की गई। उसके उपरांत इनकी सरकारी अध्यापक की जॉब लग गई। सरकारी जॉब के बाद इनका फ्रि से एक्टिंग की तरफ रुझान हुआ फ्रि इन्होंने सामाजिक सरोकार की फिल्में अपने प्रोडक्शन हाउस के तहत बनाई बंदिशे क्यों, दो बेचारे टटलू के मारे । इसके बाद इनके पास अनेकों प्रोडक्शन हाउस के साथ मिलकर काम किया । बॉलीवुड फिल्म ट्रिप टू भानगढ़ डीडी किसान चैनल पर इम्तेहान ए वफ़ा-मूसा ए टेली फिल्म । कई शॉर्ट फिल्म्स जैसे द राइजिंग ओझा एफएम के लिए। विज्ञापन फिल्म और माइलेज के लिए ऐड़ फिल्म में किया । अभी भी काम जारी है। ऐसा नहीं कि ये सिर्फ दिखने के हीरों हैं काम भी हीरों वाले किए हैं कोरोना काल में जो गरीब असहाय थे। जिनका काम धंधा नहीं चल रहा था उनको अपनी तरफ से घर का राशन उपलब्ध कराया। दवाई उपलब्ध कराई गई। ,कोरोंटानाइन किए गए लोगों की जाँच की गई, बच्चों को घर घर जा कर होम वर्क दिया गया। वर्तमान में कई सामाजिक संस्थाओं एवं सांस्कृतिक संस्थाओं से जुडे हुए हैं। अरावली आर्टिस्ट अकादमी अलवर में निर्देशक के पद पर हैं। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_073 — बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 6 | 5 | 1 | | 9 | | 2 |
| | 2 | | | 7 | 3 | 5 | | |
| | 5 | | | 2 | | | 3 | |
| 2 | 4 | 3 | 8 | | | 6 | 7 | 9 |
| 7 | | 8 | | 6 | | 1 | | |
| 1 | 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | | | 3 |
| 6 | 8 | | | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 |
| | | 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 6 | 7 |
| 9 | | | | 3 | | 4 | | 5 |

Ans_2025_072

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 2 | 6 | 1 | 3 | 5 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 3 | 8 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 6 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 2 | 4 | 5 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 5 | 1 | 6 | 3 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 7 | 8 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

**वृष**
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

**मिथुन**
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी।

**कर्क**
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

**कन्या**
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें। महिला मित्रों से विशेष लाभ होगा।

**तुला**
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

**वृश्चिक**
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

**धनु**
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा।

**मकर**
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

**कुंभ**
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे।

**मीन**
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा। काम समय से पूरा नहीं होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# बीपीएल परिवारों को चरणबद्ध रूप से गरीबी रेखा से ऊपर लाया जायेगा : कन्हैया लाल चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट 2025-26 के वित्त एवं विनियोग विधेयक चर्चा पर ''गरीबी मुक्त राजस्थान'' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में बड़ी पहल की है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में आगामी वर्षों में चरणबद्ध रूप से चिन्हित गांवों के सभी बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया जायेगा। प्रथम चरण में 5 हजार गांवों में इस योजना का क्रियान्वयन किया जायेगा। इसके लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

कैबिनेट मंत्री सोमवार को उपखंड मालपुरा की विभिन्न ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित जनसुनवाई में आमजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्राम रिण्डलिया बुजुर्ग, कांटोली, सीतारामपुरा, सोडा, सोडा बावड़ी एवं जयसिंहपुरा में जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को 15 दिन में इनका समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन समस्याओं का नियमानुसार समाधान संभव नहीं है, इसकी सूचना परिवादी को दी जाएं। जलदाय मंत्री ने कहा कि लोगों को शुद्ध व पर्याप्त पेयजल मिले, यह उनका दायित्व है, इसलिए पेयजल के साथ खेतों को सिंचाई के लिए पानी मिले इसके लिए क्षेत्र के छोटे-बड़े बांधों को बीसलपुर बांध से भरने के लिए 4 हजार करोड़ रुपये के टेंडर लगा दिए है। 2 माह में टेंडर खुल जाएंगे। नवंबर में इसका शिलान्यास कार्यक्रम रखा जाएगा। आने वाली पीढ़ियों को पीने के पानी को लेकर समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इस विधानसभा में 2018 तक 25 हजार घर बनाए गये थे। केंद्र सरकार ने पुनः इस पोर्टल को खोला है। इसलिए अधिकाधिक लोग इस योजना में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन करें। ग्राम स्तरीय अधिकारी पात्र लोगों को योजना की जानकारी देकर नाम जुड़वाएं, ताकि एक भी व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। श्री चौधरी ने यह भी आव्हान किया कि सक्षम लोग गरीब, असहाय तथा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकार की योजनाओं से जोड़कर उनकी मदद करें। उन्होंने क्षेत्र में सड़कों की मांग को लेकर कहा कि मेजर डिस्ट्रिक रोड़ (एमडीआर) के माध्यम से गांवों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता पिंटू मीणा से अप्रारंभ एवं प्रगतिरत सड़कों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम अमित कुमार चौधरी, विकास अधिकारी अभिमन्यु चौधरी, प्रधान सकराम चौपड़ा, सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को दिए पोषण किट :** कैबिनेट मंत्री श्री चौधरी ने ग्राम रिडलिया बुजुर्ग में निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगी रामधन जाट एवं सीताराम बैरवा को निक्षय पोषण किट वितरित किए। साथ ही, बीसीएमएचओ डॉ. संजीव चौधरी को रोगियों का बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए।

# भारतीय टिकट पर भेजे विदेशी, भ्रमण से पहले जांच में धरे गए

## रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान : तुम डाल- डाल, हम पात- पात का चल रहा खेल

बढ़ता राजस्थान




**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में 'तुम डाल- डाल, हम पात-पात' का खेल चल रहा है। गौरतलब है कि एक ओर जहां वन विभाग पार्क भ्रमण और बुकिंग सिस्टम में पारदर्शिता लाने की बात कर रहा है, वहीं सिस्टम की खामियों का फायदा उठाकर अब भी कई पर्यटक फर्जी आइडी से जंगल जाने की जुगत कर रहे हैं। हालांकि विभाग के फर्जी पर्यटकों को लेकर उठाए गए सख्ती के कदम अब कारगर हो रहे हैं। ताजा मामला 13 मार्च का है। जहां सुबह की पारी में भारतीय पर्यटकों के टिकट पर विदेशी पर्यटकों को पार्क भ्रमण पर भेजा जा रहा था, लेकिन जांच के दौरान ये लोग पकड़ में आ गए और इन्हें भ्रमण से पहले ही रोक दिया गया। लेकिन रणथंभौर में फर्जीवाड़ा करवाने वाले सक्रिय लोग अब भी सक्रिय हैं। इन्हें रोकने को लेकर कोई सख्त कदम अभी तक नहीं उठाए गए हैं।

**भ्रमण की दरें अलग :** जानकारी के अनुसार रणथंभौर में भारतीय व विदेशी पर्यटकों की पार्क भ्रमण की दरें अलग-अलग हैं। भारतीय पर्यटकों का शुल्क कम है और विदेशी पर्यटकों से अपेक्षाकृत अधिक शुल्क वसूला जाता है। वहीं वन विभाग की ओर से पर्यटकों से आईडी भी ली जाती है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि भारतीय पर्यटकों के टिकट पर विदेशी पर्यटकों को पार्क भ्रमण कराने का प्रयास कैसे और किसकी ओर से किया गया।

**टीम गठित, फिर भी नहीं रुक रहा फर्जीवाड़ा :** लगातार रणथंभौर पार्क भ्रमण के दौरान अनियमितता की शिकायतें मिलने के चलते सीसीएफ के निर्देश पर विभाग ने एक जांच कमेटी का गठन किया था। इस दल में एसीएफ स्तर के अधिकारियों को शामिल किया गया था। जांच के लिए गठित की गई टीम की जांच में भी यह खुलासा हुआ, लेकिन इसके बाद भी वन विभाग की ओर से मामले में स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा जा रहा है।

**इनका कहना :** विभाग की ओर से पर्यटन वाहनों की जांच लगातार की जा रही है। 13 मार्च को भी कार्रवाई की गई थी। मैं होली के कारण घर गया था, आरओपीटी एसीएफ की ओर से कुछ पर्यटकों को रोका गया था। मुझे अधिक जानकारी नहीं है।

**अश्वनी प्रताप सिंह,**
**रेंजर (सदस्य जांच टीम)**

# ग्राम सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी सदस्यों का 1 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** केंद्रीय सहकारी बैंक लि., टोंक से सम्बद्ध ग्राम सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी सदस्यों का 1 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किसान सहकार भवन, सिविल लाईन, टोंक में किया गया। प्रशिक्षण में राजस्थान राज्य सहकारी संघ के मुख्य कार्यकारी इंदर सिंह, ने उपस्थित ग्राम सेवा सहकारी समिति के प्रबंधकारिणी सदस्यों को प्रशिक्षित किया। उन्होनें अवगत कराया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिसका नेतृत्व भारत कर रहा है। उन्होंने बताया कि सहकारिता सामाजिक एवं आर्थिक जीवन की पद्धति है। सहकारिता गांव के सर्वागीण विकास का सहयोगी है। सहकारिता गरीब किसान-मजदूर का सहारा है। उन्होनें सहकारी समिति का गठन, संचालक मंडल के कर्तव्य एवं समिति सदस्यों के कर्तव्य के बारे में जानकारी दी। मुख्य कार्यकारी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए अवगत कराया कि सहकारी समितियों को कम्प्यूटरीकृत किया जा रहा है, ताकि सहकारी समितियों को ऑनलाइन सुविधा प्राप्त हो सके। जिन ग्राम पंचायतों में सहकारी समितियां नहीं है वहां पर सहकारी समितियों का गठन किया जा रहा है। सहकार से समृद्धि की पहल के तहत ग्रामीण नागरिकों को रियायती दर पर जैनरिक दवाईयां उपलब्ध करवाये जाने हेतु ग्राम सेवा सहकारी समितियों में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधी केंद्र खोले जा रहे है। कार्यक्रम में सहकारी समितियां के उप रजिस्ट्रार रविंद्र सिंह यादव, सीसीबी टोंक के अधिशाषी अधिकारी शुभम जैन, राजस्थान राज्य सहकारी संघ, के एसीईओ शिवराज शर्मा, शिविर प्रभारी गजेंद्र कुमार व्यास, समेत अन्य ग्राम सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# बिना कर जमा साक्ष्य के किसी भी वाहन में माल का लदान नहीं करें : मीना

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर(राकेश शर्मा)।** परिवहन विभाग द्वारा जिला परिवहन कार्यालय के क्षेत्राधिकार में संचालित भार वाहनों का वित्तीय वर्ष 2025-26 का अग्रिम कर जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च, 2025 निर्धारित की गई थी। जिला परिवहन अधिकारी पी.आर. मीना ने बताया कि नियमानुसार निर्धारित समय सीमा में भार वाहन का कर जमा नहीं कराने वाले वाहनों पर पेनल्टी व ब्याज लगाया जा रहा है। साथ ही विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया जाकर बकाया कर वाले वाहनों की धरपकड़ कर बकाया कर मय शास्ति व प्रशमन राशि वसूल किये जायेगें। बकाया कर जमा नहीं करने वाले वाहनों को सीज करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि वाहन स्वामी शेष वाहनों के कर शीघ्र जमा करावें। वाहन स्वामियों की सुविधा के लिए कर जमा कराने के लिए मार्च माह में कार्यालय राजकीय अवकाश में भी खुला रहेगा। उन्होंने भारतीय खाद्य निगम के डिपो एवं अन्य डिपो जहां से माल का लदान किया जाता है को सूचित किया है कि जिला परिवहन कार्यालय के क्षेत्राधिकार में संचालित बिना कर जमा साक्ष्य के किसी भी वाहन में माल का लदान नहीं करें। साथ ही बिना जमा वाले वाहनों की जानकारी जिला परिवहन अधिकारी को दे ताकि उक्त वाहन के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए कर जमा करवाया जा सके।

# जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय द्वारा रोजगार सहायता शिविर 20 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**टोंक।** जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय द्वारा गुरुवार, 20 मार्च को रोजगार सहायता शिविर का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी राजकुमार मीना ने बताया कि रोजगार सहायता शिविर में निजी कंपनी बेरोजगार युवकों को मौके पर ही रोजगार उपलब्ध कराएगी। साथ ही, राजस्थान कौशल विकास निगम एवं बड़ौदा स्वरोजगार विकास निगम द्वारा बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण के आवेदन पत्र भी तैयार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बेरोजगार आशार्थी 2 फोटो समस्त मूल शैक्षिक दस्तावेज एवं अपना बायोडाटा साथ लाएं।

# रोजगार सहायता शिविर कल

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर(राकेश शर्मा)।** जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय सवाई माधोपुर द्वारा रोजगार सहायता शिविर का आयोजन 19 मार्च को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला रोजगार कार्यालय परिसर में किया जाएगा। सहायक निदेशक जिला रोजगार सवाई माधोपुर विवेक भारद्वाज ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र की कम्पनी टाईम्स-प्रो, द टाईम्स ऑफ इण्डिया ग्रुप द्वारा मौके पर ही बेरोजगार युवकों का साक्षात्कार लेकर प्राथमिक चयन किया जाएगा। शिविर में भाग लेने वाले इच्छुक बेरोजगार आशार्थी अपनी फोटो, समस्त मूल शैक्षिक/प्रशैक्षिक दस्तावेज के साथ-साथ रिज्युम भी साथ लाए।

# नितिन पाण्डे का रणथंभौर से था गहरा लगाव परिजन आस्ट्रेलिया से पहुंचे सवाईमाधोपुर

## पर्यावरणविद की अंतिम इच्छा : रणथंभौर के जलाशयों में विसर्जित हो अस्थियां

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथंभौर में अधिकांश लोग बाघ-बाघिनों के दीदार के लिए आते हैं, लेकिन रविवार को रणथभौर में एक मानव संवेदनाओं से जुड़ा वाकया देखने को मिला। रणथंभौर में लंबे समय तक पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले नितिन पाण्डे के परिजन उनकी अस्थियों को आस्ट्रेलिया से लेकर सवाईमाधोपुर पहुंचे और रणथंभौर के जलाशयों में विसर्जित किया। परिजनों के अनुसार नितिन ने मृत्यु से पहले अपनी अस्थियों को रणथंभौर में ही विसर्जित करने की इच्छा जताई थी। बता दें कि नितिन को रणथंभौर से गहरा लगाव था। उन्होंने 1991 से चार साल तक रणथभौर में काम किया था। इसके बाद वह आस्ट्रेलिया शिट हो गए थे। हाल ही में उनकी वहीं पर मौत हो गई थी। ऐसे में उनकी मौत के बाद बैंगलुरू में रहने वाली उनकी बहन रूपल पाण्डया उनकी अस्थियों को सवाईमाधोपुर लेकर आई। अधिकारियों की अनुमति के बाद उसे रणथंभौर के जोगी महल तालाब, आडा बालाजी, पदमला तालाब व अन्य स्थानों पर जल में विसर्जित किया।

इस दौरान रणथभौर रोड स्थित एक निजी विद्यालय में रणथभौर और पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान गोवर्धन सिंह राठौड़, रूपिन्दर कौर, हनुमान प्रसाद शर्मा, गोवर्धन मीणा, विनोद पदरज आदि मौजूद थे।

**सांपों के रेस्क्यू में दिया था अहम योगदान :** जानकारी के अनुसार उन्होंने रणथभौर में अपने कार्यकाल के दौरान सांपों को रेस्क्यू करने का कार्य किया। इसके अलावा उन्होंने रणथभौर बाघ परियोजना के आसपास बसे गांवों के बच्चों को शिक्षा से जोडकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी योगदान दिया था।

# 8 दवा विक्रेताओं का खुदरा औषधि अनुज्ञापन पत्र अस्थाई रूप से निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक चन्द्र प्रकाश जाटव ने निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम 1945 के नियम 66 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 8 दवाओं विक्रताओं का खुदरा औषधि अनुज्ञापन पत्र अस्थाई रूप से निलंबित किया है। उन्होंने बताया कि मैसर्स हैल्थ केयर मेडिकोज बड़ी उदेई गंगापुर सिटी एवं श्रैया मेडिकल स्टोर वजीरपुर का 24 मार्च से 7 अप्रैल तक 15 दिन के लिए, मैसर्स श्री ध्वाजी मेडिकल स्टोर सर्किट हाउस आलनपुर सवाई माधोपुर एवं गुरूकृपा मेडिकल स्टोर गंगापुर सिटी का 24 मार्च से 30 मार्च तक 7 दिन के लिए, मैसर्स गुलाब देवी मेडिकोज गंगापुर सिटी एवं कोठारी मेडिकल स्टोर गंगापुर सिटी का 24 मार्च से 2 अप्रैल तक 10 दिन के लिए, मैसर्स गौरव मेडिकल स्टोर का 24 मार्च से 12 अप्रैल तक 20 दिन के लिए तथा मैसर्स मनोज मेडिकल स्टोर गंगापुर सिटी का 24 मार्च से 28 मार्च, 2025 तक 5 दिन के लिए खुदरा औषधि अनुज्ञापन पत्र अस्थाई रूप से निलंबित किया।

# राइजिंग राजस्थान एमओयू होल्डर्स को प्रत्यक्ष ही मिलेंगे रीको औद्योगिक क्षेत्र में भूखंड

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 में राज्य सरकार के साथ एमओयू निष्पादित करने वाले निवेशकों के लिए रीको द्वारा चिन्हित औद्योगिक क्षेत्रों में भूखंड आवंटन योजना जारी कर दी गई है। क्षेत्रीय प्रबंधक सीताराम मीना ने बताया कि राज्य सरकार के साथ एमओयू निष्पादित करने वाले उद्यमी इस योजना में आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि शुक्रवार, 28 मार्च है तथा ई-लॉटरी गुरुवार, 3 अप्रैल को प्रस्तावित है।

# महर्षि गौतम जयंती की तैयारियो को लेकर हुई बैठक, रविंद्र गौतम बने गौतम नवयुवक मंडल के अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** श्री महर्षि गौतम आश्रम पर महर्षि गौतम नवयुवक मंडल की बैठक अध्यक्ष जगमोहन गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में गौतम नवयुवक मंडल की कार्यकारिणी को लेकर चर्चा की गई। जिसमें सर्व सहमति से रविंद्र गौतम को गौतम नव युवक मंडल का अध्यक्ष बनाया गया। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का समाज के लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

अध्यक्ष जगमोहन गौतम ने बताया कि सर्व समिति से गौतम नवयुवक मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं आगामी महर्षि गौतम जयंती की तैयारियो को लेकर चर्चा की गई है। उन्होंने शीघ्र ही गौतम नव युवक मंडल की कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में विशाल बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गौतम जयंती मनाने की रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में समाज के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किन्नर पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर लोगों ने सौंपा ज्ञापन

## त्वरित कार्रवाई नही होने पर करेंगे धरना प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया व पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा को किन्नर पर जानलेवा हमले करने के आरोपितों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर लोगों ने ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि किन्नर तनिषा सैनी करीब 2 वर्षो से उसकी गुरू हिना बाई के साथ निवाई क्षेत्र में बधाई लेने का कार्य करती है। गुरू हिना बाई उसकी चेली तनिषा का बधाई लेने पर विरोध करती है। रविवार को किन्नर तनिषा गांव झिलाय में पहुंची तो उस पर अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला करने का प्रयास किया। जिस पर वहां मौजूद लोगों ने बिच-बचाव करके छुडाया। ज्ञापन में बताया कि गुरू हिनाबाई की इस कार्यशैली से क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में चेतावनी दी है कि ऐसी घटना दुबारा हुई तो लोगों द्वारा बाजर बंद करके धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर आरोपियों पर त्वरित गति से कार्रवाई करने की माग की है। ज्ञापन देने वालो मेंसारीका, रवीना, गणेशराम सैनी, हेमराज सैनी, हरिनारायण शर्मा, नमोनारायण मीणा, ओमप्रकाश डांगी, दीपक जैन, राजूलाल सैनी, रामअवतार सैनी, राहूल बैरवा, अनिल चौधरी, रामअवतार अजमेरा व राहूल स्वामी सहित कई लोग मौजूद थे।

# छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर दी शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** शहीद देवालाल गुर्जर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जौंला में कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी। सांस्कृतिक प्रभारी मंजू अग्रवाल ने बोर्ड के नियमों की एवं कैसे अधिकतम अंक आए इसके बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य मोहम्मद इरफान, हनुमानप्रसाद बैरवा, बद्रीलाल जाट, सीमा गोयल, राजपाल यादव, रजनी बंसीवाल, सुरेश गुर्जर, रामप्रसाद गुर्जर, रामस्वरूप रैगर, सिंटू चौधरी, यासमीन बानो, श्योजीराम जाट, अंशुमान सिंह, मनोजकुमार महावर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# उपखंड कार्यालय में राजनीतिक दलों की बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** निर्वाचन विभाग व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विधानसभा स्तर पर राजनीतिक दलों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को निर्वाचन अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया की अध्यक्षता मे बैठक आयोजित होगी। निर्वाचन विभाग प्रभारी अमित जोशी ने बताया कि मंगलवार को सुबह 10:30 बजे उपखंड अधिकारी कार्यालय में बैठक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में मतदान केन्द्रों पर बुथ स्तरीय अभिकर्ताओं की नियुक्ति, मतदाता सूची में लिंगानुपात और मतदाता जनसंख्या अनुपात में सुधार सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष, सचिव, सदस्य व प्रतिनिधि शामिल होंगे।

# मंडावर में 20 मार्च से शुरू होगा श्री देवनारायण वार्षिक मेला

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** गांव मंडावर स्थित देवडूंगरी में लोकदेवता श्री देवनारायण महाराज के 1113वें जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय वार्षिक मेले की शुरुआत 20 मार्च को ध्वजारोहण के साथ होगी। आयोजन समिति ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्य कार्यक्रम 20 मार्च को होगा। ध्वजारोहण के बाद शोभायात्रा निकलेगी। रात में विशाल भजन संध्या और प्रतिभा सम्मान समारोह होगा।

21 मार्च को पैदल दौड़, साइकिल दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद सहित कई खेल प्रतियोगिताएं होंगी। 22 मार्च को रस्साकस्सी प्रतियोगिता और समापन समारोह होगा। मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष चौथमल गुर्जर ने बताया कि पदाधिकारी और सदस्य तैयारियों में जुटे हैं। मेले से जुड़ी सुविधाओं के लिए जरूरी निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में तैयारियों पर चर्चा हुई। कमेटी गठित कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मंदिर ट्रस्ट ने छाया, पानी और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंदिर की साज-सज्जा और भक्तों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम हो रहे हैं। दुकानदारों और आमजन को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए कार्यकर्ता पूरी लगन से जुटे है।

# ग्रामीण इलाकों में बढ़ी मवेशी चोरी की घटनाएं, पशु पालकों में आक्रोश

## चोरी हुए मवेशियों की अनुमानित कीमत 1.50 लाख रूपये

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** ग्रामीण इलाकों में बढ़ी मवेशी चोरी की घटनाओं से लोगों में चिंता गहराई हुई हैं। बिते कुछ महीनों से लोगों के घर के सामने और बाड़े से पशुओं की चोरी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मवेशी चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य बड़े शातिर तरीके से पशुओं को कार व लोडिंग वाहन में भरकर ले जा रहे है। इस तरह की घटनाओं के बढ़ने के बाद भी पुलिस न तो चोरों को पकड़ पा रही है और ना ही उनका किसी तरह का सुराग जुटा पा रही है। इससे ग्रामीणों व पशु पालकों में आक्रोश है। शनिवार रात में भी प्रागपुरा थाना इलाके के ग्राम पंचायत लाडाकाबास की ढाणी खेड़ी में एक किसान के बाड़े में बंधे एक बकरा समेत आधा दर्जन बकरियों को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित किसान बृजमोहन गुर्जर ने अपने घर बाड़े से रात के समय एक बकरा व छह बकरियां चोरी हो जाने की प्रागपुरा थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी है। पीड़ित ने मवेशी चोरी के घटनाक्रम में ग्राम पंचायत के प्रशासक मदन व सरोज यादव को भी सूचना देकर मामले से अवगत करवाया। जिस पर उन्होंने पुलिस थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही करने एवं पीड़ित किसान के मवेशियों का जल्द से जल्द पता लगाने की मांग की। पिड़ीत का कहना है कि उन्होंने रात में खाना खाकर मवेशियों को बाड़े में बद किया था लेकिन सुबह देखा तो उनके आधा दर्जन बकरी व एक बड़ा बकरा गायब मिला। जिनकी अनुमानित कीमत करीबन 1.50 लाख रूपये है। पुलिस ने जांच शुरू कर जल्द मामले का खुलासा करने की बात कही है।

# वार्षिक कर जमा नहीं कराने वाले 56 वाहनों के विरूद्ध की गई कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. ) ।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि ऐसे वाहन जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक कर जमा नहीं कराया है के विरूद्ध सीज कार्रवाई प्रारम्भ करते हुए परिवहन विभाग के उडन दस्तों द्वारा 16 मार्च को अलवर कार्यालय क्षेत्राधिकार में 37 वाहनों तथा भिवाडी कार्यालय क्षेत्राधिकार में 19 वाहनों को सीज करने की कार्रवाई कर नियमानुसार 3 प्रतिशत पेनल्टी एवं कर राशि के दोगुने तक प्रशमन राशि वसूली गई। उन्होंने बताया कि इन वाहनों के अतिरिक्त अलवर कार्यालय के उडन दस्तों द्वारा ई-रवन्ना बकाया वाले वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्रवाई कर ई-रवन्ना बकाया वाले 10 वाहनों को सीज किया जाकर बकाया राशि वसूली गई। उल्लेखनीय है कि परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग द्वारा बकाया ई-रवन्ना प्रकरणों के निस्तारण हेतु एमनेस्टी योजना लाई गई है जिसके अंतर्गत ई-रवन्ना प्रकरणों पर देय राशि में 95 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है। अतः वाहन स्वामियों से आग्रह है कि वार्षिक कर देयता वाले भार वाहनों का वर्ष 2025-26 का कर यथाशीघ्र जमा करवाकर तथा ई-रवन्ना बकाया वाले वाहनों का निस्तारण एमनेस्टी योजना के अंतर्गत करवाते हुए वाहन जब्ती संबंधी अनावश्यक परेशानी से बचें।

# गायत्री परिवार का होली मिलन समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. ) ।** गायत्री परिवार के अलवर भरतपुर, डीग,नगर,कुम्हेर, नदबई, हिंडौन, सूरोठ,करौली,धौलपुर,वैर,भुसावर,बयाना,रूपबास, कामां पहाड़ी, बडौदा मेव, कठूमर, गोविंदगढ़,रामगढ़, लक्ष्मणगढ़,बारा भडकोल,राजगढ़, महुआ, मंडावर, भिवाड़ी,खैरथल, किशनगढ़, बानसूर, दोसोद आदि सहित सभी क्षेत्रीय परिजनों को के लिए गायत्री प्रज्ञा पीठ बाबैन जिला डीग पर 18 मार्च मंगलवार को दोपहर 1 बजे होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा जाएगा। जिसमे बाबैन में हुए 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ की अनुयाज प्रक्रिया,नगर के 108 कुंडी महायज्ञ का याजए एवं खेरली गंज के 108 कुण्डी गायत्री महायज्ञ के प्रज्ञा के कार्यक्रमों के बारे में विचार मंथन भी होगा।

# प्रभारी मंत्री मीणा ने राजा हसन खां मेवाती के 499वें शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. ) ।** कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने सोमावार को तेलियाबास, कौलाणी (रघुनाथगढ) में अलवर के शहीद राजा हसन खां मेवाती के 499वें शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। कृषि मंत्री डॉ. मीणा ने महान राष्ट्रभक्त योद्धा राजा हसन खां मेवाती को नमन कर आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि मेवात की संस्कृति साझा संस्कृति के रूप में अनूठी पहचान लिए हुए है। यह वीरों की भूमि है। उन्होंने कहा कि राजा हसन खां मेवाती ने बाबर जैसे आक्रांताओं के विरूद्ध मातृभूमि के लिए खानवा के युद्ध में राणा सांगा की तरफ से लडते हुए वीरता, पराक्रम, वतनपरस्ती व सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश कर अलवर का नाम इतिहास के पन्नों में अमर किया। उन्होंने कहा कि अलवर का इतिहास प्रेम, भाईचारे व सौहार्द का रहा है, इसे बनाए रखना हम सब का नैतिक दायित्व है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि हसन खां मेवाती की स्मृति में अगली बार लक्खी मेले के आयोजन कराने का संकल्प लेवे। उन्होंने गांव के विकास हेतु मेवात विकास बोर्ड में एक करोड रूपये की राशि उपलबध कराने की घोषणा की। उन्होंने मेव समाज के प्रतिनिधियों से कहा कि मेवात क्षेत्रा के कुछ अपराधियों की वजह से बदनाम हो रहा है। इस क्षेत्रा को अपराध मुक्त बनाने के लिए समाज के मोजिज लोगों को समाज सुधार का बीडा उठाना होगा। उन्होंने शिक्षा को समाज की उन्नति का माध्यम बताते हुए बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपराधी का कोई जाति व धर्म नहीं होता है। उन्होंने कहा कि प्रयास रहेगा कि अपराधियों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई हो और बेगुनाह व्यक्ति को नाजायज परेशान न किया जाए। मंत्री डॉ. मीणा ने तेलियाबास में मृतक बालिका के घर पर जाकर परिजनों को विश्वास दिलाया कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच होगी। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम कौलाणी (रघुनाथगढ) के ऐतिहासिक स्थल का निरीक्षण किया तथा ग्राम धनेटा में गोशाला का दौरा किया। इससे पहले मंत्री डॉ. मीणा ने अलवर सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक प्रकरण का नियमानुसार त्वरित निराकरण करें।

इस दौरान मेव समाज के प्रतिनिधियों ने तेलियाबास प्रकरण की निष्पक्ष जांच के संबंध में ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नसरू खान, हसन खां मेवात यादगार कमेटी अलवर के अध्यक्ष मोलाना महोम्मद हनीफ मैनेजर सप्पात खान, हारून शौकीन तथा मेव समाज के मोजिज व्यक्तियों सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

### दरवाजे के सामने पक्का निर्माण करवाकर बेवा महिला का रास्ता अवरुद्ध करने का मामला

# वस्तुस्थिति का जायजा लेने व आम रास्ते को खुलवाकर भयमुक्त करने की गुहार

## क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ को सौंपा ज्ञापन, तहसीलदार को वस्तु स्थिति देखने का निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** उपखंड क्षेत्र के नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा में निवासरत एक एससी समाज की बेवा महिला को परेशान करने का मामला संज्ञान में आया है। प्रार्थिया रेवती देवी पत्नि स्वर्गीय रोहिताश आर्य ने क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ को ज्ञापन देकर मामले से अवगत करवाया कि वो प्रागपुरा कस्बे की अम्बेडकर कॉलोनी निवासी है जो की एक बेवा महिला है, जिसके चार बच्चे है जो सभी मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रहे है। प्रार्थिया ने बताया कि मेरे घर के सामने व पीछे की साईड़ दो आम रास्ते हैं। जिसमें घर के दरवाजे सहित जंगले व छज्जे बने हुए है जो कि नगरपालिका से जारी प?ट्टे समेत तहसील में रजिस्टर्ड भी है। ज्ञापन में उल्लेख है कि पूर्व में यहां करीब 20 फीट इंटर लॉकिंग सड़क भी बनी हुई हैं। यह रास्ता बलाई समाज, यादव समाज, पुरोहित समाज व राजपूत समाज के शमशानों के सामने से भैरु बाबा मंदिर तक जा रहा है। आरोप है कि 01 मार्च 2025 को व्यक्ति विशेष के लोगों द्वारा मेरे घर के दरवाजे और जंगले के आगे लगभग 10 फीट ऊंची पक्की दीवार निर्माण कर मेरे आम रास्ते को अवरुद्ध कर दिया गया और सार्वजनिक रास्ते के गेट लगाकर वहां ताला लगा दिया। जिससे मेरे आवागमन का रास्ता बंद हो गया। प्रार्थिया का कहना है कि मेरे घर निर्माण कार्य चालू है लेकिन मेरे मकानों के सामने दिवार लगी होने से यह आम रास्ता बंद हो गया। जिससे निर्माण कार्य के लिए पत्थर बजरी भी मैं अपने यहां नहीं ले जा पा रही हूं। प्रार्थिया रेवती देवी पत्नी स्वर्गीय रोहिताश आर्य का कहना है कि मैं और मेरे बच्चों ने जब उन्हें समझाने की कोशिश की तो मेरे पूरे परिवार को पुलिस में बंद करवाने और जान से मारने की धमकी दी गई और कहा कि चुप रहो वरना अभी तो दरवाजा बंद किया है अगर किसी को शिकायत की तो घर पर बुलडोजर चलवा देंगे। बेवा महिला का कहना है कि उसके परिवार पर अत्याचार किया जा रहा है। जिससे परिवार के सदस्य भयभीत होकर डरे हुए हैं। उन्होंने अधिकारियों से वस्तुस्थिति का जायजा लेने व दरवाजे के सामने की दिवार हटाने व आम रास्ते को खुलवाकर भयमुक्त करने की गुहार लगाई है।

इस पर विधायक धनकड़ ने तहसीलदार संजय खेदड़ को मौका स्थिति देखने के निर्देश देते हुए उचित समाधान का आश्वासन दिया। वहीं पावटा एसडीएम कपिल कुमार उपाध्याय के रिड़र कैलाश चंद सैनी व तहसीलदार संजय खेदड़ ने वस्तु स्थिति देखकर मौके पर लगे जाति विशेष के लोगों द्वारा लगाये गेट को अतिक्रमण ठहराया है।

# पूर्व दस्यु जगन गुर्जर को जान से मारने की धमकी, बाड़ी कोतवाली में भांजे के खिलाफ दर्ज कराया मामला

## पुलिस बोली-शराब के नशे में फोन पर हुआ विवाद

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** पूर्व दस्यु जगन गुर्जर को जान से मारने की धमकी मिली है। जगन ने बाड़ी कोतवाली में नामजद मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में रिंकू गुर्जर निवासी धोंसपुर के खिलाफ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी अमित शर्मा ने बताया-पूर्व दस्यु की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है। धमकी देने वाले युवक की तलाश की जा रही है। मामले में जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रिपोर्ट में जगन ने बताया-रविवार सुबह बाड़ी में रेलवे पटरी के पास स्थित घर में सो रहा था। सुबह 10 बजे उसके नंबर पर अनजान नंबर से तीन बार कॉल आए। इसके बाद जब फोन उठाया तो रिंकू पुत्र शंकर गुर्जर ने सीधे गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पूर्व दस्यु का कहना है कि आरोपी से उसकी पुरानी कोई रंजिश नहीं है। अचानक से उसने अपना नाम बताते हुए धमकी दी है। जिसको लेकर उसने पुलिस मे आरोपी का मोबाइल नंबर और नाम बताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



**इनका ये कहना :** घटना को लेकर कोतवाली थाना अधिकारी अमित शर्मा का कहना है कि मामले में जांच की गई है। जिसमें रिंकू पुत्र शंकर गुर्जर, पूर्व दस्यु जगन गुर्जर का भांजा है, जो गुजरात में मजदूरी करता है। शराब के नशे में दोनों के बीच में मोबाइल पर विवाद हुआ है। आरोपी से बात हो गई है, उसे बाड़ी बुलाया गया है।

**कौन है जगन गुर्जर :** जगन गुर्जर धौलपुर के डांग के भवतीपुरा का रहने वाला है। साल 1994 में जीजा की हत्या का बदला लेने के लिए वो डकैत बना। इसके बाद तो जगन ने चंबल के बीहड़ों में कई मर्डर किए। एक वक्त तो उस पर राजस्थान, उप्र और मप्र के कई थानों में 100 से ज्यादा मामले दर्ज थे। गुर्जर आरक्षण आंदोलन के दौरान जगन ने तत्कालीन सीएम वसुंधरा राजे के धौलपुर स्थित महल को उड़ाने की धमकी दी थी। इसके बाद राजस्थान पुलिस ने जगन पर 11 लाख रुपए का इनाम रख दिया। दबाव बढ़ा तो जगन ने 2009 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री सचिन पायलट के आगे सरेंडर कर दिया।

# मासिक जनसुनवाई बैठक का आयोजन, दिन बदला तो नहीं आये लोग चार घंटे की बैठक में 09 परिवाद आये सामने, तीन का मोके पर समाधान

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में मासिक जनसुनवाई बैठक का आयोजन सोमवार को पंचायत समिति सभागार में किया गया। हर महीने के दूसरे गुरुवार को आयोजित होने वाली इस बैठक में गुरुवार को होली के त्यौहार की छुट्टी होने के चलते यह मासिक जनसुनवाई आज सोमवार को रखी गई लेकिन लोगों को जानकारी नहीं होने के चलते पुरी जनसुनवाई बैठक में चार घंटे के अंदर केवल नौ परिवाद सामने आए। जिनमें से तीन परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। एसडीम भगवत शरण त्यागी के अध्यक्षता में आयोजित हुई उक्त मासिक जनसुनवाई बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के बख्तूपुरा से सत्यदेव गौड़ ने राशन कार्ड को आधार कार्ड से सीडिंग करने,नोहरा गांव की सुधा रानी ने सामाजिक पेंशन को चालू करने,बाड़ी शहर की परशुराम कॉलोनी के राजेश शर्मा ने बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट सही कराने की मांग की।

वहीं तुलसी वन रोड की तबस्सुम ने राशन कार्ड को लेकर अपनी समस्या अधिकारियों के सामने रखी। जनसुनवाई बैठक के दौरान सिंगोरई के हरी ने राशन कार्ड में नाम जुड़वाने,खेड़ली के अरुण ने जन्म प्रमाण पत्र बनवाने,मास्टर कॉलोनी के प्रमोद शर्मा ने रास्ते से अतिक्रमण हटाने, होद गली नंबर 7 की गीता देवी ने जन आधार से बेटी का नाम हटवाने और चवरिया पाड़े की सुनीता ने घरेलू गैस सिलेंडर दिलवाने, पुराने बाजार वासियों ने मोबाईल टावर हटाने का परिवाद अधिकारियों के सामने रखा। जिन्हें संबंधित विभाग को सौपा गया है साथ में तीन परिवादो का मौके पर निस्तारण किया गया है। मासिक जनसुनवाई बैठक के दौरान ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ गब्बर मीना,शिक्षा विभाग के राजेश शर्मा, पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी राजेश शर्मा, नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल, तहसीलदार उत्तमचंद बंसल के साथ एसडीएम ऑफिस के सीपी मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# शहर के अस्पताल में शुरू हुई किडनी से जुडी बीमारियों को लेकर डायलिसिस की सुविधा

## सात दिन में आठ मरीजों को मिला लाभ, शहर और ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों के लिए वरदान

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के सामान्य अस्पताल में किडनी मरीजो के लिए डायलिसिस की सुविधा शुरू की गई है। पिछले सात दिन से शुरू हुई इस सेवा में अब तक आठ मरीजों को लाभ भी मिल चुका है। ऐसे में किडनी इन्फेक्शन से जूझ रहे लोगों के लिए इसे वरदान माना जा रहा है। उपखंड के रामसागर बांध किनारे कल्याणपुर गांव के रहने वाले 18 वर्षीय विवेक ने इसे बहुत अच्छा बताया है। विवेक की डायलिसिस अब तक जयपुर में होती थी। था। जिसमे प्रत्येक सप्ताह उनको जयपुर जाना पड़ता था। अब उन्हें घर के पास ही निशुल्क उपचार मिल रहा है। विवेक के जन्म से एक किडनी है। वह भी आप पूरी तरह काम नहीं कर रही। ऐसे में उनकी डायलिसिस जरूरी है। शहर के सामान्य अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिकिशन मंगल ने बताया की प्रथम बजट में भजन लाल सरकार ने डायलिसिस की सुविधा शुरू करने की घोषणा की थी। जिसे पी पी मोड पर रीनल प्रोजेक्ट के तहत शुरू किया गया है। जिसके लिए टेक्नीशियन भी उपलब्ध कराया है। ऐसे में डायलिसिस की पूरी प्रक्रिया 07 मार्च से शुरू कर दी गई है। इस डायलिसिस यूनिट में अब तक आठ मरीजों को उपचार दिया जा चुका है। डायलिसिस यूनिट की टेक्नीशियन अमित कुमार ने बताया कि वह मूलत गोरखपुर के रहने वाले हैं। उन्होंने रेयर केयर यूनिट का कोर्स किया है। ऐसे में कंपनी ने उन्हें लगाया है। अब तक भी 8 मरीजों की डायलिसिस कर चुके हैं। वही डायलिसिस यूनिट के इंचार्ज नर्सिंग अधिकारी पवन राघव ने बताया कि डायलिसिस की सभी मशीन बहुत अच्छी तरह वर्क कर रही है। सारे संसाधन उपलब्ध हैं। पर बेहतर सुविधाओं के लिए एक फिजिशियन चिकित्सक और एक नेफ्रोलॉजिस्ट चिकित्सक की जरूरत है। डायलिसिस वार्ड के नोडल अधिकारी डॉ पवन गोस्वामी ने बताया कि इस सुविधा के शुरू होने से शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। क्योंकि ज्यादातर मरीजों को डायलिसिस करने के लिए ग्वालियर, आगरा या जयपुर जाना पड़ता है। जहां पैसा भी अधिक खर्च होता है। सरकार ने यह सुविधा सामान्य अस्पताल में निशुल्क रूप से उपलब्ध कराई है।

# शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर रहे जिले के दौरे पर

## ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई को प्रभावी रूप से कराने व गांवों की साफ-सफाई पर दिया जोर, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु नैतिक शिक्षा पर दिया जाए बल

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. ) ।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने सोवमार को जिले के दौरे पर रहकर शिक्षा व पंचायती राज विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिये। मंत्री मदन दिलावर ने जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों से विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले की ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई का कार्य नियमित रूप से करावे तथा कचरे का उठाव व उसका निस्तारण भी सुनिश्चित करावे। उन्होंने कहा कि आमजन से समन्वय कर गांवों में बर्तन भंडार बनवाए, ताकि गांव प्लास्टिक कचरे से मुक्त होने की दिशा में आगे बढ सके। उन्होंने ग्राम वासियों की समस्याओं के स्थानीय स्तर पर ही समाधान के लिए माह के प्रथम गुरुवार को आयोजित होने वाली ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई को प्रभावी रूप से संपन्न करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि जिले के विद्यालयों को प्लास्टिक मुक्त करने हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली, अपने परिवेश को स्वच्छ रखने, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव आदि के बारे में बताने के साथ नैतिक शिक्षा पर भी बल दिया जावे। उन्होंने जिले में बोर्ड परीक्षाओं के संचालन की जानकारी लेकर सुचारू रूप से बोर्ड परीक्षाएं संपन्न करवाने के निर्देश दिए। जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, सीडीईओ महेश गुप्ता, डीईओ मनोज शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सहायक आचार्य बने डॉ. कैलाश चंद गुर्जर

## ग्रामवासियों ने गुर्जर को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया

बढ़ता राजस्थान



**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** क्षेत्र के ग्राम बिठलौदा निवासी डॉ. कैलाश चंद गुर्जर का हरियाणा सेंट्रल यूनिवर्सिटी महेंद्रगढ़ में प्रोफेसर सह आचार्य पद पर प्रमोशन हुआ है। गुर्जर को सह आचार्य बनाये जाने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर है। गुर्जर की इस उपलब्धि पर बड़ी संख्या में लोगों ने वरिष्ठ शिक्षक बिहारी लाल आर्य के नेतृत्व में हर्ष व्यक्त करते हुये सोमवार को ग्राम बिठलौदा में सम्मान समारोह का आयोजन रखा। इस मौके पर डॉ. कैलाश चंद गुर्जर का ग्रामीणों द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. गुर्जर सामाजिक कार्यो में भी बेहद सक्रिय रहते है। इस दौरान देवकरण सूबेदार, हरलाल डोई, रामकरण अध्यापक, धोलाराम गुर्जर व्याख्याता, रणधीर गुर्जर ओएसए सचिवालय जयपुर, वार्ड पंच संजय कुमार खारडिया, कृष्ण भगत, रामकरण दायमा, पूरण खटाणा, सेवाराम हवलदार सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन समय पर हो जिससे जनता को पूरा लाभ मिल सके

- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सांगोद क्षेत्र की विकास योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश
- हर खेत तक रास्ता पहुंचने का संकल्प दोहराया, अधिकारियों से कहा पंचायत में जाएं
- अधिकारियों को पीएम किसान सम्मान निधि की पेंडेंसी जीरो करने के भी निर्देश दिए

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (का.स.)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि बजट घोषणाएं समयबद्ध रूप से पूरी हों, ताकि तय समय पर इन्हें धरातल पर उतारा जाए। जनता को इनका पूरा लाभ मिल सके। ऊर्जा मंत्री ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सांगोद विधानसभा क्षेत्र के लिए की गई बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की तैयारियों व गत वित्तीय वर्ष की बजट घोषणाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। नागर ने इस अवसर पर कहा कि हर खेत तक रास्ता पहुंचाना हमारा संकल्प है। इस संकल्प की सिद्धि में अधिकारी भी सहयोगी बनें, अधिकारी पंचायतों में जाएं खेतों के लिए रास्ते सुनिश्चित कराएं। प्रचलित रास्तों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए, ताकि नरेगा के तहत काम कराए जा सकें।

**केवाईसी के लिए भटकें नहीं किसान :** ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को पीएम किसान सम्मान निधि की पेंडेंसी जीरो करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा, किसानों की केवाईसी करने के लिए संवेदनशील कर्मचारियों की नियुक्ति हो और केम्प लगाकर कमियों को दूर किया जाए। किसान को भटकना न पड़े और कोई पात्र किसान वंचित न रहे।

**गर्मी में बिजली-पानी के समुचित प्रबंध हों :** गर्मी के दिनों में पानी-बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए नागर ने कहा, डिस्ट्रिब्यूशन बढ़ाते हैं तो प्रेशर और पाइप भी बढ़ना चाहिए। जहां टेंकर, हेंडपम्प की आवश्यकता है, वहां उपलब्ध कराया जाए। जल संसाधन विभाग से सम्बंधित बजट घोषणाओं में सीमल्या में फ्लड डाइवर्जन, विनोद खुर्द में जल भराव एवं बाढ़ बचाव कार्यों, सावन भादौ बांध में व्यर्थ बहकर जाने वाले पानी के प्रबंधन सहित अन्य योजनाओं के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री ने सीएडी के तहत संचालित और प्रस्तावित नहर सुदृढ़ीकरण कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि मैन केनाल पर जर्जर पुलियाओं को सुधारा जाए। पुलिया की पर्याप्त चौड़ाई का भी ध्यान रखा जाए। पीएम सूर्य घर एवं आदर्श सौर ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नए जीएसएस के लिए जमीन का आवंटन तुरंत करने के निर्देश भी दिए।

**चिकित्सकों का मुख्यालय पर ठहराव सुनिश्चित हो :** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से सम्बद्ध कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री नागर ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकों का मुख्यालय पर ठहराव सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य केन्द्रों के उन्नयन सम्बंधी कार्य मौजूदा भवन में उपलब्ध भूमि एवं भवन का समुचित उपयोग करते हुए किया जाए।

### बस स्टेंड निर्माण के लिए शीघ्र शुरू हो काम

ऊर्जा मंत्री ने दीगोद एवं कनवास में प्रस्तावित रोडवेज बस स्टेंड की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही रोडवेज बसों का वांछित मार्गों पर संचालन सुनिश्चित करने और निजी बस संचालकों द्वारा परमिट के रूट पर ही बस चलाने के लिए पाबंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, यात्रियों से मनमाना किराया ना वसूलें, यह भी सुनिश्चित करें। आंगनबाड़ी केन्द्र स्कूलों में ही संचालित करने के निर्देश दिए।

### किसानों की सुविधा के लिए शिविर लगाएं

जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने मंत्री के निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराने के सम्बंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। पीएम किसान सम्मान निधि में सभी पात्रों को लाभान्वित करने के लिए किसानों की सहायतार्थ शिविर लगाने के निर्देश दिए। रास्तों की समस्या के सम्बंध में उपखंड अधिकारी मौके पर जाकर और जनसुनवाई के माध्यम से रास्तों के प्रकरणों का निस्तारण करें।

### ये जनप्रतिनिधि-अधिकारी भी रहे मौजूद

बैठक में जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, सुल्तानपुर प्रधान कृष्णा शर्मा, सांगोद प्रधान जयवीर सिंह, उप प्रधान ओम अडूसा, एडीएम (प्रशासन) मुकेश चौधरी, सीलिंग कृष्णा शुक्ला, प्रशासन व पुलिस तथा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।



# वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सेकंड के चुनाव में कोटा के लायन सीपी विजयवर्गीय का नामांकन, चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** लायंस क्लब कोटा की ओर से प्रांत 3233 ई2 में वर्ष 2025-26 के वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सेकंड पद के चुनाव के लिए लायन सीपी विजयवर्गीय को प्रत्याशी घोषित किया गया है। चुनाव संयोजक एमजेएफ अशोक नुवाल ने बताया कि सोमवार को गुमानपुरा, पुलिस थाने के समीप पूर्व प्रांतपाल लायन राजेन्द्र अग्रवाल व पूर्व प्रांतपाल लायन पूर्णिमा खंडेलवाल ने इनके चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। यह चुनाव 19 व 20 अप्रेल को उदयपुर में होंगे। प्रत्याशी विजयवर्गीय ने बताया कि चुनाव संयोजक लायन अशोक नुवाल एवं कोटा रीजन के अन्य लायन साथियों के साथ पूरे प्रांत का व्यापक जनसम्पर्क जारी है। पूरे प्रांत में लगभग 5200 सदस्य हैं। अधिकांश क्लबों ने मत एवं समर्थन का पूर्ण आश्वासन दिया है।

**भ्रातृत्व और सेवा को देंगे नया आयाम :** अपने सम्बोधन में लायन सीपी विजयवर्गीय ने कहा, मेरा प्रयास होगा कि हम सभी भ्रातृत्व की भावना को और अधिक मज़बूत करें। सेवा के क्षेत्र में हम एक नई क्रांति लाएंगे और प्रेम भाव व सद्भाव को बढ़ावा देंगे।

मेरी योजना है कि डिस्ट्रिक्ट में नए सेवा प्रकल्पों को जोड़ा जाए, ताकि समाज के अधिक से अधिक वर्गों तक लायंस क्लब की सेवाएं पहुंच सकें।

पूर्व प्रांतपाल राजेन्द्र अग्रवाल ने इस अवसर पर बताया कि प्रांत 3233 ई2 चार भागों में विभक्त है। इनमें कोटा, उदयपुर व अजमेर संभाग के साथ जोधपुर संभाग और मध्य प्रदेश के नीमच व मंदसौर जिले भी शामिल हैं। इस पूरे प्रांत में 5200 से अधिक लायन साथी सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि, विजय को सभी क्लबों के सदस्यों का भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। अग्रवाल ने लायन सीपी विजय को लायंस क्लब इंटरनेशनल की पिन लगाकर सम्मानित भी किया, जो उनकी सेवाओं और समर्पण का प्रतीक है।

# कायस्थ समाज ने भगवान श्री चित्रगुप्त व कलम दवात का सामूहिक पूजन किया

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** क्षेत्रीय कायस्थ सभा व श्री कायस्थ सभा व ट्रस्ट, राजस्थान कायस्थ महासभा व राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद ने भाई दूज के अवसर पर कलम-दवात का सामूहिक पूजन किया। इस मौके पर भगवान धर्मराज चित्रगुप्त का महाश्रृंगार कर आरती उतारी। कोटा जिला अध्यक्ष विकास सक्सेना ने बताया कि कोटा जंक्शन हाट रोड पर धर्मराज चित्रगुप्त मन्दिर, बालाजी प्रांगण में यह आयोजन हुआ।

इस अवसर पर महाप्रसादी का आयोजन भी हुआ। इसमें श्री कायस्थ सभा कोटा के अध्यक्ष सत्यनारायण श्रीवास्तव ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। श्री कायस्थ सभा ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोपाल ने सुधार के लिए उचित कदम उठाने का प्रस्ताव रखा।

सचिव आमोद कुदेशिया, उपाध्यक्ष रोहित सक्सेना, राजस्थान कायस्थ महासभा के प्रदेश सचिव पंकज मोहन सक्सेना, प्रदेश उपाध्यक्ष रानी श्रीवास्तव, संभाग प्रभारी सचिव अरुणा ने भगवन धर्मराज चित्रगुप्त जी का अवतरण दिवस 7 अप्रेल को हर्षोल्लास से मनाने पर जोर दिया। क्षेत्रीय अध्यक्ष डीके सक्सेना, सचिव राजीव माथुर, जिला उपाध्यक्ष सुमित माथुर, प्रदेश संयुक्त सचिव विवेक सक्सेना अटल, सहसचिव संजय श्रीवास्तव, ट्रस्ट सह मंत्री विजय सक्सेना व ट्रस्ट सहसचिव जयेश माथुर ने 30 मार्च को नवसंवत्सर आयोजन के लिए रूपरेखा बनाई।

# राजस्थान में बकरी पालन को बढ़ावा देने के अभियान के तहत बूंदी में सतत बकरी पालन सम्मेलन, किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

- रिलायंस फाउंडेशन, आईसीएआर-सीआईआरजी और पशुपालन विभाग के सहयोग से आयोजित हुआ कॉन्क्लेव
- जिला परिषद के सीईओ रवि वर्मा, आईसीएआर-सीआईआरजी निदेशक डॉ. एमके चटली सहित विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (का.स.)।** राजस्थान में सतत बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिए रिलायंस फाउंडेशन, आईसीएआर-सीआईआरजी (केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान) और राजस्थान पशुपालन विभाग के सहयोग से बूंदी में एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें वैज्ञानिकों, नीति निर्धारकों, सरकारी अधिकारियों, प्रगतिशील बकरी पालकों और स्वयंसेवी संगठनों ने भाग लिया। सम्मेलन में वैज्ञानिक पद्धतियों, नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य और विपणन रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा कर किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया गया। राजस्थान में 2.08 करोड़ बकरियां (देश की कुल बकरियों का 14 प्रतिशत) हैं, जो छोटे और भूमिहीन किसानों की आजीविका का मुख्य स्रोत हैं। रिलायंस फाउंडेशन ने बूंदी, प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा के 260 गांवों में वैज्ञानिक बकरी पालन को बढ़ावा दिया है, जिससे 15,500 से अधिक परिवारों को लाभ मिला है। सम्मेलन में बूंदी जिला परिषद के सीईओ रवि वर्मा, आईसीएआर-सीआईआरजी (मखदूम, मथुरा) के निदेशक डॉ. एमके चटली, राजस्थान पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. रामलाल मीणा और आईसीएआर-सीएसडब्ल्यू आरआई (अविकानगर, टोंक) के निदेशक डॉ. अरुण तोमर आदि विशेषज्ञों ने विचार साझा किए।

**प्रगतिशील महिला बकरी पालकों को सम्मानित भी किया :** रिलायंस फाउंडेशन के प्रतिनिधि नितिन शर्मा और राधा ठाकुर ने बताया कि फाउंडेशन विभिन्न क्षेत्रीय भागीदारों के सहयोग से सतत और लाभदायक बकरी पालन को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने इस सम्मेलन को दीर्घकालिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सहयोग बताया।

सम्मेलन में प्रगतिशील महिला बकरी पालकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 'उन्नत बकरी पालन- समृद्धि की ओर एक कदम' पुस्तिका भी जारी की गई।

# अटल भूजल योजना की कार्यशाला में जल संरक्षण के तरीकों की दी गई जानकारी, वर्षा जल संरक्षण पर भी दिया जोर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई भूजल विभाग की ओर से अटल भूजल योजना के तहत सोमवार को पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रिंसिपल, पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र लोकेश दाधीच, सहायक निदेशक कृषि विस्तार सांगोद डॉ. नरेश कुमार शर्मा व सहायक निदेशक उद्यान विभाग सांगोद सुमन मीणा रहे।

कार्यक्रम में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। अतिथियों का पौधे भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में पुरातन जल संरक्षण इकाइयों व जन सहभागिता पर चर्चा की एवं जल के महत्व को विस्तार पूर्वक समझाया। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में किस प्रकार जल का संरक्षण कर उसका सही और सरल उपयोग किया जा सकता है। वर्षा जल का सदुपयोग करते हुए इसका संग्रहण कर कृषि क्षेत्र में अधिक से अधिक उपयोग किया जा सकता है। भूजल के गिरते जल स्तर पर भी चर्चा की गई। राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से प्राप्त विभागीय अनुदान एवं अटल भूजल योजना में संचालित गतिविधियों द्वारा कृषि क्षेत्र में किस प्रकार पानी को रिचार्ज करने के लिए उचित संरचनाओं का निर्माण हो, जिससे कि भविष्य में जल को सुरक्षित किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन आईईसी एक्सपर्ट जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई सुनीता चौहान ने किया।

कोटा नोडल अधिकारी वरिष्ठ भूजल वैज्ञानिक अटल जल योजना, भूजल विभाग सुबोध मेहता ने योजना के तहत मुख्य उद्देश्य एवं योजना से सम्बंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। आपसी समन्वय से किस प्रकार गिरते भूजल स्तर को रोका जाए, इस पर भी चर्चा की गई। साथ ही, कम पानी वाली फसलें लगाने पर जोर दिया।

## केशोराय पाटन-बून्दी होकर आगरा कैंट से असारवा के बीच स्पेशल ट्रेन का संचालन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** रेल प्रशासन सीजन में भीड़ को कम करने के लिए गाड़ी संख्या 04169/04170 आगरा कैंट-असारवा-आगरा कैंट के बीच त्रि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 17 मार्च से 01 अप्रैल के बीच संचालित की जा रही है।

**आगरा कैंट-असारवा-आगरा कैंट स्पेशल ट्रेन :** गाड़ी संख्या 04169 आगरा कैंट से असारवा त्रि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगरा कैंट से सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को दोपहर 13.30 बजे प्रस्थान कर केशोराय पाटन 18.33 बजे, बून्दी 19.13 बजे आगमन कर असारवा अगले दिन 05.45 बजे पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 04170 असारवा से आगरा कैट त्रि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन असारवा से मंगलवार, गुरूवार एवं रविवार को सुबह 09.15 बजे प्रस्थान कर बून्दी 19.58 बजे, केशोराय पाटन 20.38 बजे आगमन कर अगले दिन रात 02.30 बजे आगरा कैंट पहुँचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट :** यह गाड़ी दोनों दिशाओं में फतेहपुर सीकरी, बयाना, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, केशोराय पाटन, बून्दी, मांडलगढ़, चंदेरिया, उदयपुर सिटी, डूंगरपुर एवं हिम्मत नगर स्टेशनों पर रुकेगी।

**कोच सरंचना :** इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 10 स्लीपर श्रेणी, 08 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 24 कोच होंगे। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि यात्रियों की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए सीजन में स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

## बेरोजगार आशार्थियों के लिए आज होगा एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले के बेरोजगार आशार्थियों के लिए 18 मार्च को नैनवां रोड स्थित होटल शगुन में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी भैरू प्रकाश नागर ने बताया कि शिविर में राज्य एवं राज्य से बाहर की विभिन्न निजी कंपनियां भाग लेगी। शिविर में बेरोजगार आशार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त होगें।

# पक्षी घर का निमार्ण अधूरा टहलने वालों के जान के लाले



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** खंडिया पार्क झालावाड़ में पक्षी घर का निर्माण कार्य करवाया गया जिसे लम्बे समय से अधूरा छोड़ रखा है पक्षी घर के नीचे चारों तरफ लगभग तीन फीट का गड्ढा है तथा निर्माण हेतु खुदाई की गई मिट्टी पार्क की दीवार के सहारे तथा घूमने के ट्रैक पर डाली हुई है एवं पंछी का निर्माण हेतु जेसीबी मशीन लाने से अंदर के नाले का ढकान दो जगह से क्षतिग्रस्त है जिससे यहां घूमने आने वाले आम नागरिकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है यहां पर पांच कॉलोनियां तिलकनगर, मास्टर कॉलोनी, खंडिया कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, कपिलवस्तु कॉलोनी के आम नागरिक घूमने आते हैं घूमने वाले आम नागरिक पक्षी घर के गड्ढे में व टूटे हुए नाले में गिरने का डर बना रहता है इस अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाने हेतु जिला कलेक्टर झालावाड़ को सोमवार को ज्ञापन दिया गया । ज्ञापन में सम्मिलित आम नागरिक हरिशंकर मीणा रिटायर्ड शाखा प्रबंधक ,सालिगराम दांगी उपाध्यक्ष राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला झालावाड़, मोहनलाल सेन, बृजमोहन मथुरिया रिटायर्ड वरिष्ठ अध्यापक, राज बहादुर सिंह, सतीश चंद्र शर्मा, प्रीतम सिंह, सत्यनारायण राठौर, रमेश चंद मीणा, रामेश्वर शर्मा, हरिशंकर प्रजापति, मधुसूदन आचार्य, सतीश चंद्र दुबे इत्यादि।

## हल्दीघाटी एक्सप्रेस का अरनेठा स्टेशन पर एक मिनट का ठहराव मिला

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** रेल प्रशाशन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु रतलाम-आगरा फोर्ट/यमुना ब्रिज आगरा-रतलाम हल्दीघाटी एक्सप्रेस का मंडल के अरनेठा स्टेशन पर प्रयोगिक तौर पर अगले आदेश तक एक मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। गाड़ी संख्या 19817 व 19818 रतलाम-आगरा फोर्ट/यमुना ब्रिज आगरा-रतलाम हल्दीघाटी एक्सप्रेस रतलाम से प्रस्थान कर दिनांक 18 मार्च को अरनेठा 20.14 आगमन कर गंतव्य को जाएगी एवं इसी प्रकार यमुना ब्रिज आगरा से प्रस्थान करने वाली गाड़ी दिनांक 19 मार्च को सुबह 03.44 बजे अरनेठा आगमन कर गंतव्य को जाएगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि हल्दीघाटी एक्सप्रेस का अरनेठा स्टेशन पर ठहराव से यात्रियों को लाभ मिलेगा। इस संबंध में यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन के ठहराव की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

# प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला का आसपास की महिलाओं ने ही सड़क पर करवाया प्रसव

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** रानपुर इलाके में एक 26 वर्षीय प्रसूता ने सड़क पर ही दे बच्चे को जन्म दे दिया। इस मामले में आरोप है कि प्रसूता के परिजनों ने एम्बुलेंस के लिए 108 पर कॉल किया, लेकिन वह करीब 1 घंटे बाद पहुंची। इस बीच प्रसव पीड़ा से बुरी तरह तड़प रही कालीबाई को आसपास की महिलाओं ने साड़ी, चद्दर और पलंग का इंतजाम कर पर्दा लगाकर सड़क पर ही उसका प्रसव करवाया। उसके बाद एम्बुलेंस पहुंची, तब उसे कोटा अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल प्रसूता और नवजात सकुशल हैं।

रानपुर में ही स्वास्थ्य केन्द्र है, लेकिन यहां प्रसव नहीं हो रहे हैं। ग्रामीण इलाके में जननी सुरक्षा योजना के तहत एम्बुलेंस भी उपलब्ध नहीं है। नगर निगम के उपमहापौर पवन मीणा ने रानपुर में जल्द एम्बुलेंस उपलब्ध करवाने व अस्पताल की मांग की है।

# जिला कलक्टर ने बेगू एवं रावतभाटा में विभिन्न कार्यालयों व विद्यालय का औचक निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़,(नि.स.)।** जिला कलक्टर आलोक रंजन सोमवार को बेगू, रावतभाटा के दौरे पर रहें। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यालयों एवं विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बेगू, रावतभाटा एवं पारसोली सब रजिस्ट्रार कार्यालय का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में साफ-सफाई एवं फाइलों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने तंबोलिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओ से संवाद किया व शिक्षा का स्तर सुधारने के निर्देश दिये।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# ईडब्ल्यूएस के मानदंड सभी वर्गों लागू हों : पाराशर नारायण

## समता आंदोलन समिति भरतपुर-डीग का विस्तार कार्यशाला व होली मिलन समारोह

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय् )** । समता आंदोलन हर इंसान एक समान एक राष्ट्र एक जान मेरा भारत महान के उद्देश्य को लेकर काम कर रहा है। आगे कहा कि यह आन्दोलन एट्रोसिटी एक्ट के खिलाफ नहीं बल्कि इस एक्ट के दुरुपयोग के खिलाफ है।जातिवाद के खिलाफ है समाज का हर वर्ग सम्माननीय है।हर समाज में शोषित वंचित पीडित हैं उनका उत्थान हो।समता आंदोलन केन्द्र के ईडब्ल्यूएस के मानदंड सभी वर्गों लागू हों तो वास्तविक कमजोर वंचित शोषित को लाभ पहुंचेगा। आरक्षित वर्गों में उपवर्गीकरण की मांग को सर्वोच्च न्यायालय ने जायज ठहराया है।उसे सरकार लागू करें।यह कहना है समता आंदोलन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पाराशर नारायण शर्मा का पाराशर नारायण शर्मा गिरीश रिसॉर्ट काली की बगीची पर समता आंदोलन समिति भरतपुर-डीग की कार्यशाला व होली मिलन समारोह के अवसर पर अपना उदबोधन दे रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समता आंदोलन के संभाग अध्यक्ष हेमराज गोयल ने की। विशिष्ट अतिथि संभाग अध्यक्ष शैक्षिक प्रकोष्ठ ओमप्रकाश शर्मा रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर अतिथियों द्वारा पुष्पाहार चढाकर व दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। संभाग अध्यक्ष हेमराज गोयल ने सभी अतिथियों का शब्दिक स्वागत किया गया। मनीष गुप्ता,अशोक शर्मा, योगेश जैन शुभनेश पाराशर ने आगंतुकों का पटका पहनाकर व चंदन का टीका लगाकर स्वागत किया।समता आन्दोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर ने बताया कि इस कार्यक्रम में भरतपुर-डीग जिले समता आंदोलन के लगभग एक सौ पच्चीस पदाधिकारीगण व सक्रिय सदस्य उपस्थित हुए। समता आंदोलन को ग्रासरूट तक कैसे पंहुचे,यह कैसे जन आंदोलन बने,किस प्रकार समता आंदोलन राष्ट्र की उन्नति में,सामाजिक समरसता में,समता लाने में भूमिका निभा सकता है आदि बिन्दुओं पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श हुआ। वक्ताओं में हरि शंकर शर्मा,कौशलेश शर्मा,हरिनारायण शर्मा मनोज खण्डेलवाल डीग, कल्पना,हेमन्त,डीग जिलाध्यक्ष राहुल लवानियां,महेश बाल्मीकि,बृजेश गोस्वामी लखनपाल सिंह,अनिल गर्ग,बालकिशन बंसल,योगेश समसपुर,अजय देव कौशिक,बहादुर सिंह घूते,गोविन्द माधव,योगेश शर्मा रूपबास आदि ने अपने विचार व सुझाव दिए। जिनसे यह निष्कर्ष निकल कर आया कि शहर के वार्ड व ग्राम पंचायत स्तर पर अध्यक्ष व सचिव मनोनीत कर कार्यकारिणियों का गठन किया जाए,ये कार्यकारिणियां वंचित शोषित पीडित परिवारों तक समता आंदोलन की नितियों की चर्चा करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक हकदार को मिले उनके लिए सहयोग करें। इस अवसर पर संभाग अध्यक्ष हेमराज गोयल, संभाग शैक्षिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, कौशलेश शर्मा, समता आन्दोलन जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, शहर सचिव मनीष गुप्ता ,जिला शैक्षिक प्रकोष्ठ सचिव अनिल गर्ग ,आयुर्वेद प्रकोष्ठ अध्यक्ष डा.सतीश पाराशर, संभाग शैक्षिक प्रकोष्ठ सचिव लखनपाल सिंह, संभाग युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष योगेश कौशिक, डीग जिलाध्यक्ष राहुल लवानियां, सहायक सचिव अशोक कुमार सारस ,जिला कोषाध्यक्ष योगेश जैन, रूपबास तहसील अध्यक्ष प्रेमवीर शर्मा ,हरि शंकर शर्मा,बृजमोहन,वैर तहसील अध्यक्ष गोपाल राम पाठक, मनोज मिश्र, भुसावर तहसील अध्यक्ष महेश चन्द जती, सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद डॉ.सुशील पाराशर,सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियन्ता सी.एम.गुप्ता ,डा.गुलाब सिंह लवानिया ,सुरेन्द्र उपाध्याय राज.पुलिस, आई पी सिंह रेल्वे, जय नारायण व्यास डीग आदि सैकडों गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

## भारतीय मजदूर संघ का जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन व ज्ञापन आज

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय कार्य समिति के निर्णयानुसार प्रत्येक जिला मुख्यालय पर कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम जिलाध्यक्ष श्रीमती रजनी शक्तावत व जिलामंत्री हरीश सुवालका के नेतृत्व में दोपहर 1 बजे ज्ञापन दिया जायेगा।जिलामंत्री हरीश सुवालका ने बताया कि निम्न मांगो जैसे- ईपीएस 95 की न्यूनतम पेन्शन 5000रू. तक की जाये व आमतौर पर वेतन का 50 प्रतिशत . मंहगाई राहत पेन्शन का भुगतान किया जाये। ईपीएफ की वेतन सीमा 15000 से बढाकर 30000 रूपये तथा ईएसआईसी की वेतन सीमा 21000 से 42000 रूपया की जाए। सार्वजनिक सम्पति की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाये व निजीकरण बन्द किया जाये। बीमा/वित्तीय क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश पर रोक लगाई जाये । स्कीम वर्कस (आंगनबाडी, आशा,ग्रामसाथी सहायिका इत्यादि) को सरकारी कर्मचारियो के समान वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा दी जाए। असंगठित क्षेत्र हेतु प्रर्याप्त राशी उपलब्ध कराई जाये । भामस की वरिष्ठ व प्रदेश विधिक सलाहकार प्रभाष चौधरी ने बताया कि आंगनबाडी कर्मचारी संघ के द्वारा भी प्रधानमंत्री महोदय को ज्ञापन दिया जायेगा जिसमें आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा, ग्रामसाथिन, को भी अपनी मांगे जैसे- स्थायीकरण, सेवानिवृति पर ग्रेच्युटी 5 लाख और जब तक स्थायी नहीं किया जाता तब तक 18000 रूपया मासिक वेतन आदि मांगो को लेकर भी प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया जायेगा।

## आर्य समाज का 108 कुंडिय महायज्ञ 31 मार्च को, 216 यजमान देगे आहुतियां

बढ़ता राजस्थान

**बयाना /भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** शुक्रवार को आर्यसमाज बयाना द्वारा नवसस्येष्टि पर्व मनाने के पश्चात अधिकारियों व कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से दिनांक 31मार्च सोमवार को नवसंवत्सर, आर्यसमाज के 150वें स्थापना दिवस एवं महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में लक्ष्मी पैलेस में 108 कुण्डीय यज्ञ दिव्यता एवं भव्यता से कराने का निर्णय लिया गया। यज्ञ में देशी गाय के 2 मन से अधिक घृत तथा अगर, तगर, जायफल, जावित्री आदि सुगन्धित; घृत आदि पुष्टिकारक; शक्कर, द्राक्ष आदि मिष्ट; गिलोय आदि रोगनाशक औषधियां, जड़ी बूटियों से युक्त सामग्री से नववर्ष की वेदमंत्रों द्वारा आहुतियां प्रदान की जाएंगी। कार्यक्रम लक्ष्मी पैलेस मैरिज होम में अपराह्न 4 से सायं 7.30 तक आयोजित किया जाएगा।आर्यसमाज बयाना के प्रधान आचार्य रविशंकर आर्य ने बताया कि 216 से भी अधिक यजमान यज्ञ में आहुतियां प्रदान कर सकेंगे। सामूहिक यज्ञ वैदिक विदुषी आचार्या हेमलता शास्त्री एवं आचार्या दीपा आर्या के द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा।यज्ञ के पश्चात भजनों की सुंदर श्रृंखला राष्ट्रीय भजनोपदेशक भजन सम्राट श्री संदीप आर्य गिल के द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। वैदिक विद्वानों के द्वारा वैदिक सनातन नववर्ष के स्वरूप एवं महत्व को जानने का सुअवसर प्राप्त होगा। यजमानों के लिए क्षेत्र के आधार पर महिला व पुरुषों को दायित्व सौंपा गया।कार्यक्रम के अन्त में भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी रहेगी।कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप आर्य को तथा सहसंयोजक सुधा बंसल,राधा आर्या, लक्ष्मी बंसल,अनीता गुप्ता,मुक्ता आर्या,राधा अग्रवाल,बबीता जैन,पूनम झालानी,अल्का बंसल,शिवानी बंसल,भावना गोयल को नियुक्त किया गया।

# उपभोक्ता जागृति सप्ताह का आयोजन 21 मार्च तक

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( नि.स. )।** विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर उपभोक्ता जागृति सप्ताह का आयोजन 15 से 21 मार्च तक किया जा रहा है। कार्यक्रम की थीम टिकाउ जीवन शैली की ओर एक उचित बदलाव पर आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है।

संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी ने बताया कि जिला स्तर पर संगोष्ठी का आयोजन थीम पर आधारित कार्यक्रम साइबर क्राइम व बचाव के उपाय पर आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता जागृति सप्ताह के तहत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाईन गूगल फार्म के माध्यम से किया जा रहा है जो 20 मार्च तक खुली रहेगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान राज्य का किसी भी आयु का कोई भी व्यक्ति उक्त स्लोगन प्रतियोगिता में ऑनलाईन उपभोक्ता मामले विभाग की साईट पर या लिंक के माध्यम से भाग ले सकता है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेताओं को 11000, 5100, 3100 व 1100 रूपये के पुरस्कार दिये जायेंगे। इसके संबंध में शहर के विभिन्न विद्यालयों एवं एम.एस.जे. कॉलेज में जाकर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई साथ ही कार्यक्रम से जुडने व स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पेम्पलेट वितरित कर छात्रों एवं आमजन को प्रेरित किया गया। संगोष्ठी के दौरान जिला रसद अधिकारी भरतपुर द्वारा समस्त जिलेवासियों से संतुलित जीवन शैली अपनाने हेतु आग्रह किया गया जिससे वर्तमान की जरूरतें भी पूरी होती रहें तथा आने वाली पीढी हेतु भी पर्याप्त संसाधन उपलब्ध रह सकें। जिला स्तरीय संगोष्ठी में विधिक माप विज्ञान अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, प्रवर्तन अधिकारी, प्रवर्तन निरीक्षक डीलर्स, पेट्रोल पम्प संचालक, ट्रांसपोटर्स, जिला रसद कार्यालय के कार्मिक आदि उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम अन्तर्गत 18 मार्च मंगलवार को भरतपुर जिले में संभाग स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा जिसका विषय खाद्य सामग्री में मिलावट, परीक्षण व विधिक प्रावधान है।

## मुख्यमंत्री शर्मा ने पूर्व सांसद पंडित रामकिशन को दी होली की शुभकामनाएं



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** होली मिलन समारोह के अवसर पर रविवार को जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे भरतपुर के पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन का राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आगे बढ़कर किया अभिवादन। मुख्यमंत्री ने पंड़ित रामकिशन को गुलाल और चन्दन लगाकर दी होली की शुभकामनाऐं। पूर्व सांसद ने भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को शुभकामनाऐं दी। पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन के सहयोगी इन्दल सिंह ने बताया कि इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पंड़ित रामकिशन से उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी ली तथा उनके और दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर राज्य के पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ और अरुण चतुर्वेदी सहित अन्य अनेक प्रमुख नेताओं ने भी पंड़ित रामकिशन को गुलाल चन्दन का टीका लगाकर होली की शुभकामनाऐं दी।

# श्रीअग्रवंश सेवा समिति, कृष्णा नगर, का होली मिलन समारोह

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** श्रीअग्रवंश सेवा समिति, कृष्णा नगर, द्वारा लक्ष्मी पैलेस मैरिज होम पर अग्र स्मारिका विमोचन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम के अध्यक्ष अतुल मित्तल जिला अध्यक्ष जिला अग्रवाल महासभा भरतपुर, एवम विशिष्ट अतिथि संजीव गुप्ता, मनोज जिंदल,अनुराग गर्ग, मुकेश सिंघल, जेश पीश अग्रवाल, सुभाष चन्द्र अग्रवाल( जयंती वाले ) राम कुमार गुप्ता, शालिनी मित्तल, नीतू अग्रवाल द्वारा की गई। सभी अतिथियों द्वारा भगवान अग्रसेन जी की तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया।तथा भगवान अग्रसेन की आरती के साथ जय घोष के नारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। सभी अतिथियों का इकाई के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल द्वारा पटका पहनकर स्वागत किया गया। इकाई के महामंत्री संजीव कुमार गोयल ने बताया कि इकाई के सभी भामाशाह तथा कार्यकर्ताओं का स्मृति चिन्ह एवं पटका पहना कर सम्मान किया गया तथा कार्यक्रम मै सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत गणेश बंदना के साथ शुरू की गई। तथा कार्यक्रम मै मथुरा वृन्दावन से आए कलाकारों द्वारा मनमोहक मयूर नृत्य,राधा कृष्ण की झांकी के साथ फूलों की होली खेली गई जिससे सभी अग्र जनों मै होली का आनन्द लिया। इकाई द्वारा अग्र स्मारिका का विमोचन किया गया।जिसमें इकाई के सभी सदस्यों का परिवार ब्यौरा दिया गया है। होली महोत्सव के अवसर पर इकाई द्वारा इकाई के बड़े भामाशाह सुनील कुमार गुप्ता को ब्रज रसिया के पद से सम्मानित किया गया तथा नगेंद्र सिंघल को ब्रज लौंटा के पद से सम्मानित किया गया। एवं अग्र स्मारिका के मुख्य संपादक जे पी अग्रवाल जी का भी स्वागत किया गया। इस मौके पर इकाई के लगभग एक हजार महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉश सतीश मंगल ,शंकर लाल गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम मै डॉशलक्ष्मी चंद्र अग्रवाल, डॉश अशोक गुप्ता, विनीत अग्रवाल नवरत्न गर्ग, विशन चंद बंसल, शोभा कंसल, सीमा पोद्दार, सुषमा अग्रवाल, ममता अग्रवाल,ज्योति गोयल, नरेश चंद्र सिंघल, दाऊदयाल गर्ग,र, पुनीत गर्ग, सुनील अग्रवाल, अनूप गुप्ता, होम चंद्र कंसल, गिर्राज प्रसाद,योगेंद्र गुप्ता,देवेंद्र गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

# बुरे विचारों को भूलकर होली माननी चाहिए-बहन कमलेश ब्रह्माकुमारी



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )** । बयाना के आर्य समाज रोड स्थित प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उप सेवा केंद्र पर 16 मार्च रविवार को भाई दूज एवं होली मिलन समारोह कार्यक्रम गुलाल एवं फूलों से बड़े धूमधाम से मनाया गया। होली मिलन समारोह कार्यक्रम बहन कमलेश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। ब्रह्माकुमारी बहन कमलेश ने बताया हमारे अंदर पवित्र विचार मन में होने चाहिए। मन के अंदर बुरे विचारों को त्याग कर हम होली का त्योहार मनाए। अर्थात जो बात हो गई उसे भूल जाओ। ब्रह्माकुमार टीकम भाई ने होली के विषय में बताया की हम होली पर रंगों का प्रयोग करते हैं ऐसे हमें भगवान की भक्ति में रंग जाना चाहिए। ब्रह्माकुमारी बहन साक्षी ने होलिका दहन के बारे में बताया कि होली में जैसे बुरे विचार जलकर राख हो जाते हैं और अच्छाई की जीत होती है ऐसे ही हमको अपने मन में अच्छे विचार को ग्रहण करना चाहिए और बुरे विचारों को होली के रंग में जलाकर राख कर देना चाहिए। अपने मन में अच्छे विचार उत्पन्न करें और पवित्रता के साथ होली खेले यही होली खेलने का उत्तम तरीका है। हमें एक दूसरे के प्रति उत्तम कामना और शुभकामनाएं रखनी चाहिए। होली के इस कार्यक्रम में बच्चों ने राधा कृष्ण के भेष में सांस्कृतिक प्रोग्राम के दौरान फूल और चंदन लगाकर होली खेली।

इस मौके पर राम खिलाड़ी भाई, सौरभ, पवन, कपिल, बजरंग, माया, पुष्पा कमलेश गुड्डी अनूप केशुला मधु,भगवान, देई, मीना,चिंतामणि संगीता, चंचल, शकुंतला आदि लोग मौजूद रहे।

## गहराता पेयजल संकट : आपूर्ति से परेशान महिलाओं ने किया प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** पेयजल समस्या को लेकर कस्बे की बसवार गली निवासी महिलाएं सोमवार को विभाग के भगत राज स्थित कार्यालय पर पहुंची जहां मौके पर कोई भी कर्मचारी उपस्थित नहीं मिला जिससे महिलाओं में और भी गुस्सा महसूस हुआ। महिलाओं का और आप है कि गति 1 साल से पानी की विशेष समस्या बनी हुई है कॉलोनी की पाइपलाइन पूरी तरह से खराब है एक-एक बूंद पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है महिलाओं ने कहा कि उन्होंने कई बार इस समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन कोई भी समस्या का समाधान नहीं हुआ्। जल्दी ही समस्या का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने एवं मुख्यमंत्री व जिला कलेक्टर को अवगत कराने की बात कही।

### इनका कहना है

कर्मचारियों को पाइपलाइन की जांच के निर्देश दिए हैं कई स्थानों पर पाइपलाइन चौक होने की बात सामने आई है जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा साथ ही अवैध कनेक्शन भी काटे जा रहे हैं।

**गौतम कुमार सहायक अभियंता जल संसाधन विभाग वैर**

### घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरूपयोग के संबंध में अभियान

# अभियान के दौरान दो गाडी, 22 घरेलू गैस सिलेण्डर व अन्य उपकरण जप्त

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )** । घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरूपयोग के संबंध में जिला रसद अधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत सोमवार को भरतपुर शहर में एम.जे. हॉस्पिटल के पास स्थित रमेश सैनी के घर पर कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि कार्यवाही के दौरान मौके पर एक मारूती ईको आरजे 05 सीसी 4878, एक मारूती सिफ्ट डीएल 11 सीए 0426, 22 घरेलू सिलेण्डर 14.2 किग्रा भराव क्षमता के पाये गये। उन्होंने बताया कि सिलेण्डरों के साथ 01 इलैक्ट्रोनिक कांटा तथा चार विद्युत चलित मोटर मय नली भी जप्त की गई जिसके माध्यम से घरेलू गैस सिलेण्डरों के द्वारा अवैध रिफलिंग का कार्य किया जाता है। उन्होंने बताया कि जप्तशुदा सिलेण्डरों को बृज इण्डेन गैस एजेन्सी भरतपुर की सुपुर्दगी में दिये गये तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि प्रकरण की मथुरा गेट थाना में एफ.आई.आर दर्ज करवा दी गयी है।



कार्यवाही के दौरान जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी प्रदीप शर्मा तथा प्रवर्तन निरीक्षक पुष्पेन्द्र शामिल रहे।

# पुलिस ने दो स्थाई वारंटी किये गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**वैर/ भरतपुर ( गोपाल पाठक )।** पुलिस थाना वैर ने कोर्ट केश में फरार चल रहे स्थाई वारंटियो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि 18 माह से कोर्ट केश नंबर 72 / 2021 में फरार चल रहे स्थाई वारंटी छोट्या उर्फ छोटेलाल पुत्र राम सिंह मीणा निवासी टुन्डुपुरा थाना वैर तथा कोर्ट केश नंबर 920 / 2016 में 13 माह से फरार चल रहे स्थाई वारंटी मुकेश सिंह पुत्र देवी सिंह जाति जाट निवासी जटवाड़ा थाना सूरौठ जिला करौली को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। थाना अधिकारी ने बताया कि कार्रवाई में मेरे साथ वीरेंद्र सिंह एएसआई, धर्मवीर सिंह हेड कांस्टेबल, पवन कुमार, जजवीर सिंह, कुशवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, महेश सैनी मौजूद रहे।

# राजसखी मेले का भव्य शुभारम्भ आज से 6 दिवसीय आयोजन में हस्त निर्मित उत्पादों की बिक्री प्रदर्शनी एवं मनोरंजन का संगम

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( नि.स. )।** राजिविका द्वारा राजसखी भरतपुर मेले के अन्तर्गत प्रदेश की समृद्धि, लोककला, परम्पराओं को एक मंच देने के मनभावन उत्सव का आयोजन 18 मार्च से शास्त्री पार्क में किया जा रहा है। इसमें महिलाओं द्वारा निर्मित अनूठे उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी, प्रदेश की विविध कला शैलियों, हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। जिला परियोजना प्रबंधक काजल शर्मा ने बताया कि 6 दिवसीय राजसखी उत्सव 18 मार्च से 23 मार्च तक विश्वप्रिय शास्त्री पार्क, भरतपुर में आयोजित किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाले इस मेले में लोक कलाकारों, शिल्पकारों और महिला उद्यमियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों की श्रृंखला में 18 मार्च को गायन प्रतियोगिता, कालबेलिया नृत्य, घूमर और ऑर्केस्ट्रा, 19 मार्च को डांस प्रतियोगिता, कबड्डी, 20 मार्च को चारी नृत्य एवं रैंप वॉक और 21 मार्च को आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं जूडो प्रदर्शन, म्यूजिकल चेयर गेम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 22 मार्च को नशा मुक्ति अभियान, स्पून लेमन रेस व अन्य खेल तथा 23 मार्च को मयूर नृत्य, रासलीला और बांके बिहारी झांकी विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

### यह होंगी विशेषताऐं

जिला प्रबंधक ने बताया कि राजसखी भरतपुर मेले में महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन के लिए समूहों द्वारा उत्पादित सामान की प्रदर्शनी एवं बिक्री की व्यवस्था रहेगी। मेले में हस्तशिल्प कला जैसे हाथ से बनी ज्वैलरी, बंधेज, लाख की चूड़ियां, कशीदाकारी, टेराकोटा कला, मिट्टी के बर्तन प्रदर्शित किये जायेंगे। परिवार के मेले की थीम पर प्रत्येक उम्र के लोगों के मनोरंजन के विशेष आयोजन होंगे। उन्होंने बताया कि राजसखी मेले में स्थानीय और पारम्परिक खान-पान की स्टॉल भी लगाई जायेंगी जिनमें लोग दाल-बाटी, चूरमा, घेवर, कचौरी अन्य स्वादिष्ट व्यजानों का आनंद ले सकेंगे।

# नवरात्रा में 9 दिन तक प्रज्वलित होंगे 5100 अखंड दीपक, जलाने में 800 टीन तेल होगा खर्च

## भक्तों के लिए 120 फीट लंबी गुफा में सजेगा माता वैष्णोदेवी का दरबार

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** इस वर्ष 30 मार्च से शुरू ग्रीष्म नवरात्रा व नव संवत्सर पर्व धर्मनगरी भीलवाड़ा के भक्तों के लिए कुछ खास रहने वाली है। पहली बार नवरात्र महोत्सव में संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी जी महाराज की पहल पर हरिशेवा धाम में महामंडलेश्वर हंसारामजी महाराज के सानिध्य में विशिष्ट आयोजन होने जा रहा है। इसके तहत नवरात्रा में 9 दिन तक 5100 अखंड दीपक जलाए जाएंगे। इन दीपक को प्रज्वलित रखने में करीब 800 टीन तेल खर्च होगा। दीपक दर्शन के लिए 120 लंबी फिट गुफा में माता वैष्णोदेवी का दरबार सजेगा। दीपक में भरने के लिए तेल के टीन रविवार को हरिशेवाधाम पहुंच गए। महंत बाबूगिरीजी महाराज ने बताया कि 25 पंडित रात-दिन जलते दीपक की देखरेख करेंगे। सभी भक्तगण नवरात्र में सुख-समृद्धि के लिए अपने नाम का दीपक जला सकते हैं। सर्व समाज के लोगों की तरफ से पूरे नवरात्र में 5100 अखंड दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे। इसके लिए करीब 800 टीन मूंगफली के तेल की खपत होगी। दीपक रुई के बजाय लच्छे की बाती रखकर प्रज्वलित किए जाएंगे। भीलवाड़ावासियों की समृद्धि के लिए 21 पंडितों द्वारा नौ दिन तक दुर्गा सप्तशती पाठ किए जाएंगे। सर्व सनातन समाज की समृद्धि के लिए किए जा रहे इस आयोजन के तहत लगातार नौ दिन तक 5100 अखंड दीपक जलाए जाएंगे। नवरात्र के पहले दिन सुबह हरिशेवा धाम स्थित पंडाल में विराजी मां वैष्णोदेवी के समक्ष संत-महात्माओ व गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में पंडितो के मंत्रोच्चारण के बीच दोपहर 12.15 बजे घट स्थापना के साथ ही अलग-अलग भक्तों के नाम के 5100 दीपक प्रज्जवलित किए जाएंगे। दिल्ली व आगरा के कलाकार गुफा व मां वैष्णोदेवी का दरबार सजाएंगे। मातारानी के भक्त वैष्णोदेवी के दरबार व अखंड प्रज्जवलित दीयों के दिनभर दर्शन कर सकेंगे।

**पूर्णाहुति पर 1100 कन्याओ का होगा पूजन :** नवरात्र के आखिरी दिन पूर्णाहुति पर मां वैष्णोदेवी के दरबार में 1100 कन्याओ का महामंडलेश्वर हंसराम महाराज व महंत बाबूगिरी महाराज के सानिध्य में पूजन किया जाएगा। पूजन के बाद भोजन कराकर चुनरी ओढ़ा फल व दक्षिणा दी जाएगी। पूर्णाहुति से पहले एक कुंडीय हवन होगा। पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच 21 जोड़ों द्वारा आहुतियां दी जाएगी।

**अपने नाम का दीया जलाने के लिए भक्तों में उत्साह का माहौल :** शहर में पहली बार मां वैष्णोदेवी का दरबार सजाकर 5100 दीपक प्रज्जवलित किए जाएंगे। इसे लेकर मातारानी के भक्तों में उत्साह का माहौल है ।नवरात्र में मातारानी के दरबार में अपने नाम दीपक जलाने के लिए श्रद्धालु अभी से महंत बाबूगिरी महाराज से संपर्क करने लगे हैं। एक जैसे मिट्टी के 5100 दीपक बनवाने के लिए भी कुंभकारों से संपर्क किया जा रहा है। रुई के बजाय जल्द बन जाने के कारण लच्छे की बाती काम में ली जाएगी।



# जिला कलेक्टर ने कोटड़ी में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओ का किया निस्तारण

## 110 परिवेदनाओं पर हुई सुनवाई, परिवादियों को मिला हाथों हाथ समाधान

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** कोटडी में लंबे समय से आमजन की मूल समस्याओं के निस्तारण के लिए कोटडी पंचायत समिति परिसर में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु ने जनसुनवाई करते हुए आमजन की समस्याओं को सुना और उन पर कार्यवाही के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक गोपीचन्द मीणा एव प्रधान करण सिंह के साथ विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में हुई जनसुनवाई में 110 लोगो ने अपनी अपनी पीड़ा जिला कलेक्टर के समक्ष रखी जिसमे से ज्यादातर परिवादियों की समस्याओं का हाथों हाथ समाधान किया गया वही शेष समस्याओं के समाधान हेतु समन्धित विभागो को निर्देश दिए। जनसुनवाई में कोटडी क्षेत्र की स्कूलों के खेल मैदानों पर हो रहे अतिक्रमण की शिकायत पर विधायक श्री मीणा व जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह ने सीबीईओ को हर गांव से आ रही शिकायत के संदर्भ में खेल मैदान पर किये गए अतिक्रमणकारियों को अविलंब नोटिस देकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने विभागीय अधिकारियों को आमजन की नियमित अंतराल में जनसुनवाई कर समस्याओं के निस्तारण व पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक प्रमोद कुमार, एसडीएम रामकेश मीणा, विकास अधिकारी रामविलास मीणा, तहसीलदार रामकिशोर मीणा, थानाधिकारी महावीर मीणा, बीसीएमओ भागीरथ मीणा, पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता सोहनलाल बैरवा विद्युत विभाग के अभियंता राहुल जीनगर चंबल परियोजना के दिनेश कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद रायसेन अशोक कुमार शर्मा सुरेश कुमार पाराशर कन्हैयालाल जाट को उपप्रधान कैलाश सुथार कैलाश तिवारी समेत कहीं ग्रामीण में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# विहिप संगठनों की संयुक्त बैठक में नवीन पदाधिकारी नियुक्त कर प्रखंड कपासन की कार्यकारिणी का गठन किया

## आगामी रामनवमी पर्व को भव्यतापूर्वक मनाने हेतु तैयारियां शुरू

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्रीय विहिप संगठन विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल,मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी की संयुक्त प्रखंड बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे विहिप के विभिन्न पदों पर नवीन पदाधिकारियों को नियुक्त करने सहित आगामी रामनवमी पर्व को भव्यतापूर्वक मनाने हेतु चर्चा की गयी।

विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री गोपालकृष्ण काबरा ने बताया कि क्षेत्रीय विहिप संगठन बजरंग दल, मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की संयुक्त प्रखंड कपासन स्तरीय बैठक का रविवार सांय सगस बावजी मंदिर प्रांगण में आयोजन किया गया।जिसमे विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार बारेगामा द्वारा आगामी कार्यक्रम धार्मिक पर्व रामोत्सव,हनुमान जन्मोत्सव,सीता नवमी आदि कार्यक्रमों को खंड स्तर तक मनाने का आग्रह किया गया। इधर उक्त प्रखंड स्तरीय बैठक में जिला सहमंत्री जानकीलाल द्वारा संगठनात्मक चर्चा उपरांत विभिन्न दायित्व की गयी।जिसमे विश्व हिंदू परिषद प्रखंड कपासन अध्यक्ष पद पर मुकेश जागेटिया,संरक्षक मंडल सदस्य लाला चाष्टा,सामाजिक समरसता सहप्रमुख रमेश हरिजन,धर्माचार्य सहप्रमुख राजू सालवी,सत्संग प्रमुख मोतीलाल बारेगामा,बजरंग दल नगर संयोजक गजेंद्र आचार्य,सहसंयोजक अक्षत सिरोया,सुरक्षा प्रमुख नारायण प्रजापत,गौरक्षा प्रमुख हीरालाल माली,ग्राम दोवनी खंड अध्यक्ष अनिल उपाध्याय,उपाध्यक्ष बालू बैरवा,जाशमा खंड अध्यक्ष भेरूलाल,दामाखेड़ा खंड अध्यक्ष मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष किशन शर्मा को नियुक्त किया गया।साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा बैठक में संगठनात्मक रीति-नीति से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया गया। इस बैठक में आगामी धार्मिक पर्व रामनवमी को भव्यतापूर्वक मनाने को लेकर उपस्थित कार्यकर्ताओं से सुझाव लेते हुवे विस्तृत की गयी।जिसमे आगामी 6 अप्रैल 2025 राम नवमी के शुभ अवसर पर सर्व हिंदू समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली भव्य वाहन रैली,नगर के विभिन्न मार्गों पर स्वागत द्वारा लगाने एवं विशेष सजावट संबंधी तैयारियों को लेकर विहिप कार्यकर्ताओं से चर्चा की गयी।इस अवसर पर बजरंग दल जिला सहसंयोजक रोहित सिंह राजपूत,विहिप नगर अध्यक्ष छोटू वैष्णव,प्रखंड उपाध्यक्ष हिमांशु टांक,नगर सह मंत्री सुरेश जीनगर, कारसेवक जगदीश टेलर,पिंटू बुनकर आदि हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक कार्यालय पर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं व शहर विकास पर बैठक सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** शहर विधायक अशोक कोठारी की अध्यक्षता में कार्यालय पर प्रदेश व केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाएं, यातायात व्यवस्था, विकास कार्यों पर बैठक का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया। विधायक अशोक कोठारी की अध्यक्षता में तथा पूर्व न्यास अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड, नगर निगम के उपमहापौर रामनाथ योगी ने बैठक को संबोधित किया। विधायक कोठारी ने बताया कि, शहर की चहुमुखी विकास के लिए हम निरंतर प्रयत्न शील है। जनता के हितों को लेकर विधानसभा में हमने समय- समय पर पुरजोर तरीके से विषय को उठाया तथा वस्त्रनगरी की जनता को राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विशेष सौगाते दी है। जनता की विभिन्न मांगों के लिए हमेशा सेवा भावों के साथ पूरा प्रयास करते हुए भीलवाड़ा विधानसभा का विकास करवाएंगे। कैलाश जीनगर द्वारा फागोत्सव पर गीत प्रस्तुत किया गया। अंत में भारत माता के चरणों मे पुष्प अर्पित कर एक दूसरे को होली स्नेह मिलन की बधाई शुभकामनाएं दी। संचालन बाबूलाल टाक ने किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भगवान सिंह चौहान, पूर्व जिला महामंत्री प्रदीप सांखला, अनिल दाधीच, देवीलाल गुर्जर, पूर्व सभापति दिनेश शर्मा, संजय राठी, कांतिलाल जैन, सत्यम शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, भवानी शंकर दुधानी, गोर्वधन सिंह कटार, बादल सिंह राठौड़, मनोज शर्मा, हिमांशु शुक्ला, अनिल कोठारी, बिलेश्वर डाड, अमन शर्मा, एडवोकेट अर्पित कोठारी, राघव आचार्य, विजय सोनी, कविता छिपा, रेखा चौहान, रवि ओझा, भरत विश्नोई, विनोद सोमानी, नरेश विश्नोई, देवेंद्र सिंह, अभिजीत सारड़ा, केदार जागेटिया, पवन लोढा, पार्षद सागर पांडे, सूंदर लाल बम्बोड़ा, राहुल नायक, बहादुर सिंह, गजेंद्र सिंह राठौड़, ओमप्रकाश व्यास, शंभु वैष्णव, गिरेन्द्र मिश्रा, रिषभ जैन, दिनेश सुथार, दीनबंधु खत्री, हीरा सा गुर्जर, सौरभ जैन, प्रिंस जैन सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते को रेलवे ने किया बंद, नाराज नागरिको ने रेलवे डीआरएम व जिला कलेक्टर के नाम सौपे ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (आबिद हुसैन)।** जिले के चौमहला कस्बे में रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड जाने वाले मुख्य मार्ग को रेलवे ने रास्ते पर लगे गेट को ताला लगाकर बंद कर दिया है ,जिससे यात्रियों व आमजन को भारी परेशानी हो रही करीब डेढ़ से 2 किलोमीटर घूम कर जाना होगा ,वही बस स्टैंड के अतिरिक्त अस्पताल ,पोस्ट ऑफिस ,पुलिस चौकी जाने वाले यात्रियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।स्थानीय नागरिको व बस स्टैंड के बाशिंदों ने मंडल रेल प्रबंधक कोटा व जिला कलेक्टर झालावाड़ के नाम चौमहला स्टेशन अधीक्षक व उपखंड अधिकारी गंगधार को ज्ञापन सोप कर मांग की है कि दो दिन के अंदर रास्ते को ताला खोलकर शुरू किया जाय ।वरना नागरिको द्वारा आमरण अनशन किया जाएगा ।इस दौरान किसी भी प्रकार की जान माल की हानि की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी ।इस दौरान दिलीप जैन, सीताराम वर्मा ,मुकेश शर्मा, भेरूलाल प्रजापत, अजय राठौर ,अनिल भंडारी ,संजय शर्मा ,कमल मोदी, अखिलेश नायक, राजेश जैन, लक्ष्मीनारायण मोदी, कुलदीप खामोरा ,अंतिम बैरागी, कमलेश पारीक ,धर्मचंद जैन ,अशोक राठौर ,मदन सिंह ,गोपाल कृष्ण ,मंगल राठौर ,अज़हर अली सलमान खान ,अमन निगम, मदनलाल सेन ,किशोर सेन, विष्णु मोरी ,विशाल जैन, राधेश्याम दीपक सेठिया श्याम राठौर गोपाल शर्मा सहित दुकानदार व रहवासी मौजूद रहे।

# पंडेर में झोलाछाप चिकित्सक पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, क्लिनिक पर उपलब्ध दवाओं व उपकरणों को किया जब्त



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** जिलेवासियों को सही और सुरक्षित इलाज उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिले में अवैध क्लीनिक और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं जाने को लेकर जिले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभियान जारी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आदेशानुसार, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ . अशोक जाट के नेतृत्व में पंडेर कस्बे में बस स्टेण्ड के पास स्थित अवैध नीम हकीम क्लिनिक पर कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 सीपी गोस्वामी ने बताया कि चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा पंडेर कस्बे में कार्रवाई के दौरान वृंदावन नाम के नीम हकीम को मरीजों का इलाज करते हुए पाया गया। झोलाछाप चिकित्सक के पास कोई वैध दस्तावेज नही पाए गये। जांच में क्लिनिक पर एलोपैथिक दवाएं, इंजेक्शन व अन्य चिकित्सा उपकरण अवैध रूप से उपयोग किए जा रहे थे। टीम ने मौके पर ही सभी दवाइयां व उपकरण जब्त कर क्लिनिक को सीज कर दिया।

# नगोला मंडल के तत्वाधान में भाजपा का होली स्नेह मिलन समारोह देवलिया कला में आयोजित किया गया

## मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत एवं भिनाय प्रधान संपत राज लोढ़ा रहे मौजूद



बढ़ता राजस्थान

**अजेमर/मसुदा ( घनश्याम दास )।** अजमेर के मसूदा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी मण्डल नागोला का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम सोमवार, 17 मार्च 2025 को सुबह 9.00 बजे गणेश जी के मंदिर देवलिया कला में आयोजित किया गया है। इस दौरान मसूदा विधायक विरेन्द्र सिंह कानावत, भिनाय प्रधान सम्पतराज लोढा, विधानसभा संयोजक सुभाष वर्मा, निर्मल कंवर राठौड़, भूपेंद्र सिंह जोधा, जी एस एस अध्यक्ष नेमीचंद शर्मा कैरोट सी आर, प्रतिनिधि लादूराम राव, पूर्व सरपंच रामस्वरूप मेवाड़ा, देवलिया कला, पूर्व सरपंच तुलसीराम खींची, भिनाय, सरपंच प्रतिनिधि रामदेव गुर्जर, छोटू लाल मेवाड़ा केरोट सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने सरकार की उपलब्धियों और बजट 2025-26 में किए गए विकास कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने मसूदा विधानसभा की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन भी दिया।इस कार्यक्रम में मण्डल के बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल पदाधिकारी, पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता, मोर्चा अध्यक्ष, एफसी कार्यकारणी सदस्य, और समस्त पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# 6 वर्षीय शायान ने रखा पहला रोजा

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** स्थानीय गुलशन नगर निवासी मोहम्मद सलीम काजी के पोते और मोहम्मद जावेद के लाडले 6 वर्षीय मासूम शायान काजी ने अपनी जिंदगी का पहला रोजा रविवार को रखा ।

7 वर्ष की आयु से रोजे रखना फर्ज माना गया है इसलिए 7 वर्ष की आयु में कई मासूमो ने पहला रोजा रखा मगर दिन की तेज गर्मी में भूख और प्यास के कठिन दौर से गुजर कर त्याग तपस्या और मजहबी इबादत का संदेश देने वाले इस 6 वर्षीय मासूम काजी के पहले रोजे की कामयाबी पर परिवारजन सहित रिश्तेदार और पड़ोसियों ने खुशी का इजहार करते हुए शायान को फूल मालाओं से लाद दिया और नगद पुरस्कार देकर बच्चे की हौसला अफजाई की। माहे रमजान 2025 के मजले रोज़े की सेहरी का वक्त प्रात: 5. 17 रहा जिसके पहले कुछ भी खाया पीया जा सकता हैं और रोजा खोलने का इफ्तार टाइम 6.44 पीएम है इसके बाद रोजा खोलकर मगरिब और ईशा की नमाज के बाद तराबीह की नमाज अदा की जाती है , इबादत के इस माह में दुआएं कबूल होने की मान्यता है और इसी माह में कुरान नाजिल हुआ इसलिए रमजान को पवित्र महीना मानकर इबादत की जाती है। यह महीना अमीर और गरीब के बीच की खाई को कम करता है क्योंकि इस्लाम में खैरात , ज़कात और इमदाद करना फर्ज माना गया है ।

# गुर्जर गोड़ ब्राह्मण समाज कपासन के महिला मंडल ने लड्डू गोपाल संग फागोत्सव मनाया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** श्री गुर्जर गोड़ ब्राह्मण समाज के महिला मंडल द्वारा मंगलवार को पुष्प एवं अबीर गुलाल के साथ धार्मिक गीत व भजनों पर झूमते हुवे लड्डू गोपाल संग फाग महोत्सव मनाया गया।इस दौरान महिलाओं द्वारा लड्डू गोपाल को विराजित कर पारंपरिक फाग गीत व भजनों के साथ झूमते-नाचते फाग महोत्सव का भक्तिरस से ओतप्रोत होकर लुत्फ उठाया गया।जिसमे महिलाओ द्वारा झीनी झीनी उड़े रे गुलाल छोगाला थारा मंदिर में,रंग मत डालो रे सांवरिया आदि धार्मिक भजनों पर झूमते-नाचते पुष्प वर्षा एवं अबीर गुलाल के साथ हर्षोल्लासपूर्वक लड्डू गोपाल संग फाग महोत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर धीरज व्यास,श्यामा उपाध्याय,सुनीता चाष्टा,लीना व्यास,लीला उपाध्याय,आंचल उपाध्याय, पुष्पा व्यास,गायत्री चाष्टा,सपना चाष्टा,मीनाक्षी चाष्टा, ललिता उपाध्याय,मालती उपाध्याय,सुनीता चाष्टा,गीता व्यास,गिरजा उपाध्याय,दीपिका व्यास,नीलू चाष्टा,पूजा उपाध्याय,सलोनी व्यास,अनीता चाष्टा,पल्लू चाष्टा, हिम्मत व्यास,गंगा उपाध्याय,राधा व्यास,अनु उपाध्याय,अनीता चाष्टा आदि गुर्जर गोड़ ब्राह्मण समाज महिला मंडल सदस्य उपस्थित रहे।

# उपखंड कार्यालय कपासन पर आज 308 मतदान केंद्रों पर बीएलए नियुक्ति हेतु बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कपासन 167 के 308 मतदान केंद्रों पर राजनैतिक दलों द्वारा बीएलए नियुक्त करने हेतु आज उपखंड कार्यालय कपासन पर बैठक का आयोजन किया जायेगा। जानकारी अनुसार भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशों की पालना में विधानसभा कपासन के कुल 308 मतदान केंद्रों पर राजनैतिक दलों द्वारा बीएलए की नियुक्ति के संबंध में सूची प्राप्त की जानी है। साथ ही उक्त बूथ लेवल अभिकर्ता संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे।जिसको लेकर उपखण्ड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका की अध्यक्षता में 18 मार्च मंगलवार को उपखण्ड कार्यालय पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया जायेगा।

# अनाज की टंकी में दो बच्चों के शव मिलने से सनसनी

## मेघवाल महासभा ने लगाया बच्चों की हत्या करने का आरोप, तहसीलदार ने बच्चो के परिजन को 1-1 लाख देने का आश्वासन दिया


बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (नि.स.)।** शहर के निकट अतीतमंड गांव में बीते रविवार की देर शाम घर के अंदर रखे अनाज की टंकी में दो बच्चों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। बच्चों की उम्र करीब 11 और 13 साल है। उनके शरीर पर कई गहरे चोट के निशान हैं। परिजनों का आरोप है कि उनके बच्चों का मर्डर करने के बाद हत्यारे ने घर में घुसकर गेहूं की टंकी में छिपा दिया गया। घटना रविवार देर शाम करीब साढे 6 बजे जिला मुख्यालय के निकट गांव अतीतमंड की है। साकेतनगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि हमें रविवार शाम को सूचना मिली थी कि दो बच्चें लापता है। हमारी टीम मौके पर पहुंची तब तक परिजनों को घर के कमरे में ही रखी गेहूं की टंकी में उनके शव मिले हैं। बच्चों के शव ब्यावर के अमृतकौर अस्पताल में रखवा दिया गया था। आज सोमवार दोपहर करीब दो बजे उनका पोस्टमॉर्टम करवा गया है। परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। हर एंगल से जांच की जा रही है। मृतक बच्चों के पिता लक्ष्मणराम ने बताया कि रविवार सुबह करीब 9 बजे वो खेत पर चला गया था। घर पर उसके तीन बच्चे 13 साल का जयदेव, 11 साल के भावेश और सीमा (15) थे। शाम को करीब साढे 6 बजे बड़ी बेटी का फोन आया कि वो शाम को जब सो कर उठी तो जयदेव और भावेश घर पर नहीं दिखे। उसकी आस-पास तलाश कर ली है, लेकिन नहीं मिल रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर वह घर पहुंचे। परिजनों ने दोनों की तलाश शुरू की। कमरे में जाकर देखा तो गेंहू भरने की कोठी (टंकी) में शर्ट फंसी हुई नजर आई। उसका ढक्कन खोलकर देखा तो उसमें जयदेव और भावेश के शव मिले। बच्चों के मुंह और कान से खून ब्लड निकला हुआ था। उनके शरीर पर भी गहरे चोट के निशान थे। मेघवाल महासभा के संरक्षक अर्जुनराम ने कहा कि दोनों बच्चों की हत्या की गई है। हत्यारे ने बच्चों को मारकर टंकी में डाला है। इस मामले में पुलिस गंभीरता दिखाते हुए जल्द से जल्द गिरफ्तारी करे। इसके साथ ही परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक मदद करे। इस मामले में सोमवार दोपहर करीब 1 बजे परिजनों ने ब्यावर तहसीलदार हनुथ सिंह को ज्ञापन सौंपा है। तहसीलदार ने प्रत्येक पीड़ित परिवार को दोनों बच्चों की मौत पर एक-एक लाख रुपए आर्थिक मदद करने का आश्वासन दिया है।

# गुजरात के गोंडल में यूपीएससी की तैयारी कर रहे राजस्थान के राजकुमार जाट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## परिवार ने विधायक परिवार पर लगाए आरोप, सीबीआई जांच की मांग

बढ़ता राजस्थान





**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** गुजरात के गोंडल में राजस्थान के राजकुमार जाट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। राजकुमार 4 मार्च को मृत पाए गए, और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में उनके शरीर पर 50 से अधिक चोटों के निशान मिले हैं, जिससे उनकी हत्या की आशंका गहरा गई है।

**सर्व समाज का प्रदर्शन :** भीलवाड़ा मुख्यालय पर सर्व समाज, कांग्रेस के नेता और अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि राजस्थान और मेवाड़ के लोग गुजरात में व्यापार और रोजगार से जुड़े हैं, और इस तरह की घटनाओं से वहां रहने वाले लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

**परिवार का आरोप - विधायक परिवार शामिल :** मृतक के परिवार ने गोंडल की विधायक गीताबा जडेजा के बेटे गणेश जडेजा और पूर्व विधायक जयराज जडेजा पर हत्या का आरोप लगाया है। परिवार ने गुजरात पुलिस पर मामले को दबाने का भी आरोप लगाया और न्याय की मांग की है।

**सीबीआई जांच की मांग, विरोध प्रदर्शन की चेतावनी :** परिवार और स्थानीय लोगों ने सीसीटीवी फुटेज की फोरेंसिक जांच तथा पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है। साथ ही, चेतावनी दी गई है कि अगर न्याय नहीं मिला तो बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

**राजनीतिक नेताओं ने उठाए सवाल :** विरोध प्रदर्शन में शामिल नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब उत्तर प्रदेश में बाहुबलियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, तो गुजरात में ऐसे अपराधियों को संरक्षण क्यों मिल रहा है?

### परिवार की अपील - हमें न्याय चाहिए

मृतक के पिता ने बताया कि घटना की रात उनके बेटे को कुछ लोगों ने घर से उठाया और बाद में सड़क पर फेंक दिया। परिवार को 10 मार्च को शव सौंपा गया, जिससे उनकी हत्या की पुष्टि होती है। उन्होंने कहा, मुझे सिर्फ न्याय चाहिए और सीबीआई जांच की मांग करता हूँ।

### राजस्थान से गुजरात तक गूंजेगी आवाज

विरोध कर रहे संगठनों ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो राजस्थान से गुजरात तक बड़े आंदोलन किए जाएंगे।

## विधायक कृपलानी का कनेरा घाटा क्षेत्रवासियों ने किया भव्य स्वागत

# विधायक कृपलानी ने किया महाविद्यालय की प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी की अनुशंसा पर राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं राज्य सरकार की वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के कनेरा में महाविद्यालय की स्वीकृति जारी करने के पश्चात पहली बार कनेरा आगमन पर क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही कनेरा घाटा क्षेत्रवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। विधायक कृपलानी के कनेरा घाटा रानी माताजी स्थान पर पहुंचने पर सैकड़ों भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भव्य आतिशबाजी कर स्वागत किया। इस दौरान माताजी मंदिर में दर्शन कर विधायक कृपलानी ने क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। यहां से कनेरा बस स्टैंड तक डीजे के साथ स्वागत वाहन रैली निकाली गई। कनेरा बस स्टैंड पर भी विधायक कृपलानी का पुष्प वर्षा के साथ ही भव्य आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। यहां मण्डल अध्यक्ष जुगलकिशोर धाकड़ के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने विधायक कृपलानी का माल्यार्पण एवं उपरना ओढाकर तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन करते हुए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

**विधायक कृपलानी ने किया प्रस्तावित महाविद्यालय निर्माण भूमि का निरीक्षण :** राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा में कनेरा क्षेत्र में महाविद्यालय की स्वीकृति के पश्चात रविवार को विधायक श्रीचंद कृपलानी ने प्रस्तावित भूमि का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी विकास पंचौली, विकास अधिकारी लक्ष्मण लाल खटीक, पटवारी आदि भी मौजूद रहे। विधायक कृपलानी ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में महाविद्यालय की प्रस्तावित भूमि की उपलब्धता के साथ ही महाविद्यालय में अध्ययन के लिए आने वाले विद्यार्थियों की सुविधाओं के बारे में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही कनेरा में महाविद्यालय का आगामी नए सत्र से ही संचालन आरम्भ करने के लिए विधायक कृपलानी ने अस्थाई भवन का निरीक्षण कर इस संबंध में अधिकारियों से भी चर्चा की।

इस अवसर पर कनेरा मंडल अध्यक्ष जुगल किशोर धाकड़, निम्बाहेड़ा पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, मंडल महामंत्री शिवलाल धाकड़, मोनू मारू, पूर्व पंचायत समिति सदस्य एवं मंडल प्रतिनिधि सुरेश चंद्र काबरा, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गोपाल वैष्णव बड़ौली, पंचायत समिति सदस्य जगदीश चंद्र धाकड़, दिनेश मेघवाल, गणेश धाकड़ मंडल उपाध्यक्ष राजेश गुर्जर, नाथूलाल कहार, गोपाल लाल पहलवान, सरपंच रामचंद्र मालवी, किसान मोर्चा अध्यक्ष शांतिलाल धाकड़, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रामलाल चारण, पूर्व सरपंच सुरेश धाकड़, ऊंकार सिंह राणावत, शिवलाल धाकड़ सरसी, राजेश खटोड़, मंडल मंत्री राहुल धाकड़, अमृत धाकड़, शांतिलाल धाकड़, अधिवक्ता रामेश्वर धाकड़, सत्यनारायण शर्मा, रामनारायण धाकड़ सरसी, सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पीड़ा हाथ में और उपचार कर दिया पैर का

# सरकारी व्यवस्था का कमाल : रामपाल जाट

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, (टी.आर सैनी)।** 15 फरवरी से सरसों मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दामों में बिक रही है। भंडारण की सुविधा एवं क्षमता के अभाव में किसानों को 1 क्विंटल पर ही 700रुपये से अधिक का घाटा उठाना पड़ रहा है। सरकार ने अभी तक सरसों खरीद की तारीख भी घोषित नहीं की है जबकि सरकार ने गेहूं की खरीद 10 मार्च से आरंभ कर दी है जबकि खेतों से गेहूं काटना भी शुरू नहीं हुआ है। यह पीड़ा हाथ में और उपचार पैर का किए जाने जैसी स्थिति है'। पिछले तीन वर्षों से किसानो की ओर से 15 फरवरी से सरसों खरीद के लिए आग्रह किया जा रहा है। सरसों सत्याग्रह के लिए 6 अप्रैल 2023 को 8 राज्यों के एक सौ एक किसानों ने दिल्ली जंतर - मंतर पर उपवास किया था। इसके अतिरिक्त राज्य से लेकर केंद्र के अधिकारियों एवं शासनकर्ताओं से निरंतर अनुनय-विनय किया जा रहा है। इसी क्रम में 11 फरवरी 2025 को प्रदेश के किसानों ने 15 मार्च तक सरसों को 6000 रूपये प्रति क्विंटल से कम दामों में नहीं बचने का प्रस्ताव पारित किया। उसी के संबंध में 15 से लेकर 28 फरवरी तक राज्य में संदेश पहुंचाने के लिए प्रवास किए थे। कल 16 मार्च को जूम मीटिंग' में 18 से 20 मार्च तक तहसील, उपखंड एवं जिला स्तर पर ज्ञापनों के माध्यम से आंदोलन की चेतावनी देने का निश्चय किया है । इसके लिए किसान महापंचायत के राजस्थान के संयोजक - सत्यनारायण सिंह ज्ञापन का प्रारूप तैयार करेंगे, प्रदेश के महामंत्री सुंदरलाल भावरिया प्रदेश के प्रमुख कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे, ज्ञापन का प्रारूप सभी कार्यकर्ताओं को प्रेषित करने का काम युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चैधरी द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम के संचालन एवं देखभाल का दायित्व प्रदेश अध्यक्ष मुसद्दीलाल यादव संभालेंगे। इसकी समीक्षा के उपरांत राज्य स्तर पर प्रदर्शन-धरना जयपुर में आयोजित किया जाएगा। ज्ञापनों में सरसों की खरीद की घोषणा के साथ पंजीयन का काम आरंभ करने, सरसों के शुद्ध तेल की उपलब्धता के लिए विदेशों से आयातित पाम पदार्थों पर रोक लगने तक आयात शुल्क 300: तक करने, मिलावट को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने राज्य में कमी मूल्य भुगतान का विकल्प चयन करने जैसे तरीकों का भी उल्लेख किया गया है। ज्ञापन पर कार्यवाही होने पर सरसों का दाम बढ़कर न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक हो जायेगा एवं देशवासियों का स्वास्थ्य ठीक रहेगा जिससे बिमारियों पर होने वाला खर्चा घट जायेगा।

'कमी मूल्य भुगतान योजना' को अपना कर किसानों को भावान्तर की राशि बैंक खातों में अंतरण के द्वारा किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से लाभान्वित कर सकतीं हैं।

सरसों के संबंध में वर्ष 2004 में न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक बाजार भाव आने तक खरीद चालू रखने का आश्वासन दिया गया था। इस आधार पर सरकार किसानों को अब भी विश्वास दिला सकती है ।सरकार द्वारा सहकार किसान कल्याण योजना को प्रभाव में लाया जाकर भी किसानों को अपनी सरसों घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दामों में बेचने की मजबूरी से बचाया जा सकता है। इस योजना में किसान अपनी सरसों सरकार के गोदाम में रखकर न्यूनतम समर्थन मूल्य की 75: से अधिक राशि प्राप्त कर सकता है। सरकार की इच्छा शक्ति होने पर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से वंचित नहीं रहना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि सरसों के उत्पादन में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है क्योंकि 'संपूर्ण देश का आधा उत्पादन' अकेले राजस्थान में है। यह भी विशेष तथ्य है कि 'खाद्य तेलों में सरसों का तेल सर्वश्रेष्ठ है' यहि स्थिति हरियाणा जैसे सरसों उत्पादक अन्य राज्यों की भी हैं।

# अवैध पिस्टल और कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** जिले में अवैध गतिविधियों की रोकथाम और अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना माण्डल ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध पिस्टल व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त मोहन उर्फ मोनू पुत्र गोपाल गाडरी निवासी सुरास, थाना माण्डल, जिला भीलवाड़ा पहले भी हत्या के एक मामले में जेल जा चुका है।

**गश्त के दौरान हुई गिरफ्तारी :** दिनांक 17 मार्च 2025 की रात्रि करीब 12:45 बजे, डीएसटी भीलवाड़ा की सूचना पर पुलिस थाना माण्डल की टीम ने ग्राम मेजा से सुरास जाने वाले मार्ग पर एक संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से बिना लाइसेंस की पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उसके खिलाफ अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त को लेकर गहन जांच जारी है।

# नकली घी विक्रेता पर कार्रवाई



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर प्रथम।** सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने नकली घी विक्रेता पर कार्रवाई की। पांच्या वाला, सिरसी रोड जयपुर स्थित अग्रवाल एंड कंपनी पर नकली सरस घी एवं कृष्णा घी मौके पर अग्रवाल एंड कंपनी के पार्टनर राजेंद्र अग्रवाल बेचते हुए पाए गए। सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने घी सारस और घी कृष्ण के असली या नकली होने की तस्दीक करने हेतु भोले बाबा मिल्क फूड के प्रतिनिधि एवं जयपुर डेयरी के प्रतिनिधि को मौके पर बुलवाया। जयपुर डेयरी के प्रतिनिधियों ने मौके पर मौजूद 1 लीटर के 9 पैकेट आधा लीटर के चार पैकेट और 15 द्भद्द के 1 टिन को नकली होना बताया भोले बाबा मिल्क फूड के प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे उन्होंने 1 लीटर पैकिंग 500 द्वद्य पैकिंग के चार पैकेट एवं 200 द्वद्य पैकिंग के के 16 पैकेट को भी नकली होना बताया है।

# भारत विकास परिषद ने मनाया फागोत्सव पदमा गोयल पुनः अध्यक्ष निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ /अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** रविवार को कस्बे के अलवर मार्ग पर स्थित गुप्ता हॉस्पिटल में भारत विकास परिषद की ओर से फाग महोत्सव व नवीन कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हुआ। भारत विकास परिषद की सचिव रश्मि विजय ने बताया कि फाग महोत्सव का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां भारती, सुभाष चन्द्र बोस एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के साथ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय चुनाव अधिकारी सुरेश मेठी व प्रदीप गोयल रहे। उन्होंने बताया कि परिषद के सदस्यों ने गुलाल लगाकर व फूलों की होली खेलकर फागोत्सव मनाया। इसके उपरांत प्रांतीय चुनाव अधिकारी सुरेश मेठी व प्रदीप गोयल के निर्देशन में सर्वसम्मति से पदमा गोयल को अध्यक्ष, रश्मि विजय को सचिव व वित्त सचिव पद पर संगीता विजय को चुना गया । इस अवसर पर संरक्षक डॉ के एम गुप्ता, जिला समन्वयक राजेश शर्मा, जिनेन्द्र जैन, महिला प्रमुख प्रीति गर्ग, एडवोकेट मनोहर यादव, नरेंद्र शर्मा, रघुनंदन शर्मा, दीपक विजय, पारस गर्ग, दिनेश सैन, सारिका जैन, राजेंद्र विजय, शिवचरण शर्मा सहित परिषद के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक राजीव जैन एवं जिनेन्द्र जैन रहे। कार्यक्रम का संचालन लोकेश रावत व गजेंद्र विजय ने किया।

# बलदेवगढ़ गौशाला की अव्यवस्था को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ /अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** अलवर गोरक्षक एवं गो सेवकों ने मिलकर राजगढ़ तहसीलदार को गौशाला की अव्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा। गौशाला में गोवंश भूखा प्यासा मरने के लिए मजबूर है। कुत्ते नोच नोच कर गोवंश को खा रहे हैं। जब इसका विरोध गौ सेवकों ने किया तो गौशाला संचालक ने गोसेवकों को गौशाला में घुसने के लिए मना कर दिया। गो सेवकों ने पुलिस की सहायता लेकर गौशाला में घुसे तो पाया की गोवंश की दर्दनाक हत्या हो रही है। गौशाला के संचालक ने कहा की प्रशासन मेरा कुछ नहीं कर सकता प्रशासन को मैं मेरी जेब में रखता हूं। इस अवसर पर गौ सांसद केदारनाथ शर्मा के नेतृत्व में राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ गौ विधायक अजय शर्मा,गौ जिला प्रमुख राजेश शर्मा,भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित,रजनी कांत पटेल,यश शर्मा,संस्कार सैन,जितेन्द्र योगी,हर्षित,बृजवासी गौ रक्षक सेना भारत के प्रदेश मीडिया प्रभारी नागपाल शर्मा सहित अनेक गौ सेवक द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

# दिव्य ज्योति कलश यात्रा का राजगढ़ आगमन पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान


**राजगढ़ /अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की दिव्य ज्योति कलश यात्रा का सोमवार को राजगढ़ आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। दिव्य ज्योति कलश यात्रा कस्बे के मेला का चौराहा स्थित सैनी धर्मशाला पहुंची यहां से बैंड बाजा के साथ यात्रा गायत्री शक्तिपीठ तक पहुंची। कस्बे के यात्रा का विभिन्न जगहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। गायत्री परिवार के युवा स्वयं सेवक बाइक पर यात्रा का नेतृत्व करते रहे।

दिव्य ज्योति कलश यात्रा का गोल सर्किल पर सामुहिक आरती उतारी। कार्यक्रम में राजस्थान प्रभारी ओम अग्रवाल, प्रकाश भारद्वाज, श्याम पुष्कर, जॉन प्रभारी दिनेश गुप्ता और मुख्य ट्रस्टी डॉ सरोज मौजूद रहे। इस दौरान प्रीति विजय, रश्मि विजय, रमेश राजोरिया, डॉ खेमसिंह आर्य, राधेश्याम गुप्ता, मीना खण्डेलवाल, संजय खण्डेलवाल, कैलाश अग्रवाल, निखिल अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में महिला -पुरूष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हरिहर नव दुर्गा मंडल द्वारा सार्वजनिक शीतल जल प्याऊ का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के नीचे मणि मै नि:शुल्क शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ।सूर्यदेव के तेवर हुवे तीखे लोगो के पसीने निकालने की करली तैयारी गर्मी का दौर हुवा शुरू ,जिसका सामना करने का शानदार शितल जल का प्याऊ लगया है । हरिहर नव दुर्गा मंडल ने ग्रीष्म काल मे आमजन व राहगीरों के लिए निशुल्क शीतल जल उपलब्ध हो सके,इसके लिए मंडल के सेवा भावी सदस्यों ने सार्वजनिक शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ सोमवार को स्टेशन चौराहे पर किया गया है ।जिसमे 24 घंटे शीतल जल उपलब्ध रहेगा ।आमजन से निवेदन है इस सेवा का लाभ उठाएं ।प्याऊ के शुभारम्भ के अवसर पर मंडल के सदस्य सहित सम्मानीय नागरिक उपस्थित रहे।




# राकेश रोशन ने कहा- अब वक्त आ गया है

## कृष 4 का निर्देशन किसी और को सौंपूंगा, अपने होश में रहते हुए फैसला लेना चाहता हूं

**ऋतिक रोशन और राकेश रोशन की फैंचाइजी कृष अपने चौथे पार्ट को लेकर चर्चाओं में है। हाल ही में यह खबर सामने आई थी कि यह फिल्म 700 करोड़ के बजट के कारण टाल दी गई है। अब राकेश रोशन ने खुद फिल्म को लेकर बात की है।**

### कृष 4 को लेकर राकेश रोशन ने तोड़ी चुप्पी

साल 2024 में राकेश रोशन ने डायरेक्शन से रिटायरमेंट के बाद अनाउंस किया था कि वह जल्द ही कृष 4 की अनाउंसमेंट करेंगे। जिसके बाद से यह चर्चा थी कि कृष 4 का निर्देशन करण मल्होत्रा करेंगे। अब इन सभी अफवाहों पर राकेश रोशन ने चुप्पी तोड़ी है। राकेश रोशन ने कहा कि अब वो वक्त आ गया है जब काम किसी और को सौंपा जाए क्योंकि अब वह अपने सेंसेज में नहीं रहते हैं।

### राकेश रोशन ने कहा वह अपने सेंसेज में नहीं रहते हैं

राकेश रोशन से बॉलीवुड हंगामा से बातचीत में एक सवाल पूछा गया था कि उन्हें कैसा लगता है कि जिस सीरीज को उन्होंने इतना आगे बढ़ाया। उसे कोई और डायरेक्ट करेगा? इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा, 'वह दिन आना ही है जब मुझे अपने काम की कमान किसी और को सौंपनी होगी। इसलिए बेहतर होगा कि मैं यह काम अपने होश में करूं, ताकि मैं इसके प्रोसेस पर नजर रख सकूं और ये भी पता लगा सकूं कि कोई और इसे ठीक तरह से कर रहा है या नहीं। कल, अगर मैं अपने होश में नहीं रहा और मुझे इसे किसी और को सौंपना पड़ा तो मुझे नहीं पता चलेगा कि वह क्या बना रहे हैं।

### कृष 4 का निर्देशन किसी और के करने पर दुखी नहीं

इस बातचीत में उन्होंने कहा कि वह इस बात से बिल्कुल दुखी नहीं है कि इस फिल्म को कोई और डायरेक्ट करेगा। उन्होंने कहा- इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि अगर मैं कृष 4 का निर्देशन करते हूं, तो यह ब्लॉकबस्टर होगी। यह फ्लॉप भी हो सकती है। राकेश रोशन ने अपनी बातों से जाहिर किया कि इसकी बहुत उम्मीद है कि इस फिल्म को करण मल्होत्रा ही डायरेक्ट करेंगे।

### भारत की पहली सुपरहीरो फैंचाइजी है कृष

बता दें, ऋतिक रोशन स्टारर और राकेश रोशन द्वारा निर्देशित फ्रैंचाइजी कृष भारतीय सिनेमा की मोस्ट अवेटेड फिल्म है। फैंस लंबे समय से इसके चौथे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। इस फ्रैंचाइजी की शुरुआत साल 2003 में फिल्म कोई मिल गया से हुई थी। जिसमें प्रीति जिंटा, ऋतिक रोशन और रेखा ने अहम किरदार निभाया था। इसके 3 साल बाद फिल्म का स्पिन ऑफ सीक्वेंस कृष रिलीज किया गया था। जिसमें कृष का परिचय करवाया गया था। इस फिल्म में ऋतिक ने रोहित और कृष्णा (कृष) का डबल रोल किया था। इसके 7 साल बाद 2013 में कृष फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म कृष 3 रिलीज हुई थी। अब पूरे 12 साल बाद कृष 4 की तैयारी की जा रही है।



# कंगना रनोट के लिए ऑस्कर मूर्खों का अवॉर्ड

## इमरजेंसी को मिल रहीं तारीफों के बीच अमेरिका पर भड़कीं एक्ट्रेस, कहा- हमारे पास नेशनल अवॉर्ड है

**कंगना रनोट की फिल्म इमरजेंसी 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तो कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी, हालांकि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आने के बाद इसे जमकर सराहना मिल रही है। कई लोगों का कहना है कि फिल्म इतनी बेहतरीन है कि इसे ऑस्कर भेजा जाना चाहिए। इसके जवाब में कंगना ने अमेरिका पर भड़कते हुए ऑस्कर को मूर्खों का अवॉर्ड कह दिया है।**

कंगना रनोट ने फिल्म इमरजेंसी को मिल रहीं तारीफों के स्क्रीनशॉट अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट किए हैं। एक यूजर ने लिखा था, इमरजेंसी को भारत की तरफ से ऑस्कर जाना चाहिए। क्या फिल्म है टीम कंगना।

इसके जवाब में कंगना ने लिखा है, लेकिन अमेरिका अपना असल चेहरा नहीं देखना चाहेगा कि कैसे वो विकासशील देशों को धमकाता है, दबाता है और उन पर दबाव डालता है। ये सब इमरजेंसी से सामने आ चुका है। वो मूर्खों वाला ऑस्कर अपने पास रखें। हमारे पास नेशनल अवॉर्ड है।

फिल्ममेकर संजय गुप्ता ने भी इमरजेंसी की तारीफ की। उन्होंने लिखा, आज मैंने कंगना रनोट की इमरजेंसी देखी। सच कहूं तो मेरा ऐसा करने का कोई प्लान नहीं था, क्योंकि मैंने पहले से ही इसका अनुमान लगा लिया था, मुझे बहुत खुशी है कि मैं गलत था। एक्टिंग और डायरेक्शन में कंगना रनोट की क्या बेहतरीन फिल्म है। वर्ल्ड क्लास।

इसके जवाब में कंगना ने लिखा है, फिल्म इंडस्ट्री को नफरत से आगे बढ़कर अनुमान लगाए बिना अच्छे काम को सराहना चाहिए। ये बैरियर तोड़ने के लिए शुक्रिया संजय जी। फिल्म इंडस्ट्री के लोगों के लिए मेरा मैसेज है कि मेरे बारे में कोई धारणा मत बनाइए। मुझे समझने की कोशिश भी मत करना, मैं समझ से बाहर हूं। बताते चलें कि लंबे विवाद के बाद सेंसर बोर्ड से पास होकर फिल्म इमरजेंसी 17 जनवरी को रिलीज हुई थी। विवादों और विरोध के चलते फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही और महज 22 करोड़ रुपए कमाकर सिमट गई। बाद में फिल्म को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया है। फिल्म में कंगना रनोट ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है। फिल्म में उनके साथ महिमा चौधरी, श्रेयस तलपड़े, अनुपम खेर जैसे कई कलाकार अहम किरदारों में हैं।

# शाहरुख खान और सुकुमार साथ काम करेंगे : फिल्म की कहानी पॉलिटिकल ड्रामा बेस्ड होगी; एंटी हीरो का रोल प्ले करेंगे एक्टर



शाहरुख खान ने हील ही में साउथ फिल्म डायरेक्टर सुकुमार से मुलाकात की। जिसके बाद से यह खबर सामने आ रही है कि एक्टर की अगली फिल्म की कहानी पॉलिटिकल ड्रामा बेस्ड होगी। इस फिल्म को सुकुमार डायरेक्ट करेंगे।

### साथ काम कर करेंगे शाहरुख-सुकुमार

मिड-डे की रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख और सुकुमार रूरल पॉलिटिकल एक्शन ड्रामा फिल्म डुमें साथ काम करेंगे। इस फिल्म में शाहरुख खान एंटी हीरो का रोल प्ले करेंगे। यह फिल्म देसी टच वाली होगी। कहा जा रहा है कि फिल्म में शाहरुख खान की सुपरस्टार इमेज देखने को मिलेगी। फिल्म में जाति जैसे सामाजिक मुद्दों को भी दिखाया जाएगा। हालांकि, फिल्म को लेकर अभी तक कुछ भी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। पहले खबर थी कि शाहरुख खान और सुकुमार इंटेंस और डार्क साइकोलॉजिकल थ्रिलर में साथ काम करेंगे।

### पहले किंग और 'पठान 2' पर काम करेंगे शाहरुख

रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख खान पहले किंग और 'पठान 2' पर काम करेंगे। तो वहीं सुकुमार भी रामचरण के साथ अपनी अगली फिल्म ऋ- 12 और पुष्पा- 3 में बिजी हैं। जिसके कारण शाहरुख और सुकुमार के प्रोजेक्ट को शुरू होने में काफी लंबा समय लगेगा।

### पहले भी साउथ डायरेक्टर्स के साथ काम कर चुके हैं

इससे पहले भी शाहरुख खान साउथ के कई फिल्ममेकर्स के साथ काम कर चुके हैं। साल 1998 में शाहरुख ने डायरेक्टर मणिरत्नम के साथ फिल्म दिल से में काम किया था। इसके बाद साल 2000 में साउथ सुपरस्टार और डायरेक्टर कमल हासन की फिल्म हे राम में नजर आए थे। साल 2001 में संतोष शिवन की फिल्म अशोक में भी काम किया था। संतोष शिवन ने फिल्म दिल से में बतौर सिनेमेटोग्राफर काम किया था। इतना ही नहीं साल 2002 में एक्टर, तमिल फिल्म डायरेक्टर के. एस. अधियमन के निर्देशन में बनी फिल्म हम तुम्हारे हैं सनम में नजर आए। इस फिल्म में शाहरुख के साथ सलमान और माधुरी दीक्षित भी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। हालांकि, इन फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा अच्छा परफॉर्मेंस नहीं रहा। इसके बाद शाहरुख खान साल 2023 में एटली के डायरेक्शन में बनी फिल्म जवान में नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी। शाहरुख और एटली की फिल्म ने कुल 1148.32 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था।

# सौरव गांगुली बतौर एक्टर डेब्यू कर रहे हैं : नेटफ्लिक्स सीरीज खाकी

## द बंगाल चैप्टर में नजर आएंगे, 20 मार्च को होगी रिलीज



पूर्व भारतीय क्रिकेट कैप्टन सौरव गांगुली अब एक्टिंग में डेब्यू कर रहे हैं। वह जल्द ही नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज खाकी: द बंगाल चैप्टर में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। हाल ही में एक प्रमोशनल वीडियो सामने आई है, जिसमें वह पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आ रहे हैं।

### नेटफ्लिक्स सीरीज में नजर आएंगे सौरव गांगुली

स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने सोमवार 17 मार्च को एक वीडियो जारी किया। इस वीडियो में सौरव गांगुली पुलिस की वर्दी पहने और अपराधियों को पकड़ने के लिए डंडा चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### बतौर एक्टर डेब्यू कर रहे हैं सौरव गांगुली

सौरव गांगुली 52 साल की उम्र में बतौर एक्टर डेब्यू कर रहे हैं। क्रिकेटर की यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। सौरव के एक्टिंग डेब्यू से फैंस काफी खुश और एक्साइटेड हैं।

### सामने आए फैंस के पॉजिटिव रिएक्शन

नेटफ्लिक्स की इस पोस्ट पर फैंस के पॉजिटिव रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया, क्या बात है दादा, आप तो मल्टी टैलेंटेड हैं। हम आपका एक्टिंग डेब्यू देखने के लिए एक्साइटेड हैं। मैं आपके सीन्स को बार-बार देखूंगा। तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, दादा आपने तो हमें गजब का सरप्राइज दिया है। खाकी द बंगाल चैप्टर का हमें इंतजार रहेगा।

### 20 मार्च को रिलीज होगी 'खाकी: द बंगाल चैप्टर'

सौरव गांगुली की सीरीज 'खाकी: द बंगाल चैप्टर' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 20 मार्च को रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने सौरव गांगुली की वीडियो शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, द बंगाल टाइगर मीट्स द बंगाल चैप्टर।

### गांगुली पर एक बायोपिक बनने की भी चर्चा

हाल ही में सोशल मीडिया पर चर्चा थी कि गांगुली पर एक बायोपिक भी बनने वाली है। जिसमें राजकुमार राव पूर्व भारतीय क्रिकेट कैप्टन सौरव गांगुली की भूमिका में नजर आएंगे। कुछ समय पहले खुद क्रिकेटर ने अनाउंस किया था कि बड़े पर्दे पर उनकी भूमिका राजकुमार राव अदा करेंगे।

### दादा के नाम से जाने जाते हैं सौरव

सौरव गांगुली को क्रिकेट का महाराज बुलाया जाता है। भारतीय टीम में दादा के नाम से फेमस सौरव गांगुली ने भारत के लिए 311 वनडे मैच खेले हैं और 113 टेस्ट मैच खेलें हैं। वह ब्ष्टष्ठ के प्रेसिडेंट और अब तक के सबसे कामयाब कैप्टन रह चुके हैं।

# वडोदरा कार एक्सीडेंट के आरोपी पर भड़कीं जान्हवी कपूर-कहा- ये भयावह है और गुस्सा दिलाने वाला है, एक्ट्रेस ने हादसे को बताया भयावह

13 मार्च को वडोदरा के पॉश इलाके में एक युवक ने तेज रफ्तार कार से 3 गाड़ियों को टक्कर मारी थी। 8 लोग बुरी तरह घायल हो गए और एक महिला की मौत हो गई। लेकिन ये एक्सीडेंट इसलिए चर्चा में रहा क्योंकि कार चलाने वाला रक्षित गाड़ी से निकलते ही 'एनदर राउंड' (एक और राउंड) चिल्लाता दिखा। कुछ देर बाद जब भीड़ करीब आई तो वो 'निकिताज्निकिताज' चिल्लाने के बाद 'ओम नम: शिवाय' कहते हुए चलने लगा। वीडियो वायरल होने के बाद देशभर में आक्रोश है। इसी बीच एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने भी इस घटना को भयावह बताते हुए आक्रोश जाहिर किया है।

जान्हवी कपूर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर वडोदरा एक्सीडेंट का वीडियो शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, ये भयावह और क्रोधित करने वाला है। मुझे इस बात से बहुत दुख होता है कि कोई भी व्यक्ति इस तरह की हरकत करके बच सकता है। चाहे वो नशे में हो या नहीं।

बताते चलें कि वडोदरा केस में आरोपी पुलिस गिरफ्त में है। शुरुआती बयान में कार चला रहे रक्षित ने कहा था कि उसने नशे नहीं किए और वो महज 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चला रहा था। रोड में गड्ढा आने के बाद उनसे नियंत्रण खो दिया, जिससे एयरबैग खुले और एक्सीडेंट हुआ। हालांकि सख्ती से पूछताछ में उसने कबूल कर लिया है कि होलिका दहन की रात उसने दोस्तों के साथ ड्रग लिया था।



जान्हवी कपूर के पास इन दिनों तीन बड़ी फिल्में हैं, जो इसी साल रिलीज होने के लिए शेड्यूल हैं। इनमें सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी, परम सुंदरी और आरसी 16 (अनटाइटल) शामिल हैं। तेलुगु फिल्म आरसी 16 में जान्हवी रामचरण के साथ नजर आएंगी। बताते चलें कि जान्हवी बीते साल भी 3 फिल्मों उलझ, मिस्टर एंड मिसेज माही और देवरा पार्ट-1 में नजर आई हैं। फिल्म देवरा से एक्ट्रेस ने साउथ सिनेमा में कदम रखा है।

# सलमान ने अपनी सेफ्टी से पहले दीया का रखा ख्याल : एक्ट्रेस ने कहा- फिल्म सेट पर सलमान खान ने मुझे सबसे ज्यादा सुरक्षित महसूस करवाया

दीया मिर्जा ने हाल ही में फिल्म सेट पर फीमेल एक्टर्स की सुरक्षा को लेकर बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें कई बार अपनी फिल्मों के सेट पर सेफ फील नहीं हुआ। हालांकि, एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें अब तक सबसे ज्यादा सेफ सलमान खान के साथ फील हुआ है।

### दीया मिर्जा ने सेट पर फीमेल सेफ्टी की बात की

दीया ने जूम के साथ इंटरव्यू में फिल्म सेट पर महिला सुरक्षा की बात करते हुए कहा- लीड एक्ट्रेस होने के फायदे के साथ-साथ कुछ नुकसान भी होते हैं। मुझे काफी समय तक सेट पर सुरक्षित महसूस नहीं हुआ था।


### शुरुआत में सेफ फील नहीं करती थीं दीया

फीमेल एक्ट्रेस की सेफ्टी को लेकर उन्होंने कहा, मैं हमेशा अपनी हेयर ड्रेसर को अपने साथ रूम शेयर करने के लिए कहती थी। क्योंकि मैं नहीं चाहती थी कि कोई भी इंसान अचानक मेरे दरवाजे पर आ जाए।

दीया ने इस बातचीत में सलमान खान के बारे में भी बात की। एक्ट्रेस ने सलमान खान के साथ फिल्म तुमको ना भूल पाएंगे में काम करने का किस्सा शेयर किया। एक्ट्रेस ने बताया कि जब वह सलमान खान के साथ काम कर रही थी तब एक्टर ने उन्हें सबसे ज्यादा सेफ फील करवाया था। वह सेट पर उनका काफी ध्यान रखा करते थे।

### सलमान के साथ सबसे ज्यादा सेफ फील करती हैं दीया

दीया ने किस्सा शेयर करते हुए कहा, मुझे याद है जब मैं सलमान के साथ काम कर रही थी। तब हम बाहर की लोकेशन में भी शूट करते थे। सलमान बहुत बड़े स्टार थे, उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग थी। जिसके कारण जब हम आउटडोर शूट पर जाते थे तो काफी भीड़ इकट्ठा हो जाती थी। उस वक्त वह मेरा काफी ध्यान रखते थे। मैं वो पल कभी नहीं भूल सकती। मुझे याद है जब सलमान को उनके लोग गाड़ी में बैठाकर ले जाया करते थे और सलमान मेरे बारे में सोचते थे। वो हमेशा इस चीज का ध्यान रखते थे कि मुझे गाड़ी में सबसे पहले बैठाया जाए। उन्होंने अपनी सेफ्टी से पहले हमेशा मेरी सेफ्टी का ध्यान रखा।



### तुमको ना भूल पाएंगे को पंकज पाराशर ने डायरेक्ट किया

फिल्म तुमको ना भूल पाएंगे 24 फरवरी 2002 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म का डायरेक्शन पंकज पाराशर ने किया था। यह भारतीय हिंदी-भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें सलमान खान, सुष्मिता सेन और दीया मिर्जा मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

बात करें दीया मिर्जा के वर्कफ्रंट की तो वह हाल ही में इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर स्टारर फिल्म नादानियां में नजर आई हैं। इस फिल्म में एक्ट्रेस इब्राहिम की मां का किरदार निभा रही हैं। इसके अलावा वह नेटफ्लिक्स की सीरीज ढ्ढष्ट 814 में भी नजर आई थीं।

जब तक शिक्षा का मतलब नौकरी पाना है, तब तक समाज में नौकर ही पैदा होंगे मालिक नहीं।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ पंचतत्व में विलीन





बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ सोमवार को आयड़ स्थित महासतियां मोक्षस्थल पर पंचतत्व में विलिन हुए। अंतिम यात्रा के दौरान ऐसा लगा मानो पूरा शहर उमड़ पड़ा हो। अंतिम यात्रा के दौरान सबसे पहले सिटी पैलेस के लगा वाहन में पूरे मार्ग में गुलाब की पंखुड़ियों की वर्ष करते हुए चल रहे थे। उसके पीछे हाथी,घुड़सवार,शोक धुन बिखेरते हुए बैण्ड चल रहे थे। अंत में श्रीजी अरविन्दसिंह मेवाड़ की पार्थिव देह को कंधा दिये राजपरिवार के सदस्य एवं पुत्र लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ चल रहे थे।

इसेस पूर्व शंभूनिवास में लक्ष्राजयिसंह मेवाड़ अपनी बहनों के गले लगकर खूब रोए। अरविन्दसिंह मेवाड़ के भतीजे एवं नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ अपने चाचा को श्रद्धांजलि देने महासतियां पंहुचे। पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी अजय जडेजा,कवि शैलेश लोढ़ा जैसी कई हस्तियां उनके अंतिम दर्शन करने पंहुची। महासतिया पंहुच कर पुत्र लक्ष्सराजसिंह मेवाड़ ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। दाह संस्कार के बाद लक्ष्यराजसिंह मिनी बस चलाकर सिटी पैलेस के लिसे रवाना हुए। गाड़ी में उनके साथ उनके ससुर और उड़ीसा के डिप्टी सीएम कनक वर्धन सिंह सहित परिवार के अन्य सदस्य बैठे नजर आए।

इससे पहले सुबह करीब साढ़े सात बजे पार्थिव देह को शंभू निवास से बाहर लाया गया और अंतिम दर्शन के लिए सिटी पैलेस चौक पर रखा गया था। लक्ष्यराज सिंह ने भी पिता की अर्थी को कंधा दिया। इस दौरान उनका बेटा हरितराज भी मौजूद रहे। सिटी पैलेस स्थित शंभू पैलेस परिसर में सुबह से ही शोक जताने वालों की कतारें लगी थीं।

पिता अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन के बाद पार्थिव शरीर को अंदित दर्शन के लिए रखा गया। इस दौरान अपनी बहनों को गले लगाकर लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ भावुक हो गए। उदयपुर के एसपी योगेश गोयल ने सिटी पैलेस पंहुच पूर्व राजपरिवार सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि दी। योगेश गोयल उदयपुर में बतौर डीएसपी भी रह चुके हैं। शिव बाड़मेर से निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी भी उदयपुर के सिटी पैलेस पहुंचे।उल्लेखनीय है कि महासतियां मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्यों का अंत्येष्टि स्थल है।

पूर्व में आयोजित राजस्थान समिट के दौरान अरविंद सिंह मेवाड़ के बेटे लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा था कि उदयपुर को इस मुकाम पर पहुंचने में काफी लोगों की मेहनत है। मेरे पिताजी ने 1980 के दशक में डेस्टिनेशन वेडिंग को लेकर एक सोच और एक नींव के साथ काम शुरू किया था। तब काफी लोगों ने उनका मजाक बनाया। उन्होंने डेस्टिनेशन वेडिंग को मजाक समझा था। आज हालात बदल गए हैं। न सिर्फ राजस्थान बल्कि, देशभर में डेस्टिनेशन वेडिंग का एक चलन शुरू हो चुका है।





उदयपुर। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, पूर्व उपमहापौर पारस सिंघवी, भाजपा आपदा राहत विभाग राजस्थान के प्रदेश संयोजक डॉ जिनेंद्र शास्त्री, काली कल्याण धाम के गादीपति डॉ हेमंत जोशी, भाजपा नेता देवीलाल सालवी सहित कई भाजपा नेता एवं शहरवासी श्रीजी हुजूर अरविंद सिंह मेवाड़ की अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

# औरंगजेब कब्र विवाद- नागपुर में पथराव-आगजनी

## वीएचपी ने औरंगजेब का पुतला फूंका, इसके बाद हिंसा; गाड़ियों में तोड़फोड़; डीसीपी समेत कई घायल

बढ़ता राजस्थान

**नागपुर ( एजेंसी )।** औरंगजेब कब्र विवाद में महाराष्ट्र के नागपुर के महाल इलाके में सोमवार शाम दो पक्षों में हिंसा हो गई। विश्व हिंदू परिषद ने औरंगजेब का पुतला फूंका था, इसके बाद हिंसा भड़क गई।

अधिकारियों ने बताया- अफवाह फैली कि प्रदर्शनकारियों ने पुतले के साथ एक धार्मिक पुस्तक जलाई है। इससे दो पक्षों में पथराव हुआ। कई गाड़ियों में तोड़फोड़ हुई। दो जेसीबी में आग लगाई गई।

पुलिस ने बवाल कर रहे लोगों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े हैं। घटना में डीसीपी, पुलिसकर्मी समेत चार लोग घायल हुए हैं। फिलहाल इलाके में शांति है। भारी पुलिस बल तैनात है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोगों से प्रशासन का पूरा सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा- हम लगातार पुलिस-प्रशासन के संपर्क में हैं। नागपुर एक शांतिपूर्ण शहर है। किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें।

नागपुर डीसीपी अर्चित चांडक ने कहा- गलतफहमी के कारण यह घटना हुई है। स्थिति कंट्रोल में है। सभी से अपील है कि बाहर न निकलें। पत्थरबाजी न करें। कुछ पुलिस कर्मी घायल हुए हैं। मेरे पैर में भी हल्की चोट आई।

### पुलिस बोली- हजारों की भीड़ आई, घरों में पत्थर फेंके गए

यह घटना चिटनिस पार्क और महल इलाके में हुई। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चिटनिस पार्क से शुक्रवारी तलाव रोड बेल्ट हिंसा से सबसे अधिक प्रभावित थी, जहां दंगाइयों ने कुछ चार पहिया वाहनों को आग के हवाले कर दिया। घरों पर भी पत्थर फेंके गए। पुलिस हजारों की संख्या में मौजूद भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश कर रही है।

### वीएचपी बजरंग दल ने की थी औरंगजेब कब्र हटाने की मांग

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर (पहले औरंगाबाद) में स्थित औरंगजेब की कब्र हटाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने महाराष्ट्र सरकार से इसे जल्द हटाने की मांग की है। विवाद के बीच कब्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



विश्व हिंदू परिषद महाराष्ट्र और गोवा के क्षेत्रीय मंत्री गोविंद शेंडे ने औरंगजेब की कब्र को गुलामी का प्रतीक बताया। उन्होंने सोमवार को कहा- औरंगजेब ने छत्रपति संभाजी महाराज को मारने से पहले 40 दिनों तक यातना दी थी। ऐसे क्रूर शासक का निशान क्यों रहना चाहिए।

उधर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक कार्यक्रम में कहा- क्रूर औरंगजेब के बर्बर विचारों का महिमामंडन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उस विचार को वहीं कुचल दिया जाएगा।

# जयपुर में बिजनेसमैन की ऑडी कार में लगाई आग

## ज्वलनशील पदार्थ में बोरी गीली कर सड़क किनारे खड़ी गाड़ी के नीचे फेंकी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। जयपुर में घर के बाहर खड़ी बिजनेसमैन की ऑडी कार में बदमाश ने आग लगा दी। ज्वलनशील पदार्थ से बोरी गीली कर आग लगाई गई। आग के कारण कार पूरी तरह कबाड़ में बदल गई। करणी विहार थाना पुलिस ने रविवार रात एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ बदमाश की तलाश कर रही है।

एसएचओ (करणी विहार) महावीर यादव ने बताया- करणी विहार इलाके में रहने वाले राजेश ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। राजेश का कार बाजार का बिजनेस है। शनिवार रात को उन्होंने अपनी ऑडी कार घर के बाहर रोड किनारे खड़ी की थी। देर रात करीब 1:30 बजे कार से आग की लपटे उठने लगी।

आग लगने का पता चलने पर बिजनेसमैन के परिवार ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर बिग्रेड की एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग की चपेट में आने से ऑडी कार पूरी तरह कबाड़ में बदल गई।

### ज्वलनशील पदार्थ से लगाई आग

करणी विहार थाने में रविवार रात पहुंचकर पीड़ित ने कार जलाने का मामला दर्ज कराया। शिकायत में बताया- तीन-चार दिन पहले उनकी किसी व्यक्ति से कहासुनी हो गई थी। पीड़ित बिजनेसमैन ने शक जाहिर किया है कि आरोपी व्यक्ति ने ही उनकी कार को जलाया है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि रात के अंधेरे में कार को जलाया गया है। कार के नीचे डाली गई बोरी को ज्वलनशील पदार्थ से गिलाकर फेंका गया था। इसके बाद बोरी में आग लगाने से पूरी कार जलकर कबाड़ में बदल गई।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# ई-मित्र से नया बिजली कनेक्शन लेना हुआ आसान

## डिस्कॉम्स ने ऑनलाइन सिस्टम किया मजबूत, अब दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश में नया बिजली कनेक्शन लेना अब पहले से आसान हो गया है। जयपुर, जोधपुर और अजमेर डिस्कॉम ने ई-मित्र एप्लीकेशन को न्यू कनेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम (एनसीएमएस) से इंटीग्रेट कर दिया है। इससे नए कनेक्शन के लिए आवेदन से लेकर इंस्पेक्शन और डिमांड नोट जारी करने तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो गई है। अब आवेदकों को डिस्कॉम कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और बिजली कनेक्शन से जुड़ी सेवाएं ज्यादा पारदर्शी और सुगम होंगी।

**पेपरलैस सिस्टम को मिलेगी मजबूती-** डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा ने बताया कि अब सब-डिविजन कार्यालयों में मैन्युअल फाइल तैयार करने की जरूरत नहीं होगी, जिससे पेपरलैस सिस्टम को मजबूती मिलेगी।

# जवाहर कला केंद्र में तीन कला प्रदर्शनियों की हुई शुरुआत

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र की कलादीर्घा में तीन विशिष्ट कला प्रदर्शनियों का शुभारंभ हुआ। इन प्रदर्शनियों का उद्घाटन भोपाल के वरिष्ठ और ख्यातिप्राप्त चित्रकार अखिलेश की ओर से किया गया।

कार्यक्रम में कला प्रेमियों, युवा कलाकारों और कला समीक्षकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने इन तीनों अनूठी प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ वैदिक चित्रकार रामू रामदेव और वरिष्ठ व्यंग्यकार नारायण बारहठ भी मौजूद रहे। पहली प्रदर्शनी में अवधेश की ओर से प्रस्तुत चित्र दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं।

# बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष की नई टीम में ज्यादातर नए चेहरे होंगे

## पुरानी टीम के आधे से ज्यादा नेता होंगे बाहर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बीजेपी के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ जल्द अपनी टीम का ऐलान करेंगे। माना जा रहा है कि अप्रैल माह में बीजेपी की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा हो जाएगी। करीब 7 महीने पहले मदन राठौड़ पहली बार पार्टी अध्यक्ष बने थे, लेकिन वे पुरानी टीम के साथ ही काम कर रहे थे। अब उनका नए सिरे से पार्टी अध्यक्ष के पद पर निर्वाचन हुआ है। अब वे अपनी टीम तैयार करेंगे। माना जा रहा है कि प्रदेशाध्यक्ष की नई टीम में अधिकतर नए चेहरे देखने को मिलेंगे। मौजूदा प्रदेश कार्यकारिणी में से 50 प्रतिशत से ज्यादा नेता बाहर होंगे। मदन राठौड़ का कार्यकाल करीब तीन साल का है। ऐसे में उनकी नई टीम भविष्य के हिसाब से तैयार होगी। जिससे आने वाले समय में पार्टी प्रदेश में अधिक मजबूत हो सके।

### क्षेत्रीय और जातिगत संतुलन के हिसाब से होगी टीम

राजस्थान में अगला विधानसभा चुनाव साल 2028 में होगा। वहीं, मदन राठौड़ का कार्यकाल फरवरी 2028 तक है। ऐसे में उनकी नई टीम में पूरे राजस्थान का प्रतिनिधित्व देखने को मिलेगा। इसमें क्षेत्रीय और जातिगत संतुलन का भी ध्यान रखा जाएगा। मदन राठौड़ जिस टीम का ऐलान करेंगे, उसके अधिकतर सदस्य आने वाले विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ऐसे में जहां पार्टी मजबूत है, वहां किस तरह से पार्टी की पकड़ और मजबूत हो। वहीं, जहां पार्टी कमजोर है, वहां किस तरह से पार्टी को मजबूती मिले। इसे ध्यान में रखते हुए राठौड़ नई टीम का ऐलान कर सकते हैं।



### मौजूदा टीम से ये नेता हो सकते हैं बाहर

प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की नई टीम में मौजूदा कई नेताओं को जगह मिलने की उम्मीद कम है। इन नेताओं में प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गरासिया, सीआर चौधरी, नारायण पंचारिया, मुकेश दाधीच, नाहर सिंह जोधा और प्रदेश महामंत्रियों में दामोदर अग्रवाल, ओमप्रकाश भड़ाना, श्रवण सिंह बगड़ी व संतोष अहलावत बाहर हो सकती हैं। चुन्नीलाल गरासिया को पार्टी ने राज्यसभा भेजा है। वहीं, सीआर चौधरी को प्रदेश सरकार ने किसान आयोग का अध्यक्ष बना दिया। ऐसे में इन दोनों नेताओं की जगह नए चेहरों को मौका मिलना तय माना जा रहा है। दामोदर अग्रवाल भीलवाड़ा से सांसद बने हैं। ओमप्रकाश भड़ाना को देवनारायण बोर्ड का अध्यक्ष बनाया जा चुका है। ऐसे में प्रदेश कार्यकारिणी में इन नेताओं को नए नेताओं से रिप्लेस किया जा सकता है। इसके साथ ही संगठन चुनाव के संयोजक रहे नारायण पंचारिया को पार्टी नई जिम्मेदारी दे सकती है। वहीं, मुकेश दाधीच, श्रवण सिंह बगड़ी को बोर्ड या आयोग में जगह मिल सकती है। वहीं, 13 प्रदेश मंत्रियों में से भी अधिकतर नेता नई कार्यकारिणी से बाहर होंगे। प्रदेश मंत्रियों में पार्टी युवा और नए चेहरों को मौका दे सकती है।